रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपक्षीय पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज

रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com

वर्ष-02 | अंक-61 | कोलकाता, शनिवार 27 अप्रैल 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12

मूल्य 3 रु.



नोटा को मिलें सबसे ज्यादा वोट तो दोबारा हो चुनाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव में ईवीएम से वोटिंग के बाद हर वीवीपैट का मिलान करने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस बीच एक और याचिका सुप्रीम अदालत में पहुंची है, जिसमें मांग की गई है कि यदि किसी सीट पर सबसे ज्यादा वोट नोटा के हों तो दोबारा इलेक्शन कराया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, यह बात चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी है। ऐसे में हम देखते हैं कि चुनाव आयोग क्या जवाब देता है। यह टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने आयोग को नोटिस जारी किया है और जवाब मांगा है। यह जनहित याचिका मोटिवेशनल स्पीकर और लेखक शिव खेड़ा की ओर से दाखिल की गई है। खेड़ा की ओर से पेश अर्जी पर बहस करते हुए वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि यह एक अहम मसला है, जिस पर विचार करना जरूरी है। उन्होंने सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा कैंडीडेट के निर्विरोध जीतने का

- **उम्मीदवारों पर लगे बैन, सुप्रीम कोर्ट में दायर हुई नई अर्जी**

उदाहरण देते हुए कहा कि वहां वह मैदान में अकेले ही बचे थे। वकील ने कहा कि हमने देखा कि सूरत में कोई कैंडिडेट ही नहीं बचा। सारे वोट एक ही उम्मीदवार को जाने थे।

इस अर्जी में कहा गया कि चुनाव आयोग को नोटा को भी एक चुनावी उम्मीदवार घोषित करना चाहिए। इसके अलावा यदि चुनाव में सबसे ज्यादा वोट नोटा को मिल जाएं तो फिर चुनाव दोबारा कराए जाने चाहिए। अर्जी में कहा गया कि लोकसभा, विधानसभा और निकायों समेत सभी चुनावों में नोटा को 2013 से लागू किया गया था। तब से अब तक दो बार मांग की जा चुकी है कि नोटा को एक काल्पनिक कैंडीडेट घोषित किया जाए। अर्जी में कहा गया कि महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और पुदुचेरी समेत कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में नोटा को लेकर यह नियम लागू किया गया है। इन चारों जगह पर यह नियम है कि यदि किसी चुनाव में नोटा के वोट सबसे ज्यादा रहते हैं तो दोबारा इलेक्शन कराया जाए।

संक्षिप्त समाचार

गहलोत बोले-किसी विधायक-सांसद के फोन टैप नहीं हुए

- पीएम झूठ बोलते हैं; हमारे बारे में अमेरिका-जर्मनी तक बोल रहे- क्या तमाशा हो रहा

जयपुर/जोधपुर (एजेंसी)। पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा के आरोपों के बाद राजस्थान में फोन टैपिंग को लेकर सियासत फिर तेज हो गई है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने फोन टैपिंग के आरोपों को सिरे से खारिज किया। साथ ही, उन्होंने पीएम मोदी और बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा- पीएम झूठ बोलते हैं। गहलोत ने राजस्थान में दो डिजिट में

कांग्रेस की सीटें आने का दावा किया है। शुक्रवार को जोधपुर के एक होटल में गहलोत ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा- फोन टैपिंग का कोई मुद्दा नहीं है। जो कहा गया उसका मैं जवाब देना नहीं चाहता हूं। इतना ही कहना चाहता हूं, राजस्थान में किसी पार्टी की सरकार हो। कभी भी एमएलए और एमपी के टेलीफोन टैप नहीं होते। एक लाइन में समझ जाइए। राजस्थान में जहां तक मैं जानकारी रखता हूं, किसी भी एमएलए एमपी के कभी भी टेलीफोन टैप नहीं हुए होंगे, ना होते हैं। बीजेपी भी नहीं करती होगी, क्योंकि अधिकारी भी तो कानून से चलते हैं।

दिल्ली मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव टला

- प्रिसाइडिंग ऑफीसर तय नहीं हो पाया, सियासत हो गई तेज

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव शुक्रवार को होना था, लेकिन प्रसाइडिंग ऑफीसर यानी पीठासीन अधिकारी तय न हो पाने के कारण इसे टाल दिया गया है। नगर निगम के सेक्रेटरी ने एक नोटिस जारी कर बताया कि दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट, 1957 के सेक्शन 77(डी) के तहत पीठासीन अधिकारी का नॉमिनेशन जरूरी है। इसलिए आज मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव संभव नहीं है। आम आदमी पार्टी ने गुरुवार

शाम को ही आरोप लगाया था कि दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर के ऑफिस ने मेयर चुनाव को कैंसिल करवा दिया है। एमसीडी में आम आदमी पार्टी के इंचार्ज दुर्गेश पाठक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि चुनाव आयोग की तरफ से इजाजत मिलने के बाद भी भाजपा ने चुनाव रद्द करवा दिया है। दुर्गेश पाठक ने आगे कहा कि लेफ्टिनेंट गवर्नर ने ये कहकर चुनाव रद्द कराए हैं कि वे दिल्ली के मुख्यमंत्री की सलाह पर काम करते हैं, लेकिन इससे पहले ऐसे कई मामले हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने की ईवीएम-वीवीपैट के 100 फीसदी मिलान की मांग खारिज

एससी का आदेश, ईवीएम पर ही करना होगा 'विश्वास'

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर से चुनाव कराने और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट स्लिप की 100 फीसदी क्रॉस-चेकिंग कराने से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दीं। लेकिन एक बड़ा फैसला भी दिया। कोर्ट ने ईवीएम के इस्तेमाल के 42 साल के इतिहास में पहली बार जांच का रास्ता खोल दिया। सुनवाई शुक्रवार को हुई और बेंच जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की थी। दोनों ने एकमत से फैसला सुनाया। इस केस में 3 पक्ष शामिल थे। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म यानी याचिकाकर्ता, चुनाव आयोग, सरकार और अफसर। केस चुनाव और मतदान से जुड़ा है तो राजनीतिक पार्टियां और आम जनता भी जुड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का

बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडीडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।

- **बैलेट पेपर से चुनाव नहीं, पर कैंडीडेट की शिकायत पर ईवीएम की जांच होगी**

प्रधानमंत्री बोले-यह फैसला विपक्ष के मुंह पर तमाचा

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के अररिया में चुनावी सभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला विपक्ष के मुंह पर करारा तमाचा है। विपक्ष को देश से माफी मांगनी चाहिए। इन्होंने बैलेट पेपर लूटकर राज किया। ये ईवीएम हटाना चाहते हैं, इनके सपने चूर-चूर हो गए। चुनाव आयोग के अधिकारी ने फैसले के बाद कहा कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालतें 40 बार खारिज कर चुकी हैं। अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के बयान का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने फिर की मंगलसूत्र और विरासत टैक्स की बात

- **कहा-इंडिया गठबंधन आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करेगा और अपने वोट बैंक में बांट देगा**

कोलकाता (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। पीएम ने कहा कि इंडिया गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है। कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाए हैं। वे पूरे देश में एक्स-रे करेंगे। कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी, जमीन कब्जा करने का है। उसका एक हिस्सा ये लोग अपने वोट बैंक को दे देंगे। ये कांग्रेस ने घोषणा की है, लेकिन टीएमसी वाले उसके खिलाफ नहीं बोलते। पीएम ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस में तुष्टीकरण का कॉम्पटिशन चल रहा है।

टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोटबैंक में बांटने की बात कर रही है। इनके राज में बंगाल में केवल हजारों करोड़ों के स्कैम चलते हैं।

केरल-बंगाल में बंपर वोटिंग महाराष्ट्र और बिहार में 'सुस्ती'

- **देश के 13 राज्यों की 88 सीटों पर ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत**

नई दिल्ली (एजेंसी)। 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे

ज्यादा करीब 76.06 फीसदी वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश में सबसे कम 53 फीसदी के आसपास मतदान हुआ। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही थीं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग संपन्न हो गई है। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हो गई है। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी। 2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गई थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं।

अमेरिका ने भारत की तीन कंपनियों पर लगाई पाबंदी

- **ईरान के साथ डील करने पर लिया ऐक्शन, जताई नाराजगी**

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका ने एक दर्जन से ज्यादा ऐसी कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी हैं, जिन्होंने ईरान के साथ कारोबार किया था। इनमें भारत की भी तीन कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों पर आरोप है कि ईरान की ओर से यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को ड्रोन भेजे गए थे और इस डील में इनकी ओर से मदद की गई थी। अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि हमने जांच में पाया है कि इन कंपनियों ने ईरान के साथ रूस की डील में मदद की थी। अमेरिकी विभाग के अनुसार इस डील में मुख्य कंपनी सहारा थंडर थी, जिसने ईरान के ड्रोन्स को दूसरे देशों में बेचने में मदद की। सहारा थंडर को इस डील में मदद करने का आरोप भारत की तीन कंपनियों जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर लगा है।

तेलंगाना में इंटर स्कूल का रिजल्ट आते ही छाया मातम

कुछ घंटों में ही सात बच्चों ने कर ली आत्महत्या, परिजन परेशान

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना में इंटरमीडिएट के नतीजे घोषित हुए कुछ घंटे ही हुए और अलग-अलग हिस्सों से 7 बच्चों की मौत की खबर है। इन सभी ने कथित तौर पर आत्महत्या की है। पुलिस का कहना है कि जान गंवाने वाले बच्चों की उम्र 17 वर्ष से कम है। खास बात है कि साल 2019 में इंटरमीडिएट नतीजे घोषित होने के बाद कम से कम 22 छात्रों ने खुदकुशी कर ली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, तेलंगाना स्टेट बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन के नतीजे घोषित होने के 30 घंटों के अंदर कम से कम 7 छात्रों ने कथित तौर पर आत्म हत्या कर ली। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटनाओं की जानकारी पूरे राज्य से मिल रही है। पहली घटना मंछेरियल जिले के तंदूर से थी, जहां 16 साल के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय पुलिस का कहना है कि वह फर्स्ट ईयर में चार विषयों में फेल हो गया था। उसने घर में फांसी लगा ली थी। अन्य घटनाओं में जान गंवाने वाली सभी लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 16-17 साल थी। ये सभी एक या एक से ज्यादा परीक्षाओं में फेल हो गई थीं। खबर है कि ये लड़कियां राजेंद्रनगर, खम्मम, महबूबाबाद और

कोल्लूर से आती थीं। खास बातहै कि यह दुखद खबर ऐसे समय पर आई है, जब जेईई मेन एग्जाम में अच्छे नंबर हासिल करने वाले बड़ी संख्या में तेलंगाना से हैं। पूरे देश में 100 पर्सेंटाइल लाने वाले 56 उम्मीदवारों में से 15 तेलंगाना से थे। बीते तीन सालों से तेलंगाना से बड़ी संख्या में टॉपर्स निकल रहे हैं।

फ्रांस के जरिए विजय माल्या को वापस लाने की तैयारी

- दावा-भारत ने बेशर्त प्रत्यर्पण मांगा; माल्या की फ्रांस में भी 313 करोड़ की संपत्ति

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बना शर्त माल्या को प्रत्यर्पित करने की मांग की है। रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए जाकी अगर

माल्या ब्रिटेन छोड़कर दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत 15 अप्रैल को काउंटर-टेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है।

मिशन पंजाब

15 दिन में 40 प्रदर्शन, उम्मीदवारों को गांवों में जाने से तक रोका

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रचार करने में मुश्किलें पेश आ रही हैं। खासतौर से ग्रामीण हिस्सों में, जहां विभिन्न किसान संगठनों ने राज्य में केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों को आने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। बीजेपी अब तक पंजाब की 13 सीटों में से 9 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। मालूम हो कि यहां कि सभी सीटों पर सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। अगर बीते 15 दिनों की बात करें तो यहां भाजपा उम्मीदवारों को विभिन्न किसान समूहों के करीब 40 विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने न केवल बीजेपी विरोधी नारे लगाए और काले झंडे दिखाए, बल्कि कई मौकों पर उनके साथ धक्का-मुक्की भी हुई। संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा उम्मीदवारों को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार करने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। पंजाब पुलिस की

पंजाब में मुश्किल में फंसी बीजेपी, किसानों से पार पाना नहीं है आसान

खुफिया शाखा के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा 15 विरोध प्रदर्शन फरीदकोट निर्वाचन क्षेत्र में हुए हैं। यहां से भाजपा ने हंसराज हंस को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने 4 अप्रैल को अपना प्रचार अभियान शुरू किया। इसके बाद से गायक-राजनेता को लगभग हर दिन किसान संघों के विरोध का सामना करना पड़ा है। पिछले बुधवार को अरैनवाला गांव में उत्तर पश्चिम दिल्ली के निवर्तमान सांसद हंसराज को किसानों ने रैली स्थल तक पहुंचने से रोक दिया। ऐसी स्थिति में एक एसपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में बड़ी पुलिस इकाई को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान 25 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

जम्मू-कश्मीर में रामबन-गूल मार्ग धंसा, 24 घरों में दरारें आईं

- 60 हजार लोगों का मुख्य शहर से संपर्क टूटा, बिजली सप्लाई भी ठप

रामबन (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में गुरुवार को 5 किलोमीटर लंबे रामबन-गूल मार्ग पर सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। इसके चलते पेरनोट इलाके में मौजूद 24 घरों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। घरों की दीवारें और फर्श दरक गए। घटना के कारण इलाके में बिजली सप्लाई ठप हो गई और 60 हजार से ज्यादा रहवासियों का मुख्य शहर से संपर्क टूट गया है। मकानों में दरारें आने के बाद 23 घरों के लोगों का रेस्क्यू किया गया और सभी को सुरक्षित स्थान पर ठहराया गया है। रामबन के डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने कहा कि बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। रामबन-गूल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने कहा है कि पेरनोट में मेडिकल हेल्प के लिए एंबुलेंस तैनात की गई है, जिससे परेशानी होने पर लोगों को तत्काल इलाज मिल सके। वहीं, सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। कई वाहन फंसे हुए हैं।

कोलकाता में गर्मी से उत्पन्न संकट प्रतिदिन 200 टैंकर ,पैकेज्ड पानी पर निर्भर व्यक्ति

कोलकाता,एजेन्सी। कोलकाता के कई हिस्से, विशेष रूप से दक्षिण में, अब लंबे समय तक गर्मी से उत्पन्न संकट से निपटने के लिए टैंकरों और पैकेज्ड पानी पर निर्भर हैं। टॉलीगंज, जादवपुर, बाघाजतिन और प्रिंस अनवर शाह कनेक्टर के इलाकों जैसे क्षेत्रों में, केएमसी कमी को पूरा करने के लिए प्रतिदिन 450 लीटर क्षमता वाले 200 से अधिक टैंकर भेज रहा है। भूजल पर निर्भर टॉलीगंज-जादवपुर बेल्ट और ईएम बाईपास इलाकों में पानी की मांग बढ़ रही है। बेहाला के कुछ इलाकों के निवासियों ने भी पानी की कमी की शिकायत करना शुरू कर दिया है। केएमसी जल आपूर्ति विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, लगभग 60 टैंकर बेहाला के सूखे इलाकों में भेजे जा रहे हैं। हीटवेव को ध्यान में रखते हुए, जिसके कारण भूजल में कमी आई है, हम टॉलीगंज-जादवपुर बेल्ट के हिस्सों के लिए टैंकरों का एक बेड़ा तैयार रख रहे हैं, जिन्हें ट्यूबवेल जोन के रूप में जाना जाता है। अगर जरूरत पड़ी तो हम बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी दैनिक जल आपूर्ति बढ़ाएंगे।

इन क्षेत्रों के निवासी पानी के उपयोग में कटौती कर रहे हैं ताकि इसका उपयोग आवश्यक घरेलू कार्यों के लिए किया जा सके। वर्तमान में, प्राथमिकता पीने, कपड़े धोने और पौधों को पानी देने के लिए पानी बचाना है। हम बर्तन धोने के लिए कम पानी का

उपयोग कर रहे हैं और घर की गहरी सफाई को स्थगित कर रहे हैं, बाघाजतीन की निवासी सयानी भट्टाचार्जी ने कहा। पैकेज्ड पानी की मांग भी दिन पर दिन बढ़ रही है। शहर के कई बाज़ार भी इसका सामना कर रहे हैं जल संकट और पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा। यहां तक कि केंद्रीय व्यापार जिले में, बाजार समितियां, खुदरा विक्रेता और यहां तक कि विभिन्न कार्यालय भी हर दिन वितरकों द्वारा वितरित पानी के जार पर निर्भर हैं।

मौसम के कारण पानी की मांग बढ़ गई है। मदन स्ट्रीट डीलर्स एंड सेलर्स एसोसिएशन के एक समिति सदस्य अमीर खान ने कहा, हम कमी को पूरा करने के लिए हर दूसरे दिन एक पानी टैंकर का ऑर्डर दे रहे हैं। मध्य कोलकाता में पैकेज्ड पानी के आपूर्तिकर्ताओं ने कहा कि मांग चार गुना बढ़ गई है और वे मांग को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। केवल दुकानें और बाज़ार ही नहीं, हमें घरों से भी कॉल आ रहे हैं क्योंकि मांग के अनुरूप आपूर्ति पर्याप्त नहीं है। पहले, हमें 20 लीटर के 150 से 175 पेट जार के लिए दैनिक ऑर्डर मिलते थे, लेकिन पिछले दो हफ्तों से, हम एक दिन में 700 से अधिक जार वितरित कर रहे हैं, चांदनी चौक में पैकेज्ड ड्रिंक के वितरक विनोद सिंह ने कहा। . पानी की कमी और लू की भविष्यवाणी के कारण हैदराबाद के पानी टैंकर की मांग बढ़ गई है। शहरी फैलाव और गिरते जल स्तर ने संकट को और बढ़ा दिया है। आईटी कॉरिडोर को बढ़ी सप्लाई गिरते भूजल स्तर के बीच निजी टैंकर शुल्क में वृद्धि।

पीएम मोदी ने बेंगलुरु के जल संकट को कुप्रबंधित करने, इसे माफिया द्वारा नियंत्रित टैंकर शहर में बदलने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने पानी की गंभीर कमी, राशनिंग, जुर्माने पर प्रकाश डाला और विकास पर अपने फोकस की तुलना विपक्ष के उन पर फोकस से की। नागार्जुनसागर में 7 वर्षों के बाद आपातकालीन पंपिंग शुरू की गई, जिससे प्रतिदिन 270 मिलियन गैलन की खपत होती है। मासिक रूप से 1.3 टीएमसी पानी छोड़ा गया। गोदावरी जल के लिए चल रहा काम। भारी मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति में वृद्धि, निर्बाध पानी उपलब्ध कराना।

लोकसभा चुनाव 2024: पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने दार्जिलिंग में वोट डाला

दार्जिलिंग/कोलकाता,एजेन्सी। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने शुक्रवार को दार्जिलिंग के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद श्रृंगला ने वहां पोलिंग बूथ पर अपनी स्याही लगी उंगली दिखाई. दार्जिलिंग 2009 से भाजपा का गढ़ रहा है, तृणमूल कांग्रेस कभी भी राज्य में प्रमुख विपक्षी दल से सीट छीनने में कामयाब नहीं हुई। 2019 के लोकसभा चुनावों में, सांसद राजू बिस्ता ने टीएमसी के अमर सिंह राय के खिलाफ कुल वोटों में से 59.2 प्रतिशत के साथ निर्वाचन क्षेत्र जीता , जिन्हें मात्र 26.6 प्रतिशत वोट मिले । 2014 में, बीजेपी के एसएस अहलूवालिया, जो इस साल आसनसोल से मैदान में हैं, ने 42.8 फीसदी वोट हासिल किए थे , जबकि पूर्व फुटबॉलर और टीएमसी के स्टार उम्मीदवार भाईचुंग भूटिया ने 25.5 फीसदी वोट हासिल किए थे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज दार्जिलिंग के अलावा बालुरघाट और रायगंज में भी मतदान हो रहा है. पश्चिम बंगाल की शेष सीटों के लिए मतदान 4 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे। लोकसभा चुनाव 1 जून तक सात चरणों में हो रहे हैं और वोटों की गिनती 4 जून को होगी। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष और 7.8 करोड़ महिला मतदाता हैं जो उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। दूसरे चरण के मतदान में 5,929 तीसरे लिंग के मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया, सात चरणों वाले लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 102 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था। चुनाव आयोग के अनुसार, 62 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया । तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होगा।

पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में भाजपा कार्यकर्ता मृत पाया गया

कोलकाता,एजेन्सी। पुलिस ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार को एक 18 वर्षीय भाजपा कार्यकर्ता मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि दीनबंधु मिद्दया का शव जिले के मयना क्षेत्र के गोरामहल गांव में एक पान के पत्ते के खेत में पाया गया। मिद्या के परिवार ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेताओं ने उनका अपहरण किया और हत्या कर दी, इस आरोप को राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने खारिज कर दिया। उनकी मां हेनारानी मिद्दया ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया, मेरा बेटा बुधवार से लापता था। हमें टीएमसी के कुछ सदस्यों द्वारा काफी समय से धमकी दी जा रही थी। मुझे यकीन है कि मेरे बेटे की उन लोगों ने हत्या कर दी है। पुलिस ने कहा कि गुमशुदगी की शिकायत मिलने के बाद, उन्होंने मिद्दया की तलाश शुरू की और उसके मोबाइल टावर लोकेशन की मदद से उन्हें शव मिला। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोप को खारिज करते हुए टीएमसी विधायक नसीरुद्दीन अहमद ने पीटीआई से कहा, बीजेपी की प्रवृत्ति हर चीज के लिए टीएमसी को दोषी ठहराने की है। मौत का कारण जानने से पहले ही वे हमें दोषी ठहरा रहे हैं। यह हास्यास्पद है।

लोकसभा चुनावः अली के पास रायगंज में लड़ने के लिए एक और अली

कोलकाता,एजेन्सी। कांग्रेस उम्मीदवार इमरान अली रमज़ के प्रतिद्वंद्वी इमरान अली हैं जिन्होंने निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल किया है। अपने अभियान के दौरान, मैंने पाया कि सूची में एक स्वतंत्र उम्मीदवार इमरान अली हैं। मुझे संदेह है कि यह मेरे वोटों में सेंध लगाने के लिए भाजपा की एक चाल है। मुझे आशंका है कि मतदाताओं का एक वर्ग मुझे वोट देने के बजाय जल्दबाजी में उनके लिए वोट करेगा, वाम मोर्चा द्वारा समर्थित रैम्ज़ ने कहा।

हालाँकि रमज़ का नाम ईवीएम पर उम्मीदवारों के पैनल में ऊपर होगा क्योंकि वह एक राष्ट्रीय पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं, उत्तरी दिनाजपुर जिले में कांग्रेस नेतृत्व कोई भी मौका लेने के लिए तैयार नहीं था।

जैसे ही हमें पता चला कि एक और उम्मीदवार इमरान अली हैं, हमने मतदाताओं से कहना शुरू कर दिया कि उन्हें विक्टर का पूरा नाम पढ़ना चाहिए (जैसा कि रम्ज़ लोकप्रिय रूप से जाना जाता है) और प्रतीक की जांच करें। उन्हें जल्दबाजी में मतदान नहीं करना चाहिए, रायगंज में एक कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा। कांग्रेस उम्मीदवार के लिए प्रचार करने वाले वामपंथी नेता भी उतने ही आशंकित हैं। एक स्वतंत्र उम्मीदवार को मैदान में उतारना एक आम रणनीति है, जिसका नाम किसी प्रमुख राजनीतिक दल के उम्मीदवार के वोटों को काटने के लिए उसके समान नाम हो। ऐसा लगता है कि बीजेपी ने इसे अपना लिया है. हमने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को आगाह किया है कि वे चुनाव चिह्न की जांच करें और फिर बटन दबाएं, सीपीएम के एक नेता ने कहा.

तुष्टिकरण, वोट बैंक के लिए प्रतिस्पर्धाः पीएम मोदी ने मालदा में टीएमसी, कांग्रेस पर हमला बोला

कोलकाता,एजेन्सी। विकास पर ब्रेक लगाने के लिए राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और पूर्ववर्ती वाम मोर्चा सरकार पर हमला बोलते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने महानता, वैश्विक को बर्बाद कर दिया। उनके शासन में बंगाल की छवि और गरिमा। सत्तारूढ़ टीएमसी पर चाकू घुमाते हुए, जो कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में राज्य में 25,753 से अधिक भर्तियों को रद्द करने के बाद शिक्षण पदों पर नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं को लेकर फिर से सुर्खियों में है, पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में केवल घोटाले पनप रहे थे। ममता सरकार.

बहुसंख्यक मुस्लिम मतदाताओं वाले मालदा जिले में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा, एक समय था जब बंगाल देश के विकास और प्रगति का इंजन था। चाहे वह सामाजिक सुधार हो, वैज्ञानिक प्रगति हो, साथ ही दार्शनिक और आध्यात्मिक चिंतन और जागृति के लिए बंगाल ने नेतृत्व किया, लेकिन वाम मोर्चा और वर्तमान टीएमसी शासन ने वैश्विक मंच पर बंगाल की महानता को छीन लिया और दुनिया की नजरों में इसकी गरिमा और प्रतिष्ठा को कम कर दिया, केवल हजारों करोड़ रुपये के घोटाले पनप रहे हैं बंगाल में टीएमसी शासन के तहत।

2016 स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) पैनल द्वारा की गई शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च आदेश पर, पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने बंगाल के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।फैसले पर टीएमसी पर निशाना साधते हुए, जिसे उसने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, उन्होंने कहा, बंगाल में बिना पैसे के एक ईंट भी नहीं रखी जाती। भ्रष्टाचार राज्य का पर्याय बन गया है। उन्होंने (टीएमसी) किसानों को भी नहीं बख्शा। उन्होंने राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया और अब 26,000 परिवारों को बेरोजगार कर दिया है, वे इन नौकरियों के बदले टीएमसी को भुगतान करने के लिए लिए गए अवैतनिक ऋण का बोझ झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ टीएमसी और कांग्रेस, जो इंडिया ब्लॉक में भागीदार हैं, लेकिन राज्य में अलग-अलग लोकसभा लड़ रहे हैं, अपनी तुष्टिकरण की राजनीति में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस आपकी संपत्तियों को हड़पना चाहती है और टीएमसी ने इसके खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला है। वे तुष्टिकरण के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और एक निश्चित समुदाय या वोट बैंक को जीतने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि टीएमसी सरकार ने स्थायी अनुदान देने के लिए काम किया है पीएम मोदी ने कहा, बांग्लादेश से घुसपैठियों को निवास देने के बाद, कांग्रेस आपकी संपत्ति को एक निश्चित वोट बैंक के बीच पुनर्वितरित करने की बात कर रही है।

बीजेपी ने टीएमसी पर पूर्वी मेदिनीपुर में अपने कार्यकर्ता की हत्या का लगाया आरोप

कोलकाता,एजेन्सी। भाजपा ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पुरबा मेदिनीपुर जिले में अपने एक कार्यकर्ता की बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगाया। भाजपा के अनुसार, पार्टी कार्यकर्ता, जिसकी पहचान 18 वर्षीय दीनबंधु मिद्या के रूप में हुई है, बुधवार से लापता था और गुरुवार रात को उसके शरीर पर चोट के निशान के साथ लटका हुआ पाया गया। टीएमसी एक तालिबानी (टी) पार्टी है जिसका मकसद क्रूर तरीके से (एम) की हत्या करना है। दीनबंधु (धनंजय) मिद्या, 18 साल का है। उसके पिता, सुदर्शन मिद्या, गोरामहल गांव में एक सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता हैं। बुधवार से वह लापता है। उसे कल रात (गुरुवार) फांसी पर लटका हुआ पाया गया। उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। जिस अवस्था में शव मिला है, उसके शरीर के कुछ हिस्से जमीन को छू रहे हैं। भाजपा की बंगाल इकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा। बीजेपी सांसद लॉकेट चटर्जी ने भी दीनबंधु मिद्या की हत्या की निंदा की और टीएमसी के गुंडों पर अपराध करने का आरोप लगाया. चटर्जी ने यह भी कहा कि क्रूरता के साथ विपक्षी आवाजों को चुप कराने की टीएमसी की तालिबान की रणनीति का पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए। चटर्जी ने एक पोस्ट में कहा, टीएमसी के गुंडों द्वारा एक समर्पित भाजपा कार्यकर्ता सुदर्शन मिद्या के बेटे दीनबंधु मिद्या की बर्बर हत्या कायरतापूर्ण कृत्य है! क्रूरता के साथ विपक्षी आवाजों को चुप कराने की टीएमसी की तालिबानी रणनीति का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

कोलकाता में गर्मी लहर की शुरुआत,ओपीडी में आने वालों की संख्या में भारी गिरावट

कोलकाता,एजेन्सी। अगर कोलकाता के अधिकांश प्रमुख स्कूलों ने गर्मी की लहर के बीच भी ऑफ़लाइन शिक्षा के गुणों को फिर से खोजा है, तो अस्पताल विपरीत दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उनमें से कई ने ऑनलाइन परामर्श शुरू किया है, जिसकी शुरुआत महामारी के दौरान हुई थी, ताकि मरीजों को भीषण गर्मी में अपने घरों से बाहर न निकलना पड़े। यह कदम कोलकाता में गर्मी की लहर की शुरुआत के बाद से ओपीडी में आने वालों की संख्या में भारी गिरावट के बाद उठाया गया है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ, बड़ी संख्या में मरीज़, विशेष रूप से बुजुर्ग लोग, गर्मी से बचने के लिए आभासी परामर्श ले रहे हैं। उदाहरण के लिए, नारायण हेल्थ ने अपने नारायण हेल्थ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन परामर्श को पुनर्जीवित किया है। नारायण हेल्थ के सीओओ आर वेंकटेश ने कहा, हमने अपनी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को पूरा करने के लिए ओपीडी घंटे भी बढ़ा दिए हैं, जिससे मरीजों को हमारी इकाइयों में समय पर

चिकित्सा ध्यान प्राप्त करने के लिए लचीले विकल्प उपलब्ध हो रहे हैं। चार नारायण इकाइयों में ओपीडी का समय रात 8 बजे तक बढ़ा दिया गया है। वेंकटेश ने कहा, यह पहल पिछले कुछ हफ्तों में 3त्न -4त्न की कमी के साथ, हाल ही में फुटफॉल में उतार-चढ़ाव के जवाब में आई है।

बीपी पोद्दार अस्पताल में, कोविड के बाद ऑनलाइन परामर्श बंद नहीं किया गया था, लेकिन इसमें तेजी से गिरावट आई थी। पिछले एक हफ्ते में इनमें करीब चार गुना बढ़ोतरी हुई है. हम एक दिन में 30-35 ऑनलाइन परामर्श करते थे। लेकिन पिछले 10 दिनों से, औसत संख्या लगभग 135-145 रही है। जब कोई मरीज ओपीडी अपॉइंटमेंट मांग रहा है, तो हम सूचित कर रहे हैं कि ऑनलाइन परामर्श उपलब्ध है। कुछ हैं समूह सलाहकार सुप्रियो चक्रवर्ती ने कहा, इसका लाभ उठा रहे हैं और जो मरीज इस सुविधा के बारे में जानते हैं वे अधिक बार विकल्प चुन रहे हैं। हम 7 किमी की दूरी तक उनके स्थानों पर दवाएं भी भेज रहे हैं। एएमआरआई अस्पतालों की तीन इकाइयों में पिछले कुछ दिनों में ऑनलाइन परामर्श में 7त्न -10त्न की वृद्धि देखी गई है। एएमआरआई के एक प्रतिनिधि ने कहा, हम बुजुर्गों के लिए ऑनलाइन परामर्श देते हैं और अब अधिक लोग उन्हें चुन रहे हैं। लेकिन हमारी ओपीडी में आने वालों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट नहीं आई है। हालांकि, अधिकांश मरीज दोपहर की गर्मी से बचने के लिए सुबह 9 बजे से दोपहर के बीच अपॉइंटमेंट मांग रहे हैं।

रूबी जनरल हॉस्पिटल ने अपनी ऑनलाइन परामर्श इकाइयों को बढ़ाकर चार कर दिया है। इन्हें कोविड के दौरान स्थापित किया गया था और लगभग दो वर्षों से इनका उपयोग शायद ही कभी किया गया हो। इसके अनुवर्ती ओपीडी रोगियों में से लगभग 30त्न-35त्न ने ऑनलाइन परामर्श लेना शुरू कर दिया है। रूबी के महाप्रबंधक, परिचालन, सुभाशीष दत्ता ने कहा, हालाँकि, पहली बार परामर्श अभी भी ऑनलाइन नहीं हुआ है। लेकिन हमने हमेशा ऑनलाइन फॉलो-अप को प्रोत्साहित किया है और गर्मी के कारण अब इसमें तेजी आई है। चानॉक अस्पताल ने अस्पताल आने में कठिनाइयों का सामना करने वाले अपने ओपीडी रोगियों के लिए ऑनलाइन परामर्श शुरू किया है। हमने दोपहर के दौरान ओपीडी में आने वालों की संख्या में लगभग 10त्न की गिरावट देखी है। शाम के घंटों के दौरान मरीजों की यात्राओं में मामूली वृद्धि हुई है। ओपीडी सेवाएं वर्तमान में गर्मी से संबंधित समस्याओं वाले व्यक्तियों के लिए नियुक्तियों को प्राथमिकता दे रही हैं, प्रावधान पर जोर दिया जा रहा है शीघ्र चिकित्सा देखभाल के बारे में, चानॉक के एमडी प्रशांत शर्मा ने कहा। मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल उन कुछ अस्पतालों में से एक है, जिसने कोविड के बाद ऑनलाइन परामर्श बंद नहीं किया। संयुक्त प्रबंध निदेशक अयनाभ देबगुप्ता ने कहा, संख्या वही बनी हुई है।

मालदा में रोड शो करने के बाद पीएम मोदी ने कहा- विद्युतीकरण, यही एकमात्र शब्द है

मालदा/कोलकाता,एजेन्सी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा में एक रोड शो किया और इसमें भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में आने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रधान मंत्री ने कहा कि यह एक विद्युतीकरण अनुभव था क्योंकि लोग उच्च तापमान का सामना करते हुए उनके रोड शो में शामिल होने के लिए आए थे । विद्युतीय! यह एकमात्र शब्द है जो पूरे मालदा के माहौल का वर्णन कर सकता है। चिलचिलाती गर्मी हमें आशीर्वाद देने आए समर्थन के सागर को रोकने में असमर्थ थी। मैं इस स्नेह के लिए लोगों को धन्यवाद देता हूं और उन्हें आश्वासन देता हूं कि हम हमेशा उनके कल्याण के लिए काम करेंगे , पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया। विकास पर ब्रेक लगाने के लिए राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और पूर्ववर्ती वाम मोर्चा सरकार पर हमला बोलते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने शासन में बंगाल

की महानता, वैश्विक छवि और गरिमा को बर्बाद कर दिया है।

मालदा जिले में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा, एक समय था जब बंगाल देश के विकास और प्रगति का इंजन था। चाहे वह सामाजिक सुधार हो, वैज्ञानिक प्रगति हो, साथ ही दार्शनिक और आध्यात्मिक सोच और जागृति हो, बंगाल ने नेतृत्व किया। हालाँकि, वाम मोर्चा और वर्तमान टीएमसी शासन ने वैश्विक मंच पर बंगाल की महानता को छीन लिया और दुनिया की नज़रों में इसकी गरिमा और प्रतिष्ठा को कम कर दिया। टीएमसी शासन के तहत बंगाल में केवल हजारों करोड़ रुपये के घोटाले पनप रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ टीएमसी और कांग्रेस, जो इंडिया ब्लॉक में भागीदार हैं, लेकिन राज्य में अलग-अलग लोकसभा लड़ रहे हैं, अपनी तुष्टिकरण की राजनीति में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और एक निश्चित समुदाय को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस आपकी संपत्तियों को हड़पना चाहती है और टीएमसी ने इसके खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला है। वे तुष्टिकरण के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और एक निश्चित समुदाय या वोट बैंक को जीतने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि टीएमसी सरकार ने स्थायी अनुदान देने के लिए काम किया है पीएम मोदी ने कहा, बांग्लादेश से घुसपैठियों को निवास देने के बाद, कांग्रेस आपकी संपत्ति को एक निश्चित वोट बैंक के बीच पुनर्वितरित करने की बात कर रही है। मालदा उत्तर और मालदा दक्षिण की दो सीटों पर 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। सभी 543 सीटों के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। (एएनआई)

भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार चुनाव प्रचार के दौरान रेल कनेक्टिविटी का सहारा लेना चाहते

कोलकाता,एजेन्सी। उत्तरी हिस्सों में लोकसभा सीटों में से एक, बालुरघाट में, अन्य लोगों ने प्रचार किया लेकिन सुकांत ने सीटी बजा दी। भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार, जो इस सीट से दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं, भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित एक जिले, दक्षिण दिनाजपुर की रेलवे कनेक्टिविटी में कई विकासों को रेखांकित करके अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी कहानी बदलने में कामयाब रहे। .

अपने पूरे अभियान के दौरान, मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी में पिछले पांच वर्षों में हुए सुधारों पर प्रकाश डाला। इनमें नई ट्रेन सेवाओं की शुरूआत, स्टेशनों का ढांचागत विकास, पटरियों का विद्युतीकरण और नई रेलवे परियोजनाओं के लिए धन का आवंटन शामिल है, राज्य भाजपा प्रमुख मजूमदार ने कहा। अपने अभियान के दौरान मजूमदार ने एक झांकी भी लॉन्च की थी जो दो कोच वाले लोको की तरह थी। झांकी, जिसमें साउंड बॉक्स लगे थे, ट्रेन की घरघराहट की आवाज के साथ चलती थी और कभी-कभी सीटियां भी बजाती थी।

भाजपा उम्मीदवार ने कहा, लोगों को ट्रेन कनेक्टिविटी में बदलावों से अवगत कराने के लिए यह पूरे बालुरघाट निर्वाचन क्षेत्र में चला गया, जिससे कलकत्ता और दिल्ली की उनकी यात्रा आसान हो गई है।

2019 में उन्होंने तृणमूल की अर्पिता घोष को हराकर 33,293 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी. भाजपा के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में, मजूमदार बालुरघाट से सियालदह (कलकत्ता), दिल्ली और नबद्वीप धाम के लिए ट्रेनें प्राप्त करने में कामयाब रहे हैं। साथ ही, केंद्र ने बालुरघाट से हिली तक रेल ट्रैक का विस्तार करने के लिए 633 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित, हिली एक भूमि बंदरगाह और एक पारगमन मार्ग है जिसके माध्यम से लोग दोनों देशों की यात्रा करते हैं।

बालुरघाट स्टेशन के लिए 25 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही, गंगारामपुर और बुनियादपुर के बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। एकलाखी-बालुरघाट खंड का विद्युतीकरण कर दिया गया है, जिससे यात्रा का समय कम हो गया है, भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा। अधिकांश अन्य संसद सीटों पर, भाजपा सहित राजनीतिक दलों ने वोट आकर्षित करने के लिए कुछ निश्चित आख्यानों पर अभियान चलाया है। जहां भाजपा ने सीएए, संदेशखाली घटना पर बात की है और सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार के लिए तृणमूल की आलोचना की है, वहीं ममता बनर्जी की पार्टी ने केंद्रीय धन के आवंटन में रोक, बीएसएफ की मनमानी और नरेंद्र मोदी सरकार के कुछ अन्य फैसलों पर बात की है।

रेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, मैंने एकलाखी-बालुरघाट रेल परियोजना शुरू की थी। यह मेरी वजह से था कि दक्षिण दिनाजपुर के लोग विभिन्न स्थानों पर ट्रेन ले सकते हैं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था। उनकी पार्टी ने मजूमदार के खिलाफ मंत्री बिप्लब मित्रा को मैदान में उतारा है। मित्रा ने भी कहा कि जिले में अधिकांश रेलवे परियोजनाएं ममता द्वारा शुरू की गई थीं।

दक्षिण दिनाजपुर के डीएम का कहना- पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में 280 मतदान केंद्रों की पहचान संवेदनशील के रूप में की गई

बालुरघाट/कोलकाता,एजेन्सी। दूसरे चरण के मतदान से पहले, पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के जिला मजिस्ट्रेट बिजिन कृष्णा ने कहा कि बालुरघाट शहर में 280 मतदान केंद्रों की पहचान महत्वपूर्ण के रूप में की गई है। बालुरघाट पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले में एक शहर और नगर पालिका है। एएनआई से बात करते हुए, डीएम कृष्णा ने कहा, बालुरघाट में मतदान आमतौर पर बहुत शांतिपूर्ण होता है। लेकिन, कुछ पिछले मुद्दों के साथ, हमने लगभग 280 मतदान केंद्रों को महत्वपूर्ण के रूप में पहचाना है... हमने ईवीएम के साथ की जाने वाली हर प्रक्रिया पूरी कर ली है । उम्मीदवारों और पार्टी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, लेकिन, अगर कोई शिकायत है, तो हमने सभी को आश्वासन दिया है कि हम उस मुद्दे का समाधान करेंगे..., उन्होंने कहा। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का गढ़ है। 2014 के लोकसभा चुनावों में, टीएमसी राज्य में 34 सीटें हासिल करके प्रमुख ताकत के रूप में उभरी।

संक्षिप्त समाचार

लैलख में महिला पंच ने महिला का सिर फोड़ा

भागलपुर/सबौर, एजेंसी। थाना क्षेत्र के लैलख में महिला पंच ने लाठी से मारकर महिला का सिर फोड़ दिया। घटना गुरुवार की बताई जा रही है महिला ग्राम कचहरी लैलख के वार्ड नंबर 4 की महिला पंच रजिया देवी बताया गयी है। घायल महिला नीलम देवी ने बताया कि छोटी-मोटी बात को लेकर महिला पंच वार्ड सदस्य हमें और परिजनों की पिटाई है। इस मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। घायल महिला को इलाज के लिए भेजा गया है।

फरार शिक्षकों की भेजी जा रही सूची

भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी। योगदान के बाद विद्यालय से फरार चल रहे शिक्षकों की सूची जिला को भेजी जा रही है। बीआरसी के लेखापाल कृष्णानंद कुमार पासवान ने बताया कि सुल्तानगंज प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय गनगनिया के निरंजन कुमार व मध्य विद्यालय किसनपुर के शिक्षक आदित्य विनायक है। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि दोनों शिक्षक फर्जी हैं। जांच के बाद मामला स्पष्ट होगा। वहीं प्रखंड में सात शिक्षक बीपीएससी टायर वन में नियुक्त हुए थे, लेकिन बायोमेट्रिक सत्यापन में अनुपस्थित पाये गये हैं। इनकी सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजी गयी है।

बारातियों से भरी बोलेरो ट्रक से टकराई, 3 की मौत



बेतिया, एजेंसी। बेतिया में ट्रक-बोलेरो की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई है। छह गंभीर रूप से घायल हैं। घटना मनुआपुल थाना क्षेत्र के नवलपुर मनुआपुल मुख्य मार्ग स्थित बाबू टोला गुरवलिया की है। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को जीएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया गया कि बारात योगापट्टी गोला घाट से पूर्वी चंपारण के पलनवा थाना क्षेत्र के गढ़वा भोगाडी गांव में गई थी। दीनानाथ महतो के छोटे बेटा रूपेश कुमार की शादी थी। उसी शादी से सब लौट रहे थे तभी हादसा हो गया। मृतकों की पहचान धर्मनाथ यादव (18), प्रकाश यादव (65), जनार्दन यादव (55) के रूप में हुई है। सभी घर गोला घाट डुमरी वार्ड 7 के निवासी थे। वहीं, घायलों में दूल्हा के जीजा सुनिल कुमार, चाचा जोगिंदर महतो, भाई राजनंदन, सोनू कुमार, किनू कुमार और रामदेव महतो शामिल हैं। बाराती अवधेश यादव ने बताया कि बारात से बोलेरो वापस आ रही थी तभी हादसा हुआ है। कहा कि गाड़ी के पीछे ट्रक आ रहा था लेकिन अचानक क्या हुआ ये कहा नहीं जा सकता। दोनों वाहनों में टक्कर हो गई जिसमें तीन की स्पॉट डेथ हो गई बाकी एडमिट हैं।

समस्तीपुर में सन्नी हजारी को टिकट मिलने से डॉ. अशोक कुमार नाराज, सोनिया गांधी को लिखा पत्र

समस्तीपुर , एजेंसी। समस्तीपुर से लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर जदयू के मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी को टिकट दिए जाने पर कांग्रेस में बवाल मचा हुआ है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के नेता डॉ. अशोक कुमार ने नाराजगी जाहिर करते हुए सोनिया गांधी को पत्र लिखा है। अशोक कुमार ने सोनिया गांधी को पत्र लिखा है कि समस्तीपुर में दो मंत्रियों के बच्चों के बीच लड़ाई है और इसी में चुनाव करने की मजबूरी है। अशोक कुमार ने कहा है कि एक तरफ एनडीए के उम्मीदवार के रूप में जदयू मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी को टिकट दिया गया है वहीं कांग्रेस की तरफ से भी जदयू के ही मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी को टिकट दिया गया है। अशोक कुमार ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि 25 अप्रैल को नामांकन की अंतिम तारीख है इसलिए इस पत्र को अति आवश्यक समझते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। हालांकि आज नामांकन की तारीख खत्म हो गई। बता दें कि अशोक कुमार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और समस्तीपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के कई बार उम्मीदवार भी रहे हैं। पिछले दो बार लोकसभा चुनाव व उपचुनाव में उनकी हार होती रही है। उससे पहले अशोक कुमार बिहार में विधायक और मंत्री के पद पर भी रह चुके हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी वह कांग्रेस से टिकट चाह रहे थे। लेकिन पार्टी सन्नी हजारी को अपना उम्मीदवार बना दिया।

शादी में सिलेंडर ब्लास्ट,एक ही परिवार के 6 की मौत

दरभंगा में बारातियों की आतिशबाजी से शामियाने में लगी आग; रसोई तक पहुंची चिंगारी

दरभंगा, एजेंसी। दरभंगा में शादी के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने से 6 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गुरुवार रात 11 बजे के बाद हुआ। गांव के लोगों ने बताया की छगन पासवान की बेटी की शादी थी। बारात को पड़ोसी रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में ठहराया गया था।

इस दौरान बारातियों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की चिंगारी से शामियाने में आग लग गई। पास में ही खाना बन रहा था। देखते ही देखते आग सिलेंडर तक जा पहुंची। सिलेंडर में आग लगते ही ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद दूल्हा-दुल्हन को पास के ही मंदिर में ले जाया गया। वहां दोनों की शादी हुई। इसी दौरान रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे डीजल के स्टॉक में भी आग लग गई। इसमें रामचंद्र पासवान के परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में रामचंद्र पासवान के बेटे, बहू, बेटी, 2 नाती, नतिनी ने दम तोड़ दिया। मामला अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना के अंटोर गांव का है।

पटाखों की चिंगारी से आग फैली : गांव के ही अनिल पासवान ने बताया कि मुझे रात 3 बजे हादसे की जानकारी मिली। मैं मौके पर पहुंचा तो देखा आग की लपटें उठ रही थीं। मृतकों में मुझे अभी सुनिल और कंचन का नाम याद है। सुनिल के परिवार वालों की भी मौत हुई है। बारात गुरुवार रात 10 बजे आई थी। 11 बजे आग लगी। बाराती पटाखे छोड़ रहे थे उसी की चिंगारी से आग फैली।

बारातियों को पटाखे फोड़ने से मना किया था : मृतक के चचेरे भाई रविंद्र पासवान ने बताया कि बारात आई थी। पटाखे की चिंगारी से आग लगी। हमरे मना किया था कि यहां पटाखे मत फोड़ो, लेकिन वो नहीं माने। यहां पर पानी का साधन भी नहीं था। सूखा पड़ा है। चापाकल भी नहीं है। शादी नरेश पासवान की बेटी की थी। टेंट वाले राहुल पासवान ने कहा कि बरात आई थी। पटाखे फोड़े जा रहे थे। हम लोगों ने विरोध किया था। पूरा घर जल गया। काफी बचाने की कोशिश की थी। घटना 11 बजे की है।

हादसे में मृतकों के नाम : मृतकों में रामचंद्र पासवान के बेटे सुनील पासवान (28), सुनील की पत्नी लाली देवी (25), सुनील की बहन कंचन देवी (25), कंचन की बेटी साक्षी कुमार (6), सुनील के दो बेटे सिद्धार्थ(2) और सुधांशु (4) शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार के थे। ये लोग पड़ोसी हैं। दुल्हन के घर से 100 मीटर की दूरी पर इनका घर है। जहां बराती रूकी थी। बेनीपुर के अनुमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ झा ने बताया कि घटना में 6 लोगों की मौत हुई है। मृतक के नजदीकी रिश्तेदारों को 4-4 लाख रुपए दिए जाएंगे। 3 मवेशियों की भी मौत हुई है। उनका भी मुआवजा दिया जाएगा। बाकी सामान के नुकसान के लिए 12 हजार रुपए की मदद की जाएगी।

पटना में पति-पत्नी ने किया सुसाइड

पटना, एजेंसी। पटना के बेऊर थाना स्थित दशरथा गांव के इंद्रपुरी मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह पति-पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बेऊर थाना को दी।

सुसाइड नोट भी मिला : सूचना मिलने के बाद बेउर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर पति-पत्नी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि मामला आपसी पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें आपसी विवाद की बात लिखी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मृतक पति-पत्नी के दो बेटी हैं, जो 12 वर्ष की एक बेटी नानी के साथ रहती है, जबकि दूसरी सहानवी 8 वर्ष की मां पिता के साथ थी। दशरथा गांव के इंद्रपुरी मोहल्ले में पप्पू राय अपनी पत्नी पूजा कुमारी एवं 8 वर्ष की बेटी सहानवी के साथ विकास कुमार के मकान में किराए में रहते थे। पप्पू राय प्राइवेट काम किया करते थे। पप्पू राय की पत्नी पूजा कुमारी से देर रात किसी बात को लेकर आपसी विवाद हुआ था। इसी विवाद को लेकर दोनों पति-पत्नी पप्पू राय एवं पूजा कुमारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले इन्होंने एक सुसाइड नोट घर के किचन में रखा था।

गंगा नदी में डूबी ओवरलोड नाव, वृद्धा की मौत नाव पर सवार थे 12 लोग, सभी मकई काटने जा रहे थे गंगा

भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी। गुरुवार को खरीक प्रखंड के उस्मानपुर-खैरपुर गंगा घाट के समीप ओवरलोड छोटी नाव अनियंत्रित होकर गंगा नदी में डूब गई। जानकारी मिलते ही पूर्व जिला पार्षद विजय कुमार मंडल और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर नरेश कुमार और सीओ अनिल भूषण दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से नदी में डूबी वृद्धा का शव, नाव और तीन साइकिल को नदी से बाहर निकाला गया। मृतका की पहचान खैरपुर गांव निवासी ब्रह्मदेव यादव की 60 वर्षीया पत्नी गायत्री देवी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भेजा, पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन को सौंप दिया गया।

नाव पर 12 लोग सवार थे

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नाव पर कुल 12 लोग (महिला-पुरुष) के अलावा तीन साइकिल थी। जबकि नाव की क्षमता चार लोगों की है। सभी मकई की फसल काटने के लिए गंगा पार दियारा जा रहे थे। नदी में आगे जाने पर नौका डूब गयी। पानी में डूबने से वृद्धा की मौत हो गयी। शेष 11 लोग तैरकर बाहर निकाल गये। आशंका है कि वृद्धा साइकिल या नाव से दबने के कारण बाहर नहीं निकल पाई। वहीं, तैरकर बाहर निकले एक भी लोग कानूनी पचड़े से बचने के लिए सामने नहीं आए। घटना के दौरान कुछ देर के लिए घटनास्थल अफरातफरी का माहौल हो गया। नदी में डूबी नाव का रजिस्ट्रेशन नहीं था। सीओ अनिल भूषण ने बताया कि नदी में चलने वाले सभी अवैध नाव को जब्त किया जाएगा। बता दें कि राघोपुर से नरकटिया तक गंगा नदी और कोसी नदी के लोकमानपुर, सिंहकुंड समेत अन्य जगहों पर प्रशासनिक उदासीनता के कारण धडल्ले के साथ कई नावों

का अवैध रूप से संचालन हो रहा है।

दो अगस्त को भी हुआ था नाव हादसा

बीते वर्ष 2023 में भी दो अगस्त को उस्मानपुर-खैरपुर गंगा घाट पर नाव हादसा हुआ था। हालांकि, तब कोई हताहत नहीं हुआ था। वहीं, पूर्व जिला पार्षद विजय कुमार मंडल, पंसस अशोक दास समेत अन्य ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस-प्रशासन से मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा देने और घटना स्थल पर तत्काल पीपा पुल निर्माण कराने की मांग की है।

डीजे लदे पिकअप ने दूल्हे के पिता-दोस्त को रौंदा, हादसे में युवक की मौत

सड़क किनारे बस का कर रहे थे इंतजार,पिता का चल रहा इलाज

आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के इनुरूखी गांव में शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित डीजे लदे पिकअप ने सड़क किनारे खड़े दूल्हे के पिता और दोस्त को रौंद दिया। हादसे में दूल्हे के दोस्त की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि दूल्हे के पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव निवासी वासुदेव चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। जबकि जख्मी उसी गांव के निवासी स्व.रामायण सिंह के 45 वर्षीय पुत्र व दूल्हे के पिता अजय साव है।

दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया : मृतक के दोस्त किशन कुमार ने बताया कि वे लोग अंधारी गांव निवासी अजय साव के पुत्र अभिषेक कुमार की बारात में सहार थाना क्षेत्र के ईनुरूखी गांव देवमुनी साव के घर आए थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद शुक्रवार की सुबह जब सभी लोग ईनुरूखी गांव में बस पर चढ़ने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। उसी दौरान पीछे से आ रही अनियंत्रित डीजे लदे पिकअप ने उसके दोस्त राहुल कुमार और दूल्हे के पिता अजय साव को रौंद दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों लोगों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने राहुल कुमार को मृत घोषित कर दिया। जख्मी दूल्हे के पिता अजय साव का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई : सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व एक बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां मंजू देवी व चार भाई गोविंद,अंकित, छोटन, दीपक और एक बहन प्रीति है।

गर्लफ्रेंड का मोबाइल देने के बहाने दोस्त ने मारी गोली

सीतामढ़ी, एजेंसी। शहर में छात्र की हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ रामकृष्णा ने बताया कि आशीष अपनी गर्लफ्रेंड का मोबाइल रख लिया था। उसकी गर्लफ्रेंड ने मोबाइल वापस लेने के लिए प्रिंस से मदद मांगी। इसके बाद उसने मोबाइल लौटाने की बात कह कर मुख्य आरोपी आशीष ने प्रिंस को अपने कमरे में बुलाया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं पुलिस को गुमराह करने के लिए उसे घायल स्थिति में भर्ती भी कराया। इलाज के दौरान जब उसे मुजफ्फरपुर लेकर जाने लगे तो मौत हो गई। पूछताछ में आरोपी आशीष ने पुलिस को बताया कि लूट की नीयत से पुनौरा थाना क्षेत्र में कुछ बदमाशों ने गोली मारी है। जब जांच हुई तो कुछ और ही कहानी निकल कर आई। पुलिस ने घटनास्थल से खून लगा कपड़ा और लड़की का मोबाइल बरामद कर लिया है। इसके साथ ही सभी को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। हालांकि घटना में इस्तेमाल होने वाला हथियार बरामद नहीं हुआ है और अन्य तीन आरोपी भी फरार चल रहा है। बता दे कि मुख्य आरोपी पुनौरा थाना क्षेत्र के राघोपुर बखरी निवासी आशीष यादव उर्फ बाबाजी है और दूसरा आरोपी नगर थाना क्षेत्र के कोट बाजार निवासी सचिन कुमार है। फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

छपरा रूट से चलने वाली कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन

28 अप्रैल से 11 जून तक के लिए बदलाव, जालना-छपरा समेत देखें ट्रेनों की लिस्ट

छपरा, एजेंसी। रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज जं. स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 7 और 8 (लाइन सं. 10 एवं 11) में कुछ काम चलने की वजह से गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया है। इसमें छपरा से चलने वाली कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन हुआ है। इसकी जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने पत्र जारी करते हुए दी है। निश्चित अवधि के बाद सभी ट्रेन अपनी नियत समय और मार्ग से संचालित होने लगेंगी।

ट्रेनों की लिस्ट

» जालना से एक मई से पांच जून, 2024 तक चलने वाली 07651 जालना-छपरा विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी जं. के रास्ते चलाई जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जं. के स्थान पर अस्थायी ठहराव प्रयागराज छिवकी पर 21.45 बजे पहुंचकर 21.47 बजे प्रस्थान करेगी।

» छपरा से तीन मई से सात जून, 2024 तक चलने वाली 07652 छपरा-जालना विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग वाराणसी जं.-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी जं.-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जं. के स्थान पर अस्थायी ठहराव प्रयागराज छिवकी पर 05.13 बजे पहुंचकर 05.15 बजे

प्रस्थान करेगी।

» छपरा से 28 अप्रैल से 11 जून, 2024 तक चलने वाली 05193 छपरा-पनवेल विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग वाराणसी जं.-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी जं.-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

» पनवेल से 28 अप्रैल से 11 जून, 2024 तक चलने वाली 05194 पनवेल-छपरा विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

» छपरा से 28 अप्रैल से 11 जून, 2024 तक चलने वाली 08796 छपरा-दुर्ग विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग वाराणसी जं.-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी जं.-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

» पनवेल से 28 अप्रैल से 11 जून, 2024 तक चलने वाली 08795 दुर्ग-छपरा विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

फेसबुक पर वीडियो देख व्यवसायी से मांगी 8 लाख रंगदारी

जमुई में लोन के पैसे चुकाने के लिए बनाया प्लान, दो गिरफ्तार

जमुई, एजेंसी। जमुई में व्यवसायी से 8 लाख रुपए रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन्होंने फेसबुक पर फिल्म देखकर रंगदारी मांगने का प्लान बनाया। इसके बाद किराना दुकान चलाने वाले व्यवसायी से आठ लाख रुपए रंगदारी मांग की। जानकारी के मुताबिक, इन आरोपियों के ऊपर लोन के पैसे जमा करने का दवाब था। इसकी वजह से आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले की पुष्टि जमुई एसडीपीओ सतीश सुमन ने की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बरहट थाना क्षेत्र के एकडरबा गांव निवासी पंकज यादव (33) और राजेश यादव (38) के रूप में हुई है। एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया की बरहट थाना क्षेत्र के पाडो निवासी नरेश प्रसाद से अलग-अलग मोबाइल नंबर से आठ लाख रुपए की रंगदारी मांगी जा रही थी। इसको लेकर नरेश प्रसाद ने थाने में स्वढ्ढक्रदर्ज कराई थी।

आठ लाख रुपए की मांगी रंगदारी

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एसपी डा.शौर्य सुमन के निर्देश पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि आरोपी पंकज आर्थिक रूप से परेशान चल रहा था। उसके ऊपर लोन के पैसे जमा करने का दबाब था। जिसे लेकर फेसबुक पर एक फिल्म देख कर रंगदारी मांगने का प्लान बनाया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पंकज नंबर बदल बदल कर रंगदारी के रुपए मांगा करता था। पुलिस ने यह भी बताया कि पिछले महीने आरोपी ने पश्चिम बंगाल से एक सिम कार्ड खरीदा था और फिर उसी नंबर से नरेश दास से आठ लाख रुपए रंगदारी मांगने लगा।

तकनीकी सेल की मदद से दोनों को गिरफ्तार किया

इस घटना में उसके एक सहयोगी राजेश यादव उसका पूरा सहयोग कर रहा था। पुलिस ने बताया कि डीआइयू और तकनीकी सेल की मदद से दोनों आरोपी को उसके गांव एकडरबा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस घटना में उपयोग किए गए मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। इस टीम में शामिल एसडीपीओ सतीश सुमन,सर्किल इंस्पेक्टर प्रताप सिंह, बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव, एसआई धनंजय कुमार सिंह, एसआई उर्मिला कुमारी और डीआइयू और तकनीकी सेल के पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

बिहटा में 6 दुकानों में लगी आग-शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ हादसा, लाखों का हुआ नुकसान

पटना, एजेंसी। पटन के बिहटा व-क्रम मुख्य मार्ग में सह डॉ. ललित मोहन शर्मा के नजदीक बीते देर रात को की शार्ट सर्किट से अचानक आधा दर्जन से अधिक दुकानों में आग लग गई। अगलगी में कई जिंदा बकरी,मुर्गा समेत अन्य समान जल कर खाक हो गए।

करीब 12 से 15 लाख की संपत्ति जल का राख हो गई ।घटना की सूचना पर बिहटा थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने घंटो मशक्कत के बाद तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे के करीब की शार्ट सर्किट होने से उसकी निकली चिंगारी दुकान पर गिर गई। देखते देखते आसपास में कई दुकानें को आग ने चपेट में लिया। बिहटा थाना प्रभारी दीक्षा भंवरे ने कहा कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है।फिलहाल पीड़ित के तरफ से लिखित आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जायगा।

सर्विस सेंटर जनता गैरेज सह गृह प्रवेश त्री दिवसीय यज्ञ शुभारंभ के साथ किया गया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर प्रखंड अंतर्गत तेतरौन परसाबाद मुख्य मार्ग के बीच अंबाडीह भदानी पेट्रोल पंप के बगल सर्विस सेंटर जनता गैरेज का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर आचार्य विष्णुकांत शास्त्री के मंत्रोचारण के द्वारा करवाया गया,। उद्घाटन जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। जिप सदस्य ने मौके पर कहा कि इस तरह के पूजा पाठ होने से क्षेत्र में सुख-शांति आती है। कलश यात्रा में 51 कलश यात्रियों ने कलश उठाकर उत्तर वाहिनी बराकर नदी घाट गए ।मौके पर सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर कार्तिक यादव, वरिष्ठ नेता महावीर यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रकाश पंडित, सतीश यादव, केदार यादव, बाबूलाल यादव, बसंत यादव, शमशेर अंसारी, जीवलाल यादव, रामदेव यादव शंकर यादव सावित्री देवी सुमन देवी संगीता देवी सोनाली कुमारी उमा कुमारी, सीता देवी सचिन यादव सहदेव यादव अर्चित सोनू शिवम मन यू केशवआदि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

हाथियों का उत्पात थम नहीं रहा है ग्रामीण भयभीत सुरक्षा की कर रहे मांग

रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर प्रखंड के पंचायत घौरंजा मे बीती रात हाथी घुसकर जागो दास के घर में लगभग रात्रि 9-30 बजे उसके घर को तोड़ तोड़ कर रख दिया उसे घर में परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे अचानक मिट्टी के घर की दीवार गिरने से आवाज सुनाई पड़ी तो देखा कि बाहर से हाथी दीवार गिर रहा है घर वालों ने जान बचाने के लिए शोर मचाया तो सभी ग्रामीण उठकर हल्ला करने लगे हल्ले की आवाज सुन हाथी इधर-उधर भागने लगा जिससे लोगों में हड़कंप मच गई और जिधर जिधर हाथी भाग रहा था खेत खलियान दीवाल तोड़ते हुए चला गया इसके कारण सभी ग्रामीण भयभीत है और प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। बार-बार हाथी जंगल से भाग कर रात्रि में लोगों के घरों को तोड़फोड़ कर देता है जिससे लोग ग्रामीण भयभीत है हाथी से सुरक्षा की मांग सभी ग्रामीण कर रहे हैं।.

कविता वाचन प्रतियोगिता में जी. एस. पब्लिक स्कूल की छात्रा अनीशा कुमारी ने प्रथम स्थान किया प्राप्त

रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच सीबीएसई सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की ओर से कोडरमा जिला में संचालित सीबीएसई एफिलिएटेड स्कूल के तत्वाधान में कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे अनेक विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया । इसमें जी. एस. पब्लिक स्कूल की छात्रा अनीशा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा इस क्षेत्र का नाम रोशन किया।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मतदान पदाधिकारी प्रथम को दिया गया प्रशिक्षण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों से कहा कि। मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रशिक्षण अतिमहत्वपूर्ण होता है, अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 500 मतदान पदाधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया।

झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास, 60000 र जुर्माना भी लगाया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा- विधवा को शादी का झांसा देकर 5 वर्षों तक यौन शोषण किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी परमेश्वर यादव पिता विष्णु यादव उर्फ शिवम यादव, घरमुंडा जयनगर जिला-कोडरमा निवासी को 376 (आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही न्यायालय ने ?30000 का जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी । होगी। वही 420 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 30000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी। मामला वर्ष 2018 का है। इसे लेकर जयनगर थाना कांड संख्या 255/ 2018 एवं स्ज्ञ- 93/2018 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 5 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दशरथ यादव ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

इसे लेकर भुक्तभोगी महिला ने मामला दर्ज कराया था । आवेदन में कहा था कि उसके पति की मृत्यु 13 वर्ष पूर्व हो गई थी। पति की मृत्यु के उपरांत उसे,उसके बच्चे के परवरिश में काफी परेशानी आ रही थी । जिसकी वजह से वह गांव और आस-पड़ोस में मजदूरी करने लगी। इसी दौरान परसाबाद टेंट हाउस में भी उसे मजदूरी का काम मिला। और एक दिन एकांत पाकर उसके साथ परमेश्वर यादव जबरन शारीरिक संबंध बनाया। जब वह विरोध की तो कहा कि तुझसे शादी कर लेंगे। वह अभी कुंवारा है। लेकिन किसी से अभी कहना नहीं। इस प्रकार वह बराबर बुलाता और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता इसी प्रकार हुआ 5 वर्षों तक यौन शोषण करता रहा। एक दिन वह उससे टेंट में पैसे की जरूरत बोलकर ?30000 ले लिया और वापस नहीं किया। इसी दौरान वह प्रेग्नेंट भी हो गई। जिसे बाद में वह एक प्राइवेट डॉक्टर से येवोरसन करवा दिया। जब वह शादी के लिए दवाब बनाने लगी तब जाकर वह एक दिन बताया कि वह शादीशुदा है। उसके बच्चे हैं। मैं तुमसे शादी नहीं कर सकता । वह और दबाव बनायी तो उसे मारपीट कर भगा दिया और कहा जो करना है कर लो। महिला ने आरोपी के विरुद्ध आवेदन में उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, 10000 र जुर्माना भी लगाया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा- आपसी विवाद में षडयंत्रकर एक विधवा महिला की हत्या कर लाश छुपाए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी रंजीत कुमार महतो, करौजिया, चंदबारा, जिला-कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही ?10000 जुर्माना लगाया। वही न्यायालय ने 201 आईपीसी में 2 वर्ष की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

मामला वर्ष 2020 का है । इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 90/ 2020 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला, अधिवक्ता सुधीर कुमार सिंह व मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया । कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त रंजीत कुमार महतो करौ जिया, थाना चंदवारा निवासी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। वही चार अन्य को साक्षय के अभाव में बरी कर दिया । इसे लेकर अशोक कुशवाहा पिता स्वर्गीय हरिशरण ने चंदवारा थाना में एक आवेदन देकर कहा था कि उसका ससुराल चंदवारा के करंजिया में है। उसका दो साला और एक साली जोधपुर में रहते हैं। उन्होंने फोन कर बताया कि उसकी मां मासोमात फुलवा देवी जो करौंदिया में रहती है, से 29/08/2020 को बात हुई थी उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। तब जाकर उसके द्वारा करौजिया गांव में लोगों को फोन कर पता करने का प्रयास किया। तो ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच दिन से फुलवा देवी को किसी ने नहीं देखा है। तब उसे शक हुआ और उनके द्वारा अपने साले और साली को इसकी सूचना दी। तब उन लोगों ने बताया कि उसके चाचा-चाची से ईन लोगों का जमीन का विवाद चलता आ रहा है। उन लोगों के द्वारा कई बार जान मारने की धमकी दिया गया था। उसके बाद वह ग्रामीणों के साथ 03/09/2020 को करोजीया अपने ससुराल पहुंचे। तो देखें कि उनके ससुराल का दरवाजा का बाहर से कुंडी लगा हुआ है। फिर कुंडी खोलकर सभी कमरों को देखा तो सास कहीं नहीं नजर आई । इस द्रव्यमान बरामदा पर खून का निशान देखा गया । लीपापोती कर खून को मिटाने का प्रयास किया गया है । और बगल के रूम में खून से सना हुआ जूट का बोरा दिखा जो आधा जला हुआ था। वही बगल के मिट्टी के घर में खून से पोछा कपड़ा जला हुआ पाया गया। तब उसे शक हुआ कि उसकी सास फुलवा मासूमत का घर में ही हत्या कर शव को कहीं छुपा दिया गया है। इसके बाद अशोक महतो के द्वारा बालेश्वर महतो, रंजीत कुमार महतो, संजय महतो, मंदोदरी देवी, कल्याणी देवी, सहित अन्य लोगों पर उसकी सास की हत्या कर लाश छुपाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया था और आरोपियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य का हुआ तबादला,नए प्रधानाचार्य के रूप में अजय कुमार पाठक ने किया योगदान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया – शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में पदस्थापित प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय का तबादला जरीडीह बोकारो हो गया है।उनके स्थान पर अवध बिहारी सरस्वती विद्या मंदिर जरीडीह बोकारो के प्रधानाचार्य अजय कुमार पाठक ने आज अपना योगदान विद्यालय में दिया। वही विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सुभाष प्रसाद बर्णवाल ने योगदान करवाया। योगदान के बाद नए प्रधानाचार्य के रूप में योगदान करते हुए अजय कुमार पाठक ने कहा कि विद्यालय का सफल संचालान हमारी पहली प्राथमिकता होगी।विद्यालय का पठन-पाठन के साथ हर गतिविधि को ससमय कराना भी हमारी मुख्य धारा में होगी। वही विद्यालय के सचिव सुभाष प्रसाद बर्णवाल ने कहा कि इनके योगदान करने से आशा है कि विद्यालय को नई गति प्रदान होगी।

पतरातु क्षेत्र में जेपी भाई पटेल का जनसंपर्क, भाजपा प्रत्याशी पर बोला हमला

जनसभाओं में पहुंचे सैंकड़ों ग्रामीणों ने न्यायपत्र को सराहा

व्यवसाइयों वाली सरकार को उखाड़ फेकना है – जय प्रकाश भाई पटेल

हजारीबाग – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने चुनावी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को पतरातु प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने पंद्रह से ऊपर पंचायतों का भ्रमण कर सैंकड़ों ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा आज पलटी मार चुकी है। भ्रष्टाचार और महंगाई को मुद्दा बना कर सरकार में आई थी परंतु आज देश में अनेकों मुद्दों ने जन्म ले लिया है। जय प्रकाश भाई पटेल ने भाजपा उम्मीदवार पर भी जम कर निशाना साधा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि व्यवसाई सिर्फ पूंजी बनाने का काम करते हैं। आज सभी तरह के व्यवसाय में अपना सिक्का जमा रहे हैं। कहा, यह देश भी व्यवसायों को बेचा जा रहा है। देश को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस सरकार का वक्त याद करते हुए कहा कि किसी जमाने में महंगाई, रोजगार आदि ही मुद्दा हुआ करती थी, परंतु आज मोदी कार्यकाल में संविधान को बचाना भी मुद्दा बन गया है। यह देश बाबासाहेब के दिए गए संविधान से चलता आया है मगर केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को अपने फायदे अनुसार बदल देना चाहती है। आरक्षण और मौलिक अधिकारों पर आज खतरा मंडरा रहा है। विपक्ष को एजेंसियों का दुरुपयोग कर कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, देश ने ऐसा दौर कभी नहीं देखा। उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी अपनी बात बेबाकी के साथ रख कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा आज लोकतंत्र और संविधान को बचाने का मौका मिला है, इसका उपयोग करिए और बीस मई को हाथ पर बटन दबाइए।

कार्यकर्ताओं में दिखा भारी जोश, ग्रामीणों ने दिया दिल खोल कर समर्थन

पतरातु प्रखण्ड क्षेत्र में दौरा करने के दौरान अलग अलग गावों में जेपी भाई पटेल का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ जबरदस्त स्वागत किया गया। श्री पटेल ने भी गले लग सभी का अभिवादन किया साथ ही बुजुर्गों के पांव छू आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क के दौरान जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जय प्रकाश सिंह ऊर्फ ननकी, प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, योगेंद्र सिंह, दीपक उरांव, देवकी महतो, आरीफ अंसारी, संतोष साव, अंजू देवी, बालेसर बेदिया,अमर यादव, मो. सैफुल्लाह, प्रियंका कुमारी, प्रेम दादा प्रिया, विनोद कुमार केसरी, ओमप्रकाश गिरी, गोविंद बेदीया, शाहिद समेत इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेतगण एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

पुनः एक बार विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने जेई मेंस मे लहराया परचम

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा – चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट मे विज्ञान संकाय तीन छात्रों अक्षत दुबे 95 प्रतिशतता अंक लाकर जेनरल कैटेगरी जेई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया। वही कुंदन कुमार और अनुराग कुमार ने 85 प्रतिशतता अंक लाकर ओबीसी कैटेगरी से जेई एंडवांस के लिए क्वालीफाई किया। ये सभी छात्र जेई एडवांस की परीक्षा हेतु योग्य हो गये। ये सभी मई माह मे आयोजित होने वाली जेई एडवांस की परीक्षा देकर देश के प्रतिष्ठित संस्थान आई आई टी व एन आई टी मे नामांकन प्राप्त कर इंजीनियर बनने का सपना पुरा करेगे। ज्ञात हो ये रिजल्ट सैकेंड फेज का है। पहले फेज मे भी 4 बच्चों ने जेई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया था। दोनों फेज मिलाकर 6 बच्चों ने जेई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। इस सफलता पर विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि ये क्षण बच्चों के अभिभावकों के साथ साथ पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। ये यादगार लम्हा अतुलनीय है। यदि बच्चे लगनशीलता से मेहनत करते है तो उसके सफलता को कोई नही रोक सकता हैं। पूरे विद्यालय परिवार ऐसे होनहार प्रतिभावन बच्चों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। ये सभी बच्चे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बच्चे के माता पिता के साथ साथ विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिये।

उपायुक्त ने किया सतगावां प्रखण्ड का दौरा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा संसदीय क्षेत्र में 20 मई 2024 को होने वाली लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को जिले के सुदुरवर्ती प्रखण्ड सतगावां का दौरा कर चुनाव की तैयारी की समीक्षात्मक बैठक प्रखण्ड सह अंचल सभागार सतगावां में की। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा रिया सिंह ,वनप्रक्षएत्र पदाधिकारी सुरज सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जीतवाहन उरांव डीपीआरओ रवि कुमार ,डीटीओ विजय सोनी डी एल ओ विजय शंकर महतो, सतगावां प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सौरव कुमार, अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक , थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता, सभी सेक्टर के पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी , प्रखण्ड के सभी बी एल ओ उपस्थित थे। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से एक एक बुथ की चुनावी तैयारी और समस्या निवारण की समीक्षा करते हुए ए एम एफ से संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के पुर्व उपायुक्त पुरी टीम के साथ प्रखण्ड सुदुरवर्ती पंचायत कोठियार उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रतनपुर बुथ संख्या 70 तथा अम्बाबाद पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय करचैता बुथ संख्या 71 का भौतिक सत्यापन कर समस्या एवं समाधान की जानकारी लिया गया।

कैपेसिटी टू डेवलप ए सेमिनार आर्टिकल व पेपर विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता
कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 26 अप्रैल 2024 को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय कैपेसिटी टू डेवलप ए सेमिनार आर्टिकल व पेपर था। यह आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सत्र- 2022-24 व 2023-25 सत्र के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने प्रशिक्षुओं को सेमिनार और आर्टिकल पेपर तैयार करने व उसके महत्व को बताया। कार्यक्रम को सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय ने भी संबोधित किया। अंत मे प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रशिक्षु तबस्सुम परवीन व रंजन कुमार दत्ता ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछा जिसका उन्हें प्राध्यापक द्वारा संतोषजनक उत्तर मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर सहायक प्राध्यापक मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, डॉ. मैनोज विश्वकर्मा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहता है इंडी गठबंधन : सीएम योगी

लखनऊ, , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की जनता को कांग्रेस के घोषणापत्र के प्रति एक बार फिर आगाह किया है। उन्होंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी। पहले चरण का मतदान इन्हीं मुद्दों पर हुआ, मगर पहले चरण से ठीक पहले इंडी गठबंधन के सबसे महत्वपूर्ण घटक कांग्रेस के घोषणापत्र ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। भाजपा हर हाल में इसका पुरजोर विरोध करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के सलाहकार सैम पित्रोदा का वक्तव्य सबने पढ़ा है। यूपीए सरकार के दौरान रंगनाथ मिश्रा कमेटी और सच्चर कमेटी की रिपोर्ट कांग्रेस लेकर आई थी। इसके अलावा कर्नाटक में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण में जबरदस्ती मुस्लिमों को डालकर ओबीसी के अधिकार का बंदरबांट

कर रही है। विरासत टैक्स, संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात, संपत्ति को कब्जे में लेने की बात कर ये लोग मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। इसके साथ ही विरासत की संपत्ति का आधा हिस्सा ले लेने और पर्सनल लॉ जैसे कानून को फिर से लागू करने की बात ये लोग कर रहे हैं। इस देश का विभाजन इन्हीं कारणों से हुआ था। अगर कोई राजनीतिक दल ऐसा करने की कोशिश करेगा तो उसका विरोध हर हाल में होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। अगर इस प्रवृत्ति को फिर से पनपाने का प्रयास होगा तो भाजपा इसे कतई स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा सरकार पहले से ही कार्रवाई कर रही है। मगर आम आदमी की संपत्ति पर डकैती डालने का प्रयास कोई करेगा तो हम ऐसा नहीं होने देंगे। कांग्रेस और सहयोगी दल देश की राजनीति का तालिबानीकरण करने पर उतारू हो चुके हैं। माओवादी दुष्प्रवृत्ति को फिर से लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। पर्सनल लॉ के जरिए तीन तलाक जैसी कुप्रथा को पुनर्स्थापित कर महिलाओं का अपमान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए इन मुद्दों को आज के परिप्रेक्ष्य में भाजपा पुरजोर तरीके से उठाकर इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि हम ये मुद्दे उठा रहे हैं और जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सत्ता से कोसों दूर होने पर भी क्या मानसिकता है, इसपर लगातार जनता का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। इनकी मंशा को सफलता न मिले, इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि जनता समय रहते अपने एक-एक वोट के जरिए इसपर पानी फेरने का काम करे। चिदंबरम जो बात विरासत टैक्स की करके कह रहे थे, वही बात सैम पित्रोदा कह रहे हैं। इनके मंसूबों पर पानी फेरने की जरूरत है, नहीं तो ये देश, कॉमन मैन और आधी आबादी के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

प्रतिबंधित पशुओं का मांस सप्लाई करने वाले नेटवर्क में सफेदपोश भी शामिल,

लखनऊ, एजेंसी। मामले की जांच में सामने आया कि बीते करीब चार साल के दौरान 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रतिबंधित पशुओं के मांस की सप्लाई की जा चुकी है। बिक्री के बदले मिली रकम हवाला के जरिए आई। खाड़ी देशों और दक्षिण अफ्रीका में प्रतिबंधित पशुओं का मांस भेजने वाले नेटवर्क के पीछे दिल्ली के कुछ सफेदपोशों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। एसटीएफ के

अधिकारियों की मानें तो बिना किसी सफेशपोश का संरक्षण हासिल किए इतना बड़ा नेटवर्क संचालित करना मुश्किल है। यही वजह है कि एसटीएफ की टीम को हैदराबाद और चेन्नई भेजा जाएगा, जहां से विदेशों में सप्लाई की जा रही थी। एडीजी कानून-व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि अतीक के साथ उसके गैंग के बाकी सदस्यों जुबैर व गुलजार की तलाश भी की जा रही है। अतीक की गिरफ्तारी से इस मामले के कई अहम राज सामने आ सकते हैं। यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के द्वारा बीते करीब चार साल के दौरान 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रतिबंधित पशुओं के मांस की सप्लाई की जा चुकी है।

इसकी बिक्री के बदले मिलने वाली रकम हवाला के जरिए आने की जांच भी शुरू कर दी गयी है। वहीं बिजनौर में भी इस नेटवर्क के तार खंगाले जा रहे हैं। बता दें कि अतीक और लईक का बिजनौर में स्लॉटर हाउस था, जो 2019 में बंद हो चुका है। इसके बाद दोनों दिल्ली से गैरकानूनी तरीके से प्रतिबंधित पशुओं के मांस की सप्लाई करने लगे थे।

किशोर गृहों के किशोरों की भलाई सुनिश्चित करे सरकार, तीन लड़कियों के गर्भवती होने का मामला

लखनऊ, एजेंसी। राजकीय बालिका संरक्षण गृह की तीन लड़कियों के गर्भवती होने के मामले में हाईकोर्ट ने जनहित याचिका निस्तारित कर अफसरों को आदेश दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने राजकीय बालिका संरक्षण गृह मोतीनगर की तीन लड़कियों के गर्भवती होने के मामले में अफसरों को आदेश दिया कि प्रदेश के किशोर गृहों में रह रहे किशोरों की भलाई सुनिश्चित करे। जिससे किशोर गृहों के प्रबंधन से जुड़े अफसरों की लापरवाही से ऐसी घटना न हो। कोर्ट ने मामले में दाखिल जनहित याचिका को निस्तारित कर कहा कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत किशोरों का कल्याण किया जाए। कोर्ट ने इस आदेश की कॉपी महिला एवं

बाल कल्याण विभाग के निदेशक को भी भेजने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने स्थानीय वकील की 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याची ने राजकीय बालिका संरक्षण गृह मोतीनगर की तीन लड़कियों के गर्भवती होने और कुछ से बालश्रम कराए जाने के आरोप लगाए थे। याची ने दावा किया था कि यह सब संबंधित अफसरों की लापरवाही से हो रहा था। जिस पर रोक लगाए का आग्रह किया था। साथ ही इस घटना की जांच एसआईटी से कराए जाने के निर्देश देने की गुजारिश की थी। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा था। सरकारी वकील ने जवाब पेश कर कोर्ट को बताया कि राजकीय बालिका संरक्षण गृह गोमतीनगर की तीन लड़कियां गर्भवती पाई गई थीं। इनमें दो बालिग और एक नाबालिग थी। संरक्षण गृह में आने से पहले नाबालिग किशोरियां लैंगिक उत्पीड़न का शिकार हुईं थीं। जिससे वह गर्भवती हुईं। बालिग लड़की के भी संरक्षण गृह आने से पहले से संबंध होने से गर्भवती होने की जानकारी दी, जबकि एक अन्य बालिग लड़की के भी एक लड़के से संबंध थे और इससे वह संरक्षण गृह में रहते हुए गर्भवती हुई।

अखिलेश के पास वाहन न हथियार...74 लाख के कर्जदार, करोड़ों की संपत्ति के मालिक, करते हैं किसानी

कन्नौज, एजेंसी। एक बार मुख्यमंत्री, मौजूद समय में विधायक और चार बार सांसद रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। लेकिन उनके पास न तो अपना वाहन है, न ही किसी तरह का हथियार है। वह 74 लाख रुपये से अधिक के बैंक कर्जदार भी हैं। यह बातें उन्होंने खुद गुरुवार को कन्नौज में अपने नामांकन के साथ दिए गए हलफनामें में दी हैं। उनके हलफनामे के मुताबिक उनकी पत्नी डिंपल यादव भी करोड़ों की मालकिन होने के बावजूद 25 लाख रुपये की कर्जदार हैं। अखिलेश पर तीन राजनीतिक मुकदमे हैं, जिसमें एक पर हाईकोर्ट से स्टे है। अखिलेश यादव कन्नौज से तीन बार और एक बार आजमगढ़ से सांसद रहे हैं। इन दिनों वह मैनपुरी की करहल सीट से विधायक हैं। उन्होंने गुरुवार को नामांकन पत्र भरते समय जो हलफनामा दायर किया है। उसके मुताबिक उनका मुख्य व्यवसाय कृषि है। सांसद व विधायक का वेतन से भी आय हो रही है।

प्यार का दर्दनाक अंत: जीवनभर एक साथ रहना चाहता था प्रेमी जोड़ा, धर्म बनी दीवार, दोनों पी लिया जहर; मौत

वाराणसी, एजेंसी। वाराणसी के दानगंज में हिंदू-मुस्लिम प्रेम को लेकर परिजनों ने प्रेमी और प्रेमिका पर दबाव बनाया। साथ ही कहा कि इस प्रेम संबंध को तोड़ दो। इससे नाराज चोलापुर थाना क्षेत्र के दो गांव में प्रेमी और प्रेमिका ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पी लिया जिससे उनकी मौत हो गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के भिदुरऔर कोईलो गांव के गैर हिंदू से प्रेमी-प्रेमिका में काफी दिनों से प्रेम संबंध चल रहा था। इसकी जानकारी परिजनों को हुई थी तो दोनों पक्षों के बीच इस बात को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई थी। गुरुवार के दिन प्रेमी निवासी भिदुर आरिफ और कोईलो निवासी प्रेमिका में प्रियंका आपस में मिलने का स्थान तय हुआ। प्रेमी द्वारा प्रेमिका को बुलाकर कोल्ड ड्रिंक में विषाख्त पदार्थ मिला दिया गया था। दोनों ने कोल्ड ड्रिंक को पी लिया। यहां से घर जाने पर दोनों की स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों ने उन्हें चोलापुर चिकित्सालय लाया, जहां पर उन्हें जिला अस्पताल को रेफर किया गया।

जून में रफ्तार पकड़ेगी शिक्षक भर्ती, जुलाई में परीक्षा की तैयारी

प्रयागराज, एजेंसी। पूर्व से तैनात आयोग कर्मियों ने लंबित भर्तियां पर काम शुरू कर दिया है। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा जुलाई में कराने की तैयारी है और इसके बाद टीजीटी/पीजीटी के पदों पर भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती से जुड़े सभी दस्तोवज उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से शिक्षा सेवा चयन आयोग में शिफ्ट कर दिए गए हैं। अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों और अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में लंबित पड़ी शिक्षक भर्ती जून में रफ्तार पकड़ेगी। चुनाव परिणाम आने के बाद नए शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष और परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति कर दी जाएगी। हालांकि, पूर्व से तैनात आयोग कर्मियों ने लंबित भर्तियां पर काम शुरू कर दिया है। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा जुलाई में कराने की तैयारी है और इसके बाद टीजीटी/पीजीटी के पदों पर भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती से जुड़े सभी दस्तोवज उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से शिक्षा सेवा चयन आयोग में शिफ्ट कर दिए गए हैं। शिक्षा सेवा चयन आयोग के सूत्रों के मुताबिक शासन से निर्देश मिले हैं कि जुलाई

के अंत या अगस्त की शुरुआत में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा कराने की तैयारी अभी से कर ली जाए। अशासकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 1017 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया अगस्त-2022 में पूरी हो चुकी है और इसके लिए 1.14 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं।

पिकअप की चपेट में आने से स्कूटी सवार छात्र की मौत, हादसे के बाद चालक फरार, तलाश जारी

आजमगढ़, एजेंसी। घटना के बाद पिकअप चालक मौके पर वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची अतरौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को घटना की सूचना दिया। परिजनों के पहुंचने पर पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आजमगढ़ के अतरौलिया थाना क्षेत्र के पंडौली नंदना गांव के पास शुक्रवार की सुबह स्कूटी से स्कूल जा रहे छात्र को पिकअप ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक मौके पर ही वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटना करने वाले पिकअप को भी अपनी कस्टडी में ले लिया है। अतरौलिया थाना के अमारी गांव निवासी प्रभाष जायसवार (12) पुत्र बृजेश कुमार प्राइवेट स्कूल में पढ़ता था। रोज की भांति शुक्रवार को वह घर से स्कूल जाने के लिए निकला तो बस छूट गई। वह पुन- घर



आया और स्कूटी लेकर स्कूल के लिए रवाना हुआ। अभी वह पंडौली नंदना के पास ही पहुंचा था कि अतरैठ की तरफ से आ रही बर्फ की सिल्ली लदी पिकअप ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में प्रभाष की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली पिकअप को अपनी कस्टडी में ले लिया।

सीएम योगी के चूरन वाले बयान पर शिवपाल यादव का पलटवार, कहा- इनकी हार पक्की है

बदायूं , एजेंसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चूरन वाले बयान को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कपड़े तो संतों के पहनते हैं, लेकिन संतों का ज्ञान नहीं है। शिवपाल ने कहा कि सत्यनारायण की कथा के बाद प्रसाद बांटा जाता है, लेकिन वो इसे चूरन बता रहे हैं। चूरन

चटनी खाने वाले व्यक्ति ने बहुत से लोगों का हाजमा दुरुस्त कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर उन्होंने कहा कि वो बौखला रहे हैं, इन्होंने जनता को भ्रमित किया है, उनकी हार पक्की है। शिवपाल यादव ने कहा यह समझ चुके हैं कि पहले चरण में हार चुके हैं, पश्चिम से हवा चल पड़ी है और पूर्व तक चलते-चलते आंधी बन जाएगी।

दो लड़कों की फ्लॉप जोड़ी से विकास की उम्मीद नहीं: पीएम मोदी

शाहजहांपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है, उससे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं? हमारी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारी शक्ति पहली प्राथमिकता है। हमने चार करोड़ गरीबों को पीएम आवास के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाओं के नाम पर बनवाए गए हैं। यही नहीं, हम तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थी। ऐसे लोग आपको मंजूर हैं क्या? सपा वाले तो ऐसे थे कि जो आतंकी जेल में थे, उनको रिहा करवाने के लिए कानूनी रास्ते खोज रहे थे। क्या ऐसे लोगों के हाथ में आपका भविष्य सुरक्षित है? आज भी ये सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। पहले लखनऊ-कानपुर में आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा-कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम किया ही नहीं, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें। उन्होंने आगे कहा कि सपा वालों ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाई थी। कांग्रेस वाले राम मंदिर बनने से रोक रहे थे। मंदिर

निर्माण को रोकने के लिए सपा कांग्रेस ने कई पाप किए। इनके पाप माफ करके मंदिर के ट्रस्टी ने घर जाकर निमंत्रण दिया। राम मंदिर का निमंत्रण मिलना सात जन्मों का पुण्य है। इन्होंने इसे भी ठुकरा दिया। यह चुनाव सिर्फ सांसद बनाने और सरकार बनाने भर का नहीं है। इस चुनाव में आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है।

विदेश से फोन पर तीन तलाक, जबरन रिश्तेदार से कराया हलाला

मुजफ्फरनगर, एजेंसी। सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद भी महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामले थमते नजर नहीं आ रहे हैं, मगर कुछ महिलाएं अभी भी निकाह, तीन तलाक और हलाला जैसे अपराधों का शिकार हो रही हैं। मुज़फ्फरनगर के थाना चरथावल क्षेत्र के एक गांव मे एक विवाहिता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर बताया कि विदेश में रह रहे उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया है। महिला की शादी लगभग 15 साल पहले गांव पावटी निवासी वसीम से हुई थी।

उसके तीन बच्चे उवैस, तबरेज व सिदरा हैं।

शादी के बाद से ही उसका पति वसीम, सास, ननंद उसे परेशान करते रहे हैं। वो शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का शिकार होती आई। महिला के पति वसीम ने कुछ महीने पहले विदेश से फोन पर उसे तीन तलाक दे दिया, जिसके बाद महिला डर के कारण अपने मायके चली गई। उसका पति जब विदेश से आया तो उसने कहा कि तू मेरे मामा के लड़के से हलाला कर ले, तब मैं अपने पास रखूंगा, जिसके बाद ससुराल वालों ने जबरदस्ती उसका हलाला करवा दिया। मगर उसके बाद भी उसके पति ने उससे निकाह नहीं किया।

महिला ने कहा कि उसके साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। पीड़िता ने एसपी के साथ-साथ यह शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है। महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

संपादकीय

शतरंज-गुकेश की जय

शतरंज की दुनिया में सतरह वर्षीय डी गुकेश ने जो इतिहास रचा है, वह बहुत सुखद और स्वागत के योग्य है। रविवार को टोरंटो में एफआईडीई कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले वह पहले किशोर बन गए हैं। वह सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर्स भी बन गए हैं और विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय भी। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ियों के लिए चुनौती बन गए हैं और अब तक के सबसे श्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से वह पिछले वर्ष ही आगे निकल चुके हैं। ध्यान रहे कि आनंद तीन दशक से भी ज्यादा समय तक देश के अव्वल खिलाड़ी रहे हैं और अब उनका स्थान गुकेश ने ले लिया है। गुकेश ने अंतिम दौर में नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ के साथ कैंडिडेट्स में जीत दर्ज की है। अगला विश्व शतरंज चैंपियन बनने के लिए उनका सामना डिंग लिरेन से होगा। टोरंटो में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गुकेश को आला दरजे का प्रतिद्वंद्वी नहीं माना जा रहा था, अत- शतरंज की दुनिया के लिए भी गुकेश किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। गुकेश की इस सफलता के पीछे उनका लंबा संघर्ष छिपा है। 29 मई, 2006 को चेन्नई में जन्म लेने वाले गुकेश ने महज सात साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। शतरंज की दुनिया में उन्हें महज 12 की उम्र में ही पहचान मिल गई थी, जब उन्हें ग्रैंडमास्टर का दरजा मिला था। गुकेश की दुर्लभ प्रतिभा की जितनी तारीफ की जाए कम होगी। अक्सर ऐसे खिलाड़ी हुए हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ रैंकिंग में लुढ़कने लगते हैं, पर गुकेश लगातार सीढ़ियां चढ़ रहे हैं। उनके प्रदर्शन में विरल किस्म की स्थिरता है। पर्याप्त तेजी और आक्रामकता है। किसी भी आक्रमण का जवाब वह बहुत आराम से देते हैं। उनके आक्रमण में गहराई है, जिससे प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी डगमगा जाते हैं। किसी हार के बाद वह तत्काल जीत के लिए प्रयासरत हो जाते हैं। यही खूबियां उन्हें बहुत कम समय में दुर्लभ ऊंचाई पर ले आई हैं। यहां विश्वनाथन आंनद भी उनकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। बधाइयों का तांता लगा हुआ है, तो जाहिर है, इससे भारत में शतरंज को और बढ़ावा मिलेगा। भारत शतरंज खिलाड़ियों का एक पुराना गढ़ है, पर यदा-कदा चमक बिखेर देने वाले खिलाड़ियों के बजाय सतत चमकने वाले खिलाड़ियों की जरूरत है। गुकेश में यह क्षमता है कि वह विश्व चैंपियन की पदवी पर वर्षों तक बने रह सकते हैं। यह सोने पर सुहागे जैसा है कि वह विश्व चैंपियनशिप मैच में खेलने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर बन जाएंगे। गौर करने की बात है कि विश्वनाथन आनंद ने कैंडिडेट्स में भाग लेने जाने वाले खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें प्रेरित किया था। आनंद ने यह बताया था कि किन मुश्किलों के बीच उन्होंने साल 2014 में यह टूर्नामेंट जीता था। यह प्रेरणा निश्चित ही भारतीय खिलाड़ियों के काम आई है। गुकेश, विदित, प्रगनानंद, वैशाली और हंपी ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया था और इन सभी के बीच गुकेश सबसे अव्वल रहे, तो आनंद को कोई आश्चर्य नहीं है। आनंद नई पीढ़ी के इन भारतीय शतरंज खिलाड़ियों की मजबूत मनोदशा और अथाह प्रतिभा से अच्छी तरह परिचित हैं। नई पीढ़ी के खिलाड़ियों में किसी भी प्रकार का भय या चिंता नहीं है। उनका पूरा ध्यान बाजी जीतने पर होता है और यही बात विश्व चैंपियनशिप में गुकेश के काम आएगी, जब उनका मुकाबला वर्तमान चैंपियन चीनी खिलाड़ी डिंग लिरेन से होगा।

हिन्दुत्व के ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

वर्तमान में विश्व समुदाय भारत व भारतीय संस्कृति अर्थात् हिन्दू संस्कृति-हिन्दुत्व के प्रति बड़ी ही आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। आज विश्व भारत के बारे में पूर्व की कूटरचित दुराग्रही धारणाओं से मुक्त होकर- नए ढंग से मूल भारत को देखने-जानने-समझने और आत्मसात करने की ओर अग्रसर हुआ है। इसमें निश्चय ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हिन्दुत्व के ग्लोबल ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में माननीय भूमिका है।

(कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल)

प्रधानमंत्री मोदी जिस प्रकार से राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए एक श्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। ठीक उसी प्रकार से वे अपनी हिन्दुत्व के प्रति आदर-श्रद्धा-भक्ति एवं निष्ठा के लिए भी जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्तमान में विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में ख्यातिलब्ध हो चुके हैं। भारतीय राजनीति से लेकर वैश्विक राजनीति में उनके विचारों एवं निर्णयों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है?। यह सब इसलिए सम्भव हो पा रहा है क्योंकि वे भारत के 'स्व' के अधिष्ठान को अपना ध्येय बनाकर सतत् गतिमान हैं। भारत का यह 'स्व'- सनातन हिन्दुत्व के वे मानबिन्दु एवं चिरकालिक शाश्वत मूल्य बोध हैं जिन्हें उन्होंने प्रखरता के साथ अपनी कार्यशैली से प्रकट किया है। वर्ष 2014 में प्रथम बार सांसद एवं प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचित होते ही संसद प्रवेश के समय प्रवेश द्वार पर साष्टांग दंडवत प्रणाम से ही उन्होंने नए संकेत दे दिए थे। वे थे हिन्दू अस्मिता और हिन्दुत्व के प्रति अनन्य निष्ठा के भाव। आगे चलकर विश्व इतिहास में रेखांकित की जाने वाली तारीख 5 अगस्त 2020 को मोदी का एक नया रूप देखने को मिला। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण के भूमि-पूजन के साथ ही पुनश्च एक नया शंखनाद किया?। जोकि आगे चलकर पौष शुक्ल द्वादशी तदनुसार 22 जनवरी 2024 को रामलला के नूतन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही नूतन शक्ति संचार के रूप में दर्ज हो गया। इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्णरूपेण वैदिक विधान के साथ 11 दिवसीय कठोर व्रत का पालन करते हुए अपने तपस्वी साधक रुप का परिचय दिया था। उक्त अवसर पर उनके उद्बोधन का यह अंश उनके उसी भाव विचार को प्रकट करता है 22 जनवरी, 2024, ये कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं। ये एक नए कालचक्र का उद्गम है। राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से प्रतिदिन पूरे देश में उमंग और उत्साह बढ़ता ही जा रहा था। निर्माण कार्य देख, देशवासियों में हर दिन एक नया विश्वास पैदा हो रहा था। आज हमें सदियों के उस धैर्य की धरोहर मिली है, आज हमें श्रीराम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा हो रहा राष्ट्र, अतीत के हर दंश से हौसला लेता हुआ राष्ट्र, ऐसे ही नव इतिहास का सृजन करता है। आज से हजार साल बाद भी लोग आज की इस तारीख की, आज के इस पल की चर्चा करेंगे। और ये कितनी बड़ी रामकृपा है कि हम इस पल को जी रहे हैं, इसे साक्षात घटित होते देख रहे हैं। आज दिन-दिशाएँ... दिग-दिगंत... सब दिव्यता से परिपूर्ण हैं। ये समय, सामान्य समय नहीं है। ये काल के चक्र पर सर्वकालिक स्याही से अंकित हो रहीं अमिट स्मृति रेखाएँ हैं।

साथ आगे अपने अखंड संकल्प को व्यियक्त करते हुए कहते हैं : हमें अपनी चेतना को देव से देश, राम से राष्ट्र- देवता से राष्ट्र तक विस्तारित करना है। यह भव्य मंदिर वैभवशाली भारत के उत्कर्ष और उदय का गवाह बनेगा। यह भारत का समय है और हम आगे बढ़ रहे हैं। मोदी जिस ढंग से हिन्दुत्व के नायक के रूप में अपने कार्य वैशिष्ट्य के साथ गतिमान है। वह स्वर्णिम भारत के भविष्य की आधारशिला के रूप में इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज होता चला जा रहा। एक राजनेता जब साधक एवं तपस्वी के रूप में राष्ट्र जीवन को दिशा देता है तो निश्चय ही उसके सुफल पुण्यता का पथ प्रशस्त करने वाले होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जिस प्रकार से राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए एक श्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। ठीक उसी प्रकार से वे अपनी हिन्दुत्व के प्रति आदर-श्रद्धा-भक्ति एवं निष्ठा के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली एवं विचार निष्ठा से एक भारतीय राजनीति में हिन्दुत्व की अपरिहार्यता की नई लकीर खींच दी है?। इसी के कारण स्वतंत्रता के बाद से भारतीय राजनीति में हिन्दू व हिन्दुत्व की अस्मिता के विरुद्ध रोपी गई सेकुलरिज्म की विषबेल समाप्ति की ओर है। नरेन्द्र मोदी ने अपनी वेशभूषा, खान-पान एवं कार्य-व्यवहार में जिस ढंग से हिन्दुत्व के मूल्यों को आत्मसात करते हुए सार्वजनिक रूप से प्रकट किया है। उसका लोहा समूचा विश्व मानने लगा है?। वर्षों तक हिन्दुत्व के प्रति दुराग्रह एवं घृणा का जो षड्यंत्र सत्तालोलुपों ने तुष्टिकरण के चलते रचा। उसे नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी पर आते ही क्रमशः ध्वस्त कर दिया। प्रधानमंत्री अपने निजी जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन में हिन्दू परम्पराओं के अनुसार आचरण करते हुए निरंतर दिखते हैं। वे शक्ति के उपासना पर्व 'नवरात्रि' में निराहार व्रत रहते हैं?। माथे पर चंदन, रुद्राक्ष की माला, भगवा वस्त्र और पूजन अर्चन के समस्त विधि विधानों का नि- संकोच पालन करते हैं?। अपनी आस्था के प्रति इस प्रकार की निष्ठा ने उन कई सारी भ्रान्तियों को भी तोड़ा है जो इन परम्पराओं पर लगातार कुठाराघात करते थे। आज विदेशी राजनेता और राजनयिक हमारी सम्बोधन पध्दति के शब्द 'नमस्ते' को बड़े ही आदर के साथ अपनाते हैं और उसका प्रयोग करते हैं?। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के चलते ही 21 जून 2015 को 'अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मान्यता मिली। साथ ही यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की ही छाप है कि- आज विश्व के विभिन्न देशों में भारतीय दर्शन एवं ज्ञान परम्पराओं जुड़े हुए धर्मग्रंथों- वेद, उपनिषद, श्रीमद्भगवद्गीता, रामायण एवं महाभारत के मूल्यों पर खुलकर चर्चा की जा रही है। उन्हें अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई की यात्रा के दौरान ही वहां की सरकार ने राजधानी आबू धाबी में मंदिर निर्माण की स्वीकृति एवं जमीन देने की घोषणा की थी। यूएई के उसी पहले हिन्दू मंदिर का विधिवत उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने 14 फरवरी 2024 को किया। यह अपने आप में ऐतिहासिक एवं अनुपमेय था। इसी प्रकार भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने के पश्चात भारतीय संस्कृति से जुड़े हुए विविध पहलुओं से जी 20 देश परिचित हुए। चाहे बात 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की थीम की हो याकि बात भारत मंडपम् के बाहर लगी हुई 'नटराज' की 27 फीट ऊंची प्रतिमा हो। इसके साथ ही 13 वीं सदी में बने कोणार्क के सूर्य मंदिर को दर्शाना हो। याकि विश्व को ज्ञान कोष से समृद्ध करने वाले नालंदा विश्वविद्यालय के ध्वंसावशेषों की स्मृतियों को विश्व समुदाय के ध्यान में लाना हो। 'वॉल ऑफ डेमोक्रेसी' के द्वारा भारत की सनातनी लोकतान्त्रिक प्रणाली एवं आदर्शों से भी साक्षात्कार करवाया। जब वे संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच से भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' अर्थात् लोकतन्त्र की जननी के रूप में विभिन्न उदाहरण देते हुए परिभाषित करते हैं तो इससे एक अमिट चिन्ह बनते हैं।

भारतीय सहकारी समितियों को दुनिया भर में पहुंचाया जाए

(जॉर्ज स्कारिया, अर्थशास्त्री)

पिछले हफ्ते गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने मिशिगन मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (एमएमपीए) के साथ साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत ब्रांडेड अमूल दूध अमेरिका में हजारों लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। यह कामयाबी कई कारणों से महत्वपूर्ण है। एक, अमूल के उत्पाद पहले से ही करीब 50 देशों में भले निर्यात किए जा रहे हैं, पर यह पहली बार है कि इसका ब्रांडेड ताजा दूध भारत के बाहर लॉन्च किया जा रहा है। दूसरा, यह कदम अभी अमेरिका तक सीमित है, लेकिन इसमें अन्य देशों में भी अमूल के लिए द्वार खोलने की क्षमता है। तीसरा, यह देश की दूसरी सहकारी समितियों के लिए वैश्विक स्तर पर विस्तार का आधार बनाता है। दरअसल, पिछले दो दशक में कॉरपोरेट भारत में अनेक वैश्विक कंपनियों का उदय हुआ है, पर सहकारी समितियों के मामले में ऐसा नहीं हो पाया। यह हालात बदलने का समय है। सहकारी समिति कानून 25 मार्च, 1904 को बना था। 14 दिसंबर, 1946 को खेड़ा जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ, जिसे अमूल के नाम से जाना जाता है, पंजीकृत किया गया था। सन् 1947 में देश की आजादी के बाद सहकारी आंदोलन को बढ़ावा मिला और यह पंचवर्षीय योजनाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। अक्तूबर 1964 में आणंद, गुजरात की यात्रा पर दुग्ध सहकारी समितियों द्वारा लाए गए सामाजिक-आर्थिक बदलावों से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक राष्ट्रीय स्तर के संगठन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की स्थापना की कल्पना की थी। पूरे देश में दुग्ध सहकारी समितियों की आणंद शैली को दोहराना था। गौरतलब है, 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद सहकारी समितियां दबाव में आ गईं। अंतत- उन पर ज्यादा ध्यान देने के लिए जुलाई 2021 में कृषि मंत्रालय से अलग करके केंद्रीय सहकारी मंत्रालय बनाया गया। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर करीब 30 करोड़ सदस्यों वाली 8,50,000 से अधिक सहकारी समितियां हैं, जो डेयरी, कृषि, ऋण, मत्स्य पालन, हथकरघा और चीनी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इनमें से दो, जीसीएमएमएफ व इफको दुनिया की अग्रणी सहकारी समितियों में शुमार हैं। भारतीय सहकारी समितियों की वैश्विक पहुंच की क्या स्थिति है? जीसीएमएमएफ द्वारा अमेरिका में ताजा ब्रांडेड अमूल दूध पेश करने का कदम दूसरी भारतीय सहकारी समितियों को वैश्विक स्तर पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। भारत की श्वेत क्रांति के जनक वर्गीज कुरियन के करिश्माई नेतृत्व ने अमूल की कामयाबी में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत को दूध की कमी वाले देश से दूध की अधिकता वाले देश में बदलकर उन्होंने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। वैश्विक दुग्ध उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत हो चुकी है। वैसे, मलयेशिया, न्यूजीलैंड, कनाडा और केन्या जैसे देशों में भी सहकारी समितियां खूब फली-फूली हैं, उनसे भी हमें सीखने की जरूरत है। संयोगवश, संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित कर रखा है, इसलिए भारत के सहकारी आंदोलन के वैश्वीकरण का एक विशेष संदर्भ बन जाता है।न्यूजीलैंड में फोंटेरा (डेयरी के लिए), वॉलनट कोऑपरेटिव व जेस्प्री (कीवी फल के लिए) जैसे मजबूत वैश्विक सहकारी संगठन हैं। ये सभी सहकारी संगठन बिजनेस एनजेड नामक एक व्यापक संगठन का हिस्सा हैं, जो अपने सदस्य संस्थानों को प्रशासन, विपणन, प्रौद्योगिकी सहायता और साझेदारी के लिए कार्यशालाओं व गतिविधियों के जरिये वैश्विक स्तर पर सहायता करता है। यह संगठन एक कार्यक्रम भी संचालित करता है, ताकि सहकारी संस्थाएं दीर्घायु हों। वैसे, वैश्विक पहुंच और मान्यता के लिए पूरे सहकारी क्षेत्र को विकसित करने की कोशिश के बजाय सरकार सर्वश्रेष्ठ सहकारी समितियों का चुनिंदा समूह बना सकती है। सार्वजनिक उद्यमों की नवरत्न अवधारणा की तरह वह वैश्विक भारतीय सहकारी समितियों के रूप में 10-12 राष्ट्रीय व राज्य सहकारी समितियों को चुन सकती है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5352

3	2		8		5		7	
		7						3
	1	5	7					
		2					3	1
	4		3	9	1		5	
1	5					8		
					7	3	4	
8						9		
	3		1		4		6	7

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5351

7	3	2	5	6	1	8	4	9
8	1	5	4	2	9	3	7	6
6	9	4	7	8	3	5	2	1
1	8	3	6	5	2	7	9	4
4	2	9	8	1	7	6	3	5
5	7	6	9	3	4	2	1	8
9	4	8	3	7	5	1	6	2
3	6	1	2	9	8	4	5	7
2	5	7	1	4	6	9	8	3

आज का राशिफल

मेष

आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपके अच्छे कार्यों से आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। आपकी रुचि धर्म कर्म के कार्य में बढ़ेगी। आप सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे। आपको रात के वक्त सेहत बिगड़ने की वजह से काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

वृष

आज काम काफी सोचकर करें। आपको नुकसान होने की आशंका है। काम करने में आपका मन नहीं लगेगा। कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है, इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। सायंकाल से लेकर रात्रि तक भी छोटे-मोटे कष्ट और मानहानि हो सकती है। आपको पैसों के मामले में किसी पर भरोसा करने की जरूरत नहीं है।

मिथुन

आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने की वजह से बाधा और हानि होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। रात्रि का समय आनंद में बीतेगा और आपके सुख में वृद्धि होगी।

कर्क

आज कार्ययोजनाएं सफल होंगी। आपको आज बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना है। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके पद और अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक आपके ज्ञान में वृद्धि होगी।

सिंह

आज कुछ मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी कार्ययोजनाओं में अच्छा मुनाफा होगा। यदि आप किसी वित्तीय संस्था से लोन लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

कन्या

आज आपको सफलता व यश की प्राप्ति होगी। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें तो कोई विशेष सफलता मिलेगी। नौकर-चाकर व सांसारिक सुख भोगों का विस्तार होगा। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे। सायंकाल से रात्रि तक का समय धार्मिक मामलों में खुशनुमा बीतेगा।

तुला

आज का दिन शुभ है और आज अगर आप एक व्यापारी हैं तो मुनाफा अच्छा होगा और आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा। आपको सामाजिक कार्य के मामले में लाभ होगा और आपकी इमेज में सुधार होगा। आप में अभिमान भर जाएगा।

वृश्चिक

आज दिन शुभ है। आपके अधिकारों में वृद्धि के साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन व्यय कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई व सेवा मन लगाकर दिल से करते रहे हैं, इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। रात में आपकी सेहत बिगड़ सकती है, ध्यान रखें और बाहर का खाने से बचें।

मकर

आज सुख में वृद्धि होगी और रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी। आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी। आप बुद्धि विवेक से हर कार्य करेंगे। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। अकस्मात आपकी संतान के लिए कष्ट के योग बन रहे हैं। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे सावधान रहें।

कुंभ

आज भाग्य साथ देगा। विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य में आपको हानि हो सकती है। भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और लाभ होगा। नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें। आगे चलकर लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

धनु

आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। यदि आपकी प्रोन्नति रुकी है तो उसमें लाभ होगा। आज आप अपने प्रयास से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आज आपको अधिक मेहनत करने पर सफलता का स्वाद चखने को मिलेगा। आपके स्वास्थ्य में खराबी आ सकती है।

मीन

आज विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य में आपको हानि हो सकती है। भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और लाभ होगा। नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें। आगे चलकर लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

वर्ग पहेली 5352



संकेत: बाएं से दाएं

1. विम्बल्डन टेनिस में अपनी जीत दर्ज कराने वाली प्रथम भारतीय महिला (5)
4. चंद्रमा के पुत्र जो नवग्रहों में से एक है (2)
6. जो भाग्य में लिखा हो, प्रारब्ध (2)
7. प्रेमी, सनम, बलामा (3)
8. झंकृत होना, झंकारना (4)
10. दिन, दिवस (2)
11. रपटन, फिसलाहट, आलुभन (4)
13. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि (2)
15. आरूढ, एक संगीत वर्ण (3)
16. दंडादेश, अलंकृत (2)
19. अवाम, पब्लिक, रैयत (2)
21. सन् 2015 की सुपरहिट फिल्मों में से एक (4)
22. मिट्टी खोदने का एक फावडेनुमा औजार (3)

ऊपर से नीचे

1. गुजरात की एक प्रसिद्ध नदी जिसके किनारे अहमदाबाद व गांधीगन जैसे नगर बसे हुए है (5)
2. उपपति, समाधान, निराकण (3)
3. प्राप्त हुआ, उपलब्ध होना, समाविष्ट होना, सादृश्य होना (3)
4. कायर, डरपोक, भीरू (4)
5. जिसके पास अपार संपत्ति हो, रईस, धनपति (4)
9. व्याकरण में वह शब्द जिसके वाक्य पर कर्ता की क्रिया का प्रभाव पड़े, वह जो किया जावे (2)
11. कांच के उद्योग के लिए प्रसिद्ध है उत्तर प्रदेश का यह नगर विशेषतः चूड़ी बनाने के लिए (5)
12. दस्खत, हस्ताक्षर, हकीकत (2)
14. सरगम फिल्म से अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली अभिनेत्री जो इन दिनों राजनीति में सक्रिय है (4)
15. अग्नि, आंच, अंचति, हुतभोजी (2)
17. कारण, हेतु (3)
18. नकली, कूटकृत, नेट, मैश (2)
20. षड्यंत्र, कूटयुक्ति, पुशपाश (2)

वर्ग पहेली 5351 का हल

अ	नि	ल	अं	बा	नी	■	वि
का	जी	■	ग	ल	■	वि	श्व
ल	■	मो	द	क	■	ला	ना
ग्र	ह	■	■	■	श	प	थ
स्त	न	हा	र	■	मी	■	न
■	न	ल	क	■	म	हु	आ
बु	■	■	मी	ना	■	■	नं
त	खी	र	■	म	क	स	द

मिर्च लगाएं बगिया में बहार लायें

पौधशाला (नर्सरी) क्या है?-पौधशाला या रोपणी अथवा नर्सरी एक ऐसा स्थान हैं जहां पर बीज अथवा पौधे के अन्य भागों से नये पौधों को तैयार करने के लिये उचित प्रबंध किया जाता है. पौधशाला का क्षेत्र सीमित होने के कारण देखभाल करना आसान एवं सस्ता होता है.

पौधशाला के लिये स्थान का चुनाव

- पौधशाला के समीप बहुत बड़ा वृक्ष न हो.
- भूमि उपजाऊ, दोमट, खरपतवार रहित तथा अच्छे जल निकास वाली हो, अम्लीय/क्षारीय भूमि का चयन न करें.
- लंबे समय तक धूप रहती हो.
- पौधशाला के पास सिंचाई जल की सुविधा उपलब्ध हो.
- चयनित क्षेत्र अपेक्षाकृत ऊंचा हो ताकि पानी न ठहरे.
- एक फसल के पौध उगाने के बाद दूसरी बार पौध उगाने का स्थान बदल दें. यानी फसल चक्र अपनायें.

रोपणी का आकार

आदर्श नर्सरी या रोपणी के लिये कुल क्षेत्र की सीमा निश्चित तौर पर निर्धारित नहीं की जा सकती है. जितनी फसलों के लिये और जितने क्षेत्र की आवश्यकता के लिये पौध तैयार करना होती है उसके ऊपर पौधशाला का आकार/क्षेत्र निर्भर होता है.

पौधशाला में क्यारियों का आकार

सामान्यतया पौधशाला में क्यारियों का आकार लंबाई में 3 से 5 मी., चौड़ाई में 1.0 से 1.2 मीटर और ऊंचाई में भूमि से 15-20 से.मी. ऊंचा रखा जाता है.प्रत्येक दो क्यारियों के बीच में लंबाई एवं चौड़ाई में दोनों तरफ 50 से.मी. का स्थान आवागमन की सुविधा के लिये छोड़ा जाता है. एक फसल के एक हेक्टर क्षेत्र में आवश्यक पौध की संख्या का निर्धारण, पौध रोपाई का कतार से कतार एवं पौध से पौध का अंतर एवं एक स्थान पर रोपे जाने वाले पौधों की संख्या के ऊपर निर्भर होता है. सामान्यत: मिर्च के लिये रोपण अंतर 45345 से.मी.रखने पर 4 3 1 3 0.2 मी. आकार की 25-27 (100 से 108 वर्ग मी.) क्यारियों की आवश्यकता पड़ती है. उन्नत किस्मों के 1.2 कि.ग्रा. बीज और संकर किस्मों के लिये 400 से 500 ग्राम बीज प्रति हेक्टर की आवश्यकता होती है.

क्यारियों की तैयारी एवं उपचार

पौधशाला की मिट्टी की एक बार गहरी जुताई करें या फिर फावड़े-गैंती की मदद से खुदाई करें.खुदाई करने के पश्चात् ढेले फोड़कर गुड़ाई करके मिट्टी को भुरभुरी बना लें तथा उगे हुए सभी खरपतवार निकाल दें. फिर उचित आकार की क्यारियां बनायें. इन क्यारियों में प्रति वर्ग मीटर की दर से 2 कि.ग्रा. गोबर या कम्पोस्ट की सड़ी खाद या फिर 500 ग्राम केंचुए की खाद मिट्टी में अच्छी तरह मिलायें. यदि मिट्टी हल्की भारी हो तो प्रति वर्ग मीटर के लिये 2.5 कि.ग्रा. रेत अवश्य मिलायें.

क्यारी मिट्टी का उपचार

भूमि में विभिन्न प्रकार के कीड़े एवं रोगों के फफूंद, जीवाणु आदि पहले से रहते हैं जो उपयुक्त वातावरण पाकर क्रियाशील हो जाते हैं व आगे चलकर फसल को विभिन्न अवस्थाओं में हानि पहुंचाते हैं. अत: नर्सरी की मिट्टी का उपचार करना आवश्यक है.

सूर्यताप से उपचार

इस विधि में पौधशाला में क्यारी बनाकर उसकी जुताई-गुड़ाई करके हल्की सिंचाई कर दी जाती है जिससे मिट्टी गीली हो जाये. अब इस मिट्टी को पारदर्शी 200-300 गेज मोटाई की पालीथिन की चादर से ढंककर किनारों को मिट्टी या ईंट से दबा दें ताकि पालीथिन के अंदर बाहरी हवा और अंदर की वाष्प बाहर न निकल सके. ऐसा उपचार लगभग 4-5 सप्ताह तक करें. यह कार्य 15 अप्रैल से 15 जून तक किया जा सकता है. क्योंकि इस समय तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहता है.उपचार उपरांत पालीथिन शीट हटाकर भूमि की तैयारी कर बीज बोयें. सूर्यताप उपचार से भूमि जनित रोग कारक जैसे फफूंदी, निमेटोड (सूत्रकृमि), कीट खरपतवार आदि की संख्या में भारी कमी हो जाती है. कभी-कभी क्यारी की भूमि को व्यावसायिक फार्मेल्डिहाइड 40 प्रतिशत से, 250 मि.ली. 10 लीटर पानी में बने घोल से प्रत्येक क्यारी को गीला कर देते हैं और क्यारी को पहले की ही तरह पालीथिन शीट से ढंक देते हैं. 5-6 दिन बाद शीट हटाकर गुड़ाई करके 1-2 दिन के लिये खुला छोड़ देते हैं. तदुपरांत क्यारी तैयार कर बीज बोते हैं.

रसायनों द्वारा भूमि उपचार

बीज बोवाई के 4-5 दिन पहले क्यारी को फोरेट 10 जी एक ग्राम अथवा क्लोरोपायरीफास 5 मि.ली. प्रति ली. पानी के हिसाब से अथवा कार्बोफ्यूरान 5 ग्राम प्रति वर्गमीटर के हिसाब से भूमि में मिलाकर उपचार करते हैं. कभी-कभी फफूंदनाशक दवा कैप्टान 2 ग्राम/वर्ग मीटर के हिसाब से मिलाकर भी भूमि उपचार किया जाता है.

जैविक विधि

क्यारी की भूमि का जैविक विधि से उपचार करने के लिये ट्राइकोडर्मा विरडी की 8-10 ग्राम मात्रा को 10 किलो गोबर खाद में मिलाकर क्यारी में बिखेर देते हैं तत्पश्चात् सिंचाई कर देते हैं. जब भूमि का जैविक विधि से उपचार करें तब अन्य किसी रसायन का प्रयोग न करें.

बीज खरीदने में सावधानियां

- बीज अनुशंसित किस्म का शुद्ध एवं साफ हो. द्य अंकुरण क्षमता 80-85 प्रतिशत हो.
- बीज किसी प्रमाणित संस्था, शासकीय बीज विक्रय केंद्र, अनुसंधान केंद्र अथवा विश्वसनीय विक्रेता से ही लेना चाहिए. बीज प्रमाणिकता का टैग लगा पैकेट खरीदें.
- बीज खरीदते समय पैकेट पर अंकित किस्म, उत्पादन वर्ष, अंकुरण प्रतिशत, बीज उपचारण आदि अवश्य देख लें. ताकि पुराने बीज से बचा जा सके.
- बीज बोते समय ही पैकेट खोलें.

बीज उपचार

रोपणी में बीज को सदैव उपचारित करके ही बोना चाहिये ताकि बीज जनित फफूंद से फैलने वाले रोगों को नियंत्रित किया सके. बीज उपचार के लिये 1.5 ग्राम थाइरम+1.5 ग्राम कार्बेन्डाजिम (बाविस्टीन) अथवा 2.5 ग्राम डाइथेन एम-45 या 4 ग्राम ट्राइकोडर्मा विरडी का प्रति किलो बीज के हिसाब से प्रयोग करना चाहिए. यदि क्यारी की भूमि का उपचार जैविक विधि से (ट्राइकोडर्मा) से किया गया है तो बीजोपचार भी ट्राइकोडर्मा विरडी से करें.

बीज बोने की विधि

क्यारियों में सर्वप्रथम उसकी चौड़ाई के समानान्तर 7-10 से.मी. की दूरी पर 1 से.मी. गहरी पंक्तियां बना लें तथा इन्हीं पंक्तियों पर बीज लगभग 1 से.मी. के अंतर से बोते हैं. बीज बोने के पश्चात कम्पोस्ट, मिट्टी व रेत के 1:1:1 के 5-6 ग्राम थाइरम या केप्टान से उपचारित मिश्रण से 0.5 से.मी. की ऊंचाई तक ढंक देते हैं.

क्यारियों को पलवार से ढंकना

बीज बोने के बाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पुआल, सरकन्डा गन्ने के सूखे पत्ते या ज्वार-मक्का के बने टटिये से ढंक देते हैं. ताकि मिट्टी में नमी बनी रहे और सिंचाई करने पर पानी सीधे ढंके हुए बीजों पर न पड़े अन्यथा मिश्रण बीज से हट जायेगा और बीज का अंकुरण प्रभावित होगा.

सिंचाई

क्यारियों में बीज बोने के बाद 5-6 दिनों तक हजारे/झारे से हल्की सिंचाई करें ताकि बीज ज्यादा पानी पाकर बैठ न जाये. वर्षाऋतु में क्यारी की नालियों में उपस्थित अधिक पानी को पौधशाला से बाहर निकालना चाहिए. क्यारियों से पलवार/घास-फूस तब हटायें जब लगभग 50 प्रतिशत बीजों का अंकुरण हो चुका हो. बीज बुवाई के बाद यह अवस्था मिर्च में 7-8 दिन बाद, टमाटर में 6-7 दिन बाद व बैंगन में 5-6 दिन बाद आती है.

खरपतवार नियंत्रण

क्यारियों में उपचार के बाद भी यदि खरपतवार उगते हैं तो उन्हें हाथ से निकालते रहना चाहिए इसके लिये पतली लंबी डंडियों की भी मदद ली जा सकती है. अच्छा होगा यदि पेन्डीमिथालीन (स्टाम्प 34) की 3 मि.ली. मात्रा प्रति ली. पानी में घोलकर बीज बुवाई के 48 घंटे की भीतर क्यारियों में छिड़क दें, उससे खरपतवार की समस्या का निदान हो जायेगा.

जरूरी है मिट्टी की नब्ज टटोलना

मिट्टी परीक्षण के लाभ

- मिट्टी परीक्षण से उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा का पता चलती है तथा जरूरत के मुताबिक संतुलित उर्वरक देना आसान हो जाता है.
- उर्वरकों के संतुलित उपयोग से उपज अधिक तथा लागत में कमी एवं शुद्ध लाभ में वृद्धि होती है।

- खेत की उपजाऊ शक्ति लम्बे समय तक बनी रहती है। मिट्टी परीक्षण जैविक खेती का आधार मुख्य है।

खेत की मिट्टी का परीक्षण कैसे करायें।

- मिट्टी का परीक्षण कराने के लिये खेत से मिट्टी का नमूना लेकर उसे पास की मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा जाता है। खेत से मिट्टी का नमूना लेना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है।

नमूना लेने का तरीका

- पूरे खेत को आकार एवं समरूपता के आधार पर 1 से 2.5 एकड़ के खण्ड में बांट लेते हैं।
- प्रत्येक खण्ड को एक नम्बर या नाम देते हैं।
- प्रत्येक खण्ड से मिट्टी का एक नमूना तैयार किया जाता है।
- एक नमूना तैयार करने के लिये उस खंड में (जिसका नमूना तैयार करना है।) 10 से 20 स्थानों से आधा-आधा किलो मिट्टी इकट्ठी करते हैं।
- प्रत्येक स्थान से मिट्टी लेते समय मिट्टी की ऊपरी परत से कचरा एवं डंठल साफ कर देना चाहिए।
- साफ करने के बाद प्रत्येक स्थानर पर व्ही के आकार का 15-20 सेमी गहरा गड्ढा करते है।
- हर स्थान से गडढे के किसी भी किनारे से गहराई में ऊपर से नीचे तक की एक इंच मोटी मिट्टी की तह को प्लास्टिक की बाल्टी या कपड़े में इकट्ठा करते हैं।
- एकत्र मिट्टी का एक ढेर बनाकर (+) धन का निशान बनाते हुये ढेर को चार बराबर भागों में बांटते हैं।
- आमने-सामने के दो भागों की मिट्टी को हटाकर शेष दो भागों की मिट्टी का ढेर बनाते है।
- इसके बाद पुन: क्र. 8 से 9 की क्रिया दोहराते हैं।
- जब आधा किलो का ढेर शेष रह जाये वही उस खण्ड का मिट्टी का नमूना होगा।
- इस नमूने को कपड़े की थैली में भरकर एक नमूना पत्रक (जिसमें कृषक का नाम, पता, खेत का नाम या नम्बर, बोई जाने वाली फसल, नमूने लेने का दिनांक, खेत का क्षेत्रफल आदि लिखा हो) थैली के अंदर डालते हैं।
- यह नमूना परीक्षण कराने हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से अथवा स्वयं मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में पहुंचाना चाहिये।

गर्मी में उड़द उगायें लाभ कमायें

गहरी जुताई करने से पौधों की जड़ें पर्याप्त गहराई तक भूमि में जाती है, जिससे सूखे की स्थिति में पौधे की जड़े निचली सतहों से नमी का भरपूर उपयोग करती है. गर्मी के मौसम में हल्की मिट्टियों मे कम जुताई करके भी सिंचाई करके उसकी बोआई की जा सकती है.

मौसम संबंधी अनुकूलता

उड़द के अधिक उत्पादन के लिए जनन अवस्था में खूब चमकीली धूप चाहिए क्योंकि चमकीली धूप से फली निर्माण अधिक होता है और उपज अच्छी होती है.

खेत की तैयारी

उड़द को जिस खेत में बोना है, उसमें पहले उपयुक्त हल से जुताई करें, फिर हैरो चलावें और पाटा लगाकर खेत को समतल करें. गहरी जुताई करने से पौधों की जड़ें पर्याप्त गहराई तक भूमि में जाती है, जिससे सूखे की स्थिति में पौधे की जड़े निचली सतहों से नमी का भरपूर उपयोग करती है. गर्मी के मौसम में हल्की मिट्टियों मे कम जुताई करके भी सिंचाई करके उसकी बोआई की जा सकती है. इससे समय धन और श्रम की पर्याप्त बचत हो जाती है और अच्छी उपज मिल जाती है.

बुआई का समय

गर्मी के मौसम में उड़द की फसल को मार्च के आखिरी दिनों या 10 अप्रैल तक बोना उपयुक्त समझा जाता है. इस अवधि में बोई गई फसल से अधिकतम उपज मिलने के प्रमाण मिले हैं. इस मौसम में बुआई में देरी करने से यदि बरसात जल्दी हो जाती है तो उड़द की फलियाँ सड़ जाती हैं और उपज घट जाती है.

पादप सघनता और बीज दर

उड़द की अधिक उपज प्राप्त करने के लिए उचित पादप संख्या आवश्यक है. गर्मी के मौसम में उगाई गई उड़द की फसल में पौध संख्या खरीफ की तुलना में अधिक होती है क्योंकि खरीफ के मौसम में पादप वृद्धि अधिक होती है जबकि गर्मी के मौसम में उड़द की पादप वृद्धि अपेक्षाकृत कम होती है.ग्रीष्मकाल में उड़द के लिये 20 किलोग्राम प्रति हेक्टर बीज पर्याप्त होता है. कतारों में 30 से.मी. अंतर और पौधे से पौधे की दूरी 7 से.मी. रखें. बीज की गहराई 4 से.मी. रखें.

उन्नत किस्म का चुनाव

विभिन्न राज्यों के लिये अनुमोदित की गई जायद मौसम (गर्मियों में) बोई जाने वाली उड़द की उन्नत जातियाँ

आहार पोषण

43 किलो यूरिया, 250 किलो सिंगल सुपर फास्फेट तथा 66 किलो पोटाश/हे. दिया जाये. उड़द की ग्रंथिकायुक्त जड़ों में यौगिकीकरण की प्रक्रिया अच्छी तरह होती है जिससे उसकी नाइट्रोजन आवश्यकता लगभग पूरी हो जाती है. अधिकांश क्षेत्रों में जहां उड़द की खेती की जाती है, वहाँ मिट्टी से संबंधित जीवाणुओं की पर्याप्त संख्या होती है जिससे इन क्षेत्रों में बीज निवेशन की आवश्यकता नहीं पड़ती है. नयी तोड़ी गई भूमि में ऐसे क्षेत्रों में जहां इसकी खेती पिछले कई वर्षों में नहीं गई है बीज निवेशन अवश्य करना चाहिए.

निंदाई-गुड़ाई

खरपतवार फसलों को अपेक्षाकृत अनुमान से कहीं अधिक क्षति पहुंचाते हैं अत: विपुल उत्पादन के लिये अपनाये महंगे कृषि प्रसाधन, खरपतवारों की वजह से व्यर्थ न जाने पायें, इसके लिये समय-समय पर निंदाई-गुड़ाई कोल्पा या डोरा चलाकर करें. (बुआई के 30 दिन बाद) खरपतवार नियंत्रण से दाने की उपज पर्याप्त बढ़ जाती है.

सिंचाई

बसंतकालीन और ग्रीष्मकालीन उड़द की फसल पूरी तरह सिंचाई पर निर्भर करती है. बसंत ऋतु में 10 से 15 दिन के अंतर पर फसल की सिंचाई करना आवश्यक होता है. पहली सिंचाई बुआई के 20 दिन बाद करनी चाहिए. इस मौसम में उड़द में मूंग की अपेक्षा अधिक जल्दी सिंचाई करनी पड़ती है. पैदावार : जायद में बोई गई उड़द की शुद्ध बीज वाली फसल की पैदावार 12 से 15 क्विंटल प्रति हे. तक हो सकती है.

तू 37 की बरस का, मैं 44 बरस की..तलाक के बाद 7 साल छोटे अमोल पाराशर के लिए धड़का कोंकणा सेन शर्मा का दिल!

ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का बंधन गजल गायक स्वर्गीय जगजीत सिंह का यह गीत आज भी आप सभी के जुबां पर होगा। स्वर्गीय जगजीत सिंह के गाने के ये बोल इंडस्ट्री के कई स्टार्स ने अपने जीवन में उतार लिया है। प्यार के आगे उनके लिए उम्र महज एक नम्बर बनकर ही रह गया है। इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं जो अपने से बड़े शख्स को डेट कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में बॉलीवुड की सबसे टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक हसीना का नाम शामिल हो गया। तलाकशुदा इस एक्ट्रेस को अपने से 7 साल छोटे एक्टर को दिल दे बैठी हैं। ये हसीना और कोई नहीं बल्कि कोंकणा सेन शर्मा हैं। जी हां, बीते कई समय से चर्चा थी कि कोंकणासेन शर्मा, अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं? अब इन चर्चाओं को एक्टर के पूर्व पति और एक्टर रणवीर शौरी ने भी इनडायरेक्टली कन्फर्म कर दिया है। रणवीर शौरी ने एक ऐसा ट्वीट किया है, जिससे इशारा मिल रहा है कि कोंकणा सेन और अमोल पाराशर के बीच कुछ चल रहा है। हाल ही एकपर एक पैरोडी अकाउंट से एक ट्वीट किया गया। राजनेताओं और अन्य हस्तियों पर कटाक्ष करने के लिए मशहूर इस अकाउंट पर लिखा गया कि कोंकणा सेन शर्मा ने मोदी भक्त रणवीर शौरी को छोड़कर सेक्युलर अमोल पाराशर को डेट करने का सबसे अच्छा फैसला लिया।इस ट्वीट को रणवीर शोरी ने रीट्वीट करते हुए लिखा, मैं इससे सहमत हूं। अब एक्टर के इस कमेंट से हलचल मच गई। फैंस को लगने लगा है कि कोंकणा वाकई एक्टर अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं। इस ट्वीट से सोशल मीडिया पर सनसनी मच गई है।

अपने करियर में मैं अनदेखी 3 जैसा प्रोजेक्ट करना चाहती थी: हेली दारूवाला

एक्ट्रेस हेली दारूवाला, जो अपनी अगली सीरीज अनदेखी 3 की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने कहानी को रोमांचकारी बताया है। शो में हेली महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं, हालांकि उन्होंने भूमिका के बारे में जानकारी को गुप्त रखा है। जिस चीज ने उन्हें इस भूमिका की ओर आकर्षित किया वह थी शो की स्क्रिप्ट और कहानी। हेली ने कहा, अनदेखी एक बेहद लोकप्रिय शो है और मुझे सीजन 3 का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। टीम ने कहानी को रोमांचकारी बनाए रखने का शानदार काम किया है और यह उस तरह का प्रोजेक्ट है जिसकी मैं तलाश कर रही थी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, जिस तरह से मेरे ट्रैक ने आकार लिया है, उससे मैं बेहद खुश हूं और मैं 10 मई को दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। अनदेखी 3 10 मई को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह

एक्ट्रेस व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया- खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फ्रेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।

गीतांजलि मिश्रा ने दिखाया अपना समर कलेक्शन

टीवी शो हप्पू की उलटन पलटन की गीतांजलि मिश्रा ने गर्मियों के लिए अपने कपड़ों के कलेक्शन के बारे में बात की। मुंबई में काफी गर्मी पड़ती है। ऐसे में, एक्टर्स को अपने हेल्थ के साथ-साथ फैशन का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इस कड़ी में गीतांजलि ने सीजन को देखते हुए अपनी अलमारी में कपड़ों को सेट कर लिया है। गर्मियों के लिए कपड़ों के कलेक्शन के बारे में बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा, मैं समर फैशन में कंफर्ट को ज्यादा महत्व देती है। मैं लूज पैंट और आरामदायक कॉटन शर्ट चुनती हूं। उन्होंने आगे कहा,इसके अलावा, मैं स्लीपर पहनना पसंद करती हूं, जिसके साथ आप हमेशा दिन या रात में एडवेंचर के लिए तैयार रहते हैं। समर फैशन में सिर्फ कपड़े ही नहीं, एक्सेसरीज भी मायने रखते हैं। उन्होंने कहा- डार्क शेड्स के सनग्लासेस और गॉगल्स तेज धूप में आपको कूल रखता है। इसके अलावा परफ्यूम भी आपको दुर्गंध से दूर रखता है और फ्रेगरेंस आपको रिफ्रेश रखती है। लेगिंग दिन के माहौल से लेकर रात के समय में भी आरामदायक है, जो कंफर्ट और स्टाइल दोनों प्रदान करती है।हप्पू की उलटन पलटन का प्रसारण एंड टीवी पर होता है।

हीरामंडी प्रीमियर में शामिल हुईं अंकिता लोखंडे संजय लीला भंसाली के निर्देशन की प्रशंसा की

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे हाल ही में अपने पति विक्की जैन के साथ संजय लीला भंसाली निर्देशित हीरामंडी के प्रीमियर में शामिल हुईं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर संजय लीला भंसाली के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा कि कैसे वह फ़िल्ममेकर के ग्रैंड विजन से पूरी तरह से पूरी तरह आश्चर्यचकित थीं। पोस्ट के कैप्शन के रूप में उन्होंने लिखा द वे ही प्रेजेंट्स वूमन इन हिज फ़िल्म इज ए मास्टरक्लास टू एव्री फ़िल्ममेकर आउट देर ऑन हाऊ टू यूज एक्ट्रेसेस स्ट्रेंथ एस एन एडिशन टू द नैरेटिव. आई पर्सनली एम ए बिग फैन ऑफ संजय सर वर्क एंड टू विटनेस हिज मैजेस्टिक मास्टरपीस, दैट मोमेंट वॉज टोटली वर्थ इट. एव्री फ्रेम इज ग्रैंड, एव्री करैक्टर लिव्स एन इम्प्रैशन. एव्री एक्ट्रेस इज ड्रीम-लाइक!

जब ट्रोलर्स कहते हैं- अरे बूढ़ी हो गई..अरे मोटी हो गई, तो ऐसे निपटती हैं लारा दत्ता

लारा दत्ता ने कहा कि उनकी सोशल मीडिया पर उतनी ही मौजूदगी है, जितना वह चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें फॉलोअर्स जैसी और भी दूसरी चीजें चाहिए तो उसके साथ आने वाली हर एक चीज के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर आए दिन किसी न किसी कलाकार को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। कौन-सा कलाकार कब ट्रोल हो जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रोल होने वाले कई कलाकार पलटकर तगड़ा जवाब दे देते हैं तो कई चुप रहने में ही भलाई समझते हैं। हाल ही में, अभिनेत्री लारा दत्ता ने ट्रोलिंग के इस मसले पर बातचीत की है।

ट्रोल की बातों से मेरी जिंदगी पर कोई असर नहीं पड़ता

ट्रोलिंग से निपटने के सवाल पर लारा दत्ता ने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं है कि लोगों को अपनी राय रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि कई लोग कहते हैं कि अरे बूढ़ी हो गई है..अरे मोटी हो गई। लेकिन क्या इन बातों से मेरे जिंदगी पर कोई असर पड़ेगा? नहीं पड़ेगा। मुझे पता है कि ट्रोल करने वाले हैंडल के पीछे कुछ गुमनाम लोग होते हैं। मैं नहीं जानती कि ऐसा करने वाले लोग अपनी जिंदगी में क्या कर रहे हैं। इसलिए, मैं किसी और के बारे में अपनी कोई राय नहीं रख सकती।

ज्यादा फॉलोअर्स के लिए दूसरी चीजों के लिए तैयार रहना होगा

लारा दत्ता ने कहा कि उनकी सोशल मीडिया पर उतनी ही मौजूदगी है, जितना वह चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें फॉलोअर्स जैसी और भी दूसरी चीजें चाहिए तो उसके साथ आने वाली हर एक चीज के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। वह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी चीजों को केवल उन्हीं लोगों के साथ साझा करना चाहती हैं, जो उनके सच्चे फॉलोअर्स है।

मुझे लड़कियां पसंद हैं... अब जाकर हुआ एहसास

महज 22 साल की उम्र में दुनियाभर में अपनी सिंगिंग से धूम मचाने वाली बिली एलीश ने पहली बार अपनी यौन इच्छाओं और पसंद-नापसंद पर चुप्पी तोड़ी है। सिंगर ने एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें लड़के नहीं,बल्कि लड़कियां पसंद है। बिली एलीश का कहना है कि उन्हें पिछले साल इसका एहसास हुआ है।

अमेरिकी सिंगर बिली एलीश के नाम से आप जरूर वाकिफ होंगे। महज 22 साल की बिली, दो-दो ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वह नौ ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं। उनके नाम दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी है।

इस महीने की शुरुआत में बिली एलीश ने कोचेला म्यूजिक वैली फेस्टिवल में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से सबको दीवाना बना दिया। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा भी हुआ, जिसे देख सब चौंक गए। बिली एलीश ने स्टेज पर यूट्यूबर क्रेनलिन ब्लैकवेल को सरेआम चूम लिया। इसके बाद से ही बिली की सेक्सुएलिटी फैंस के बीच चर्चा का विषय है। बहरहाल, अब सिंगर ने खुद ही यह साफ कर दिया है कि उन्हें लड़के नहीं, बल्कि लड़कियां पसंद हैं।

बिली एलीश ने सेक्सुएलिटी पर कही दो टूक बात

जाहिर तौर पर बिली एलीश का यह गाना महिलाओं के साथ प्यार करने की बात करता है।

अब नए इंटव्यू में इस पर बात करते हुए वह कहती हैं, यह गाना असल में उस एक चीज का हिस्सा था, जिसने मुझे वह बनाया, जो मैं वाकई हूं। मैंने इसके कुछ बोल हालांकि, तब लिखे थे, जब मैं किसी लड़की के साथ रिश्ते में नहीं थी। मैं जीवनभर लड़कियों से ही प्यार करती रही हूं, लेकिन मैं इसे समझ नहीं पाई। पिछले साल मुझे यह एहसास हुआ कि मैं कौन हूं।

बीते साल मैगजीन की रिपोर्ट पर भड़कीं थी बिली एलीश

वैसे, बिली एलीश का यह नया बयान तब आया है, जब पिछले साल उन्होंने सेक्सुएलिटी को लेकर नवंबर 2023 में वेरायटी मैगजीन की रिपोर्ट की जमकर आलोचना की थी। तब उन्होंने कहा था, मैं कभी भी अपनी सेक्सुएलिटी के बारे में बात नहीं करने वाली, ना ही ऐसा कुछ प्लान कर रही हूं। यह बहुत निराशाजनक है कि यह रिपोर्ट आई है।

संक्षिप्त समाचार

रियलमी ने नार्ज़ो श्रृंखला का विस्तार करते हुए रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी पेश किया

नई दिल्ली,एजेंसी। सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी नार्ज़ो श्रृंखला में रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज़ में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोनः रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्ज़ो 70 5जी पेश किए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज़ है, जो यूज़र्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। भारत में स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ का उपयोग करने वाले यूज़र्स की संख्या 16 मिलियन से ज्यादा है।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हमें रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है यह यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है यह सीरीज़ स्मार्टफोन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है जो यूज़र्स को लगातार विकसित होते हुए डिजिटल परिदृश्य में संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन की गई है। अपनी आधुनिक और शक्तिशाली विशेषताओं के साथ रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन के अनुभव को बदल देगी। भारत में 16 मिलियन से ज्यादा यूज़र्स तक पहुँचकर अपने कदमों का विस्तार करते हुए हमें विश्वास है कि रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन उद्योग में नए मानक स्थापित कर देगी। रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के साथ कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस का नया युग शुरू करने की तैयारी कर लीजिए। इन डिवाईसेज़ को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिज़ाईन किया गया है, ताकि यूज़र्स अपने अद्वितीय स्टाईल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेंड में सबसे आगे रह सकें। ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ उपलब्ध कराने के लिए रियलमी और अमेज़न ने गठबंधन किया है।

आकाश के ऋषि सोंगिरकर एआईआर 642 हासिल कर बने भोपाल सिटी टॉपर

भोपाल, एजेंसी। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने भोपाल से अपने स्टूडेंट् ऋषि की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99.97 परसेंटाइल हासिल किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सिटी टॉपर ऋषि सोंगिरकर ने 99.97 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) व एआईआर 642 हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, ÷उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है.

सरकार को महंगाई घटने का भरोसा, अच्छे संकेत दे रहे मॉनसून के अनुमान

नई, एजेंसी। सरकार 2024 में मॉनसूनी बारिश सामान्य से ऊपर रहने के अनुमान के बीच खाद्य वस्तुओं की कीमत कम होने की उम्मीद कर रही है। गुरुवार को जारी वित्त मंत्रालय की मार्च की मासिक आर्थिक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आगे चलकर विदेशी मुद्रा की तेज आवक और व्यापार घाटा अनुकूल रहने के कारण रुपए के बेहतर दायरे में रहने का अनुमान है। आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है, 'आने वाले समय में खाद्य कीमत में और कमी की संभावना है क्योंकि मौसम विभाग ने मॉनसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया है। इसकी वजह से बारिश के बेहतर वितरण रहने पर उत्पादन अधिक रह सकता है।'

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है और यह कोविड-19 महामारी के बाद के निचले स्तर पर पहुंच गई है। खाद्य महंगाई फरवरी में 8.7 फीसदी थी, जो मार्च में घटकर 8.5 फीसदी पर आ गई। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में सावधानी का रुख अपनाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई 4 फीसदी के लक्ष्य पास पहुंच रही है लेकिन मौसम खराब रहने, कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण महंगाई का जोखिम बना हुआ है। मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का आर्थिक प्रदर्शन मजबूत रहा है, इससे सभी सेक्टरों में बेहतर प्रदर्शन के संकेत मिलते हैं। इससे वैश्विक विकास में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका की दावेदारी बनती है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अंतरराष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक के चालू वित्त वर्ष के ग्रोथ ऑउटलुक के आकलन के मुताबिक भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना हुआ है।'

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख संकेतकों से पता चलता है कि मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों क्षेत्रों के विस्तार से कुल मिलाकर आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी रहेगी। इसमें कहा गया है, 'भू-राजनीतिक तनाव चिंता का विषय बना हुआ है। लेकिन हाल के घटनाक्रम के बावजूद जोखिम की धारणा नरम पड़ी है, जिससे वृद्धि की संभावना बढ़ी है।' वित्त मंत्रालय उम्मीद कर रहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के व्यापक इस्तेमाल के साथ व्यापार घाटा आने वाले वर्षों में कम होगा, भले ही वैश्विक व्यापार में सुस्ती से चुनौतियां सामने आ रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक व्यापार में सुस्ती के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान देश के निर्यात बॉस्केट में अहम बनकर उभरे हैं।

मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की हिस्सेदारी 6.7 फीसदी थी। यह 2022-23 के 23.6 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 29.1 अरब डॉलर हो गया है। मासिक समीक्षा में कहा गया है कि ईएफटीए ट्रेड ऐंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (ञ्जश्वक्र) जैसे रणनीतिक व्यापार समझौतों से वैश्विक व्यापार में विस्तार को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

डेलॉयट ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.6प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान

नई, एजेंसी। दुनिया में भू-राजनीति तनाव के कारण कई देशों में मंदी की आशंका है। वहीं, भारतीय अर्थव्यवस्था इस नए वित्त वर्ष में भी शानदार प्रदर्शन करने वाली है। भारतीय अर्थव्यवस्था में यह मजबूती मिडिल क्लास उपभोक्ताओं के कारण बनी हुई है। डेलॉयट इंडिया की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मिडिल क्लास की इनकम तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें प्रमुख फैक्टर रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने तिमाही के आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद में कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की भी संभावना है। मजूमदार ने कहा कि मजबूत आर्थिक गतिविधि के दम पर पूर्वानुमानित अवधि में मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य स्तर चार प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है। मूडीज ने भी भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। मूडीज एनालिटिक्स ने 'एपीएसी आउटलुक- लिसनिंग थ्रू द नॉइज़' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में कहा, दक्षिण व दक्षिण पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में इस साल सबसे मजबूत उत्पादन लाभ देखने को मिलेगा, लेकिन वैश्विक महामारी के बाद देरी से वापसी के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में 'डिस्कवरी आईक्यू जेन2' पीईटी सीटी स्कैन मशीन के उपयोग की शुरुआत हुई, जिसे अत्याधुनिक कैंसर उपचार समाधानों के लिए शुद्धता

अहमदाबाद, एजेंसी। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने आज बड़े गर्व के साथ कैंसर के इलाज में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी- पीईटी (पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी) सीटी स्कैनर डिस्कवरी आईक्यू जेन2 को लॉन्च किया है। यह अत्याधुनिक उपकरण मरीजों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है।डिस्कवरी आईक्यू जेन2 पीईटी सीटी स्कैन मशीन वास्तव में कैंसर के इलाज के लिए टेक्नोलॉजी का एक उन्नत संस्करण है, जो बेहतर गुणवत्ता वाली तस्वीर, रेडिएशन की कम डोज, स्कैनिंग की तेज गति और डायग्नोसिस में पहले से कई गुना बेहतर सटीकता जैसे फायदे प्रदान करती है। ये सारी सुविधाएँ अधिक सटीक ढंग से डायग्नोसिस, बेहतर उपचार योजना और कैंसर के उपचार के साथ-साथ चिकित्सा के दूसरे क्षेत्रों में मरीजों के परिणामों में सुधार में योगदान देती हैं।

स्विगी लाएगी 120 करोड़ डॉलर का आईपीओ, नए शेयरों से 3,750 करोड़ जुटाने की योजना

नई, एजेंसी, एजेंसी। ऑनलाइन ऑर्डर पर खाना पहुंचाने वाली कंपनी स्विगी 1.2 अरब डॉलर का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती है। कंपनी पंजीयक को दी गई जानकारी से पता चला है कि स्विगी के इस प्रस्ताव को उसके शेयरधारकों ने मंजूरी दे दी है। बेंगलूरु की यह कंपनी नए शेयर जारी कर करीब 3,750 करोड़ रुपए (लगभग 45 करोड़ डॉलर) जुटाने की योजना बना रही है। वह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिये 6,664 करोड़ रुपए और आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से करीब 750 करोड़ रुपए जुटाने के बारे में भी सोच रही है। स्विगी का आईपीओ इसी साल आ सकता है। मगर अभी तक उसने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास निर्गम के दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के अनुसार स्विगी में सबसे अधिक करीब 32 फीसदी हिस्सेदारी प्रोसस की है। उसमें सॉफ्टबैंक की 8 फीसदी, एस्सेल की 6.2 फीसदी, संस्थापक समूह की 6.7 फीसदी और एलिवेशन कैपिटल की 4.4 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा नॉर्वेस्ट, टेनसेंट, डीएसटी ग्लोबल और अल्फा वेव ने भी स्विगी में निवेश आईपीओ को शेयरधारकों की मंजूरी का खुलासा 23 अप्रैल को स्विगी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) के एक दिन बाद हुआ है। ईजीएम में कंपनी के सह-संस्थापकों श्रीहर्ष मजेटी और नंदन रेड्डी को कंपनी का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।

डीसीबी बैंक ने की पूरे वर्ष वित्त वर्ष 2024 के परिणाम की घोषणा

मुंबई, एजेंसी। डीसीबी बैंक लिमिटेड (बीएसई- 532772; एनएसई- डीसीबी) के निदेशक मंडल ने 24 अप्रैल, 2024 को मुंबई में अपनी बैठक में 31 मार्च, 2024 (वित्त वर्ष 2024) को समाप्त चौथी तिमाही (वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही) और पूरे साल के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

मुख्य बातें:

1) वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए बैंक का कर पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 156 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कर पश्चात लाभ 142 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 के लिए बैंक का कर पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 15प्रतिशत की वृद्धि के साथ 536 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023 के लिए कर पश्चात लाभ 466 करोड़ रुपये था। 2) साल-दर-साल एडवांस में वृद्धि 19 प्रतिशत रही (साल-दर-साल मॉर्गेज वृद्धि 22त्न, सह-ऋण वृद्धि 23त्न, निर्माण ऋण वृद्धि 26प्रतिशत और कृषि एवं समावेशी बैंकिंग वृद्धि 30प्रतिशत) और जमा वृद्धि साल- दर-साल 20प्रतिशत पर रही। 3) 31 मार्च 2024 को सकल एनपीए 3.23 प्रतिशत था। 31 मार्च 2024 को शुद्ध एनपीए 1.11प्रतिशत था। 31 मार्च, 2024 को प्रावधान (प्रोविज़न) कवरेज अनुपात (पीसीआर) 77.30 प्रतिशत था और स्वर्ण ऋण एनपीए को शामिल किए बगैर पीसीआर 78.18प्रतिशत रहा।4) पूंजी पर्याप्तता मज़बूत बनी हुई है और 31 मार्च, 2024 तक, पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.59प्रतिशत था (बेसल-3 मानदंडों के अनुसार टियर-1 14.53प्रतिशत और टियर-2 2.06प्रतिशत के साथ)।वित्त वर्ष 2024 के परिणाम के बारे में निवर्तमान प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री मुरली एम. नटराजन ने कहा, मैं बैंक की प्रगति में योगदान देने का अवसर प्रदान करने के लिए सभी हितधारकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी और प्रबंधन टीम को शुभकामनाएं देता हूं जो इस बैंक को आगे ले जाएंगे। मुझे विश्वास है कि डीसीबी बैंक अपनी वृद्धि और मूल्य सृजन जारी रखेगा।÷वित्त वर्ष 2024 के परिणाम के बारे में मनोनीत प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री प्रवीण कुट्टी ने कहा,÷हम रणनीति के अनुसार चुनिंदा उत्पादों, अर्थात् मॉर्गेज, कृषि और समावेशी बैंकिंग, निर्माण ऋण और सोने में वृद्धि के साथ अपनी स्थिर पैमाने पर यात्रा जारी रखे हुए हैं। हमारी जमा फ्रेंचाइजी ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है और साथ ही अपनी ग्रैनुलर प्रोफाइल को बनाए रखा है। उन्नयन और रिकवरी अच्छी बनी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप ऋण की लागत कम हुई है।

527 भारतीय उत्पादों में कैंसर फैलाने वाला केमिकल, यूरोपीय यूनियन को मिला सबूत

नई, एजेंसी। यूरोपीय यूनियन ने सितंबर 2020 से लेकर अप्रैल 2024 के मध्य भारत द्वारा निर्यात किए गए 527 उत्पादों में कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियां पैदा करने वाले तत्व पाए हैं। हाल ही में हांगकांग और सिंगापुर ने

भारतीय उत्पादों में एथिलिन ऑक्साइड पाए जाने के कारण इन्हें प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी तरह के तत्व यूरोपियन फूड सेफ्टी ऑथोरिटी के अधिकारियों को पिछले करीब चार साल में भारतीय उत्पादों में देखने को मिले हैं। जिन भारतीय उत्पादों में कैंसर की बीमारी फैलाने वाले तत्व पाए गए हैं। उनमें ज्यादातर ड्राई फ्रूट और तिल (313), मसाले (60), डाइटिक फूड (48) और अन्य फूड आइटम (34) शामिल हैं। यूरोपियन फूड ऑथोरिटी द्वारा करीब 87 भारतीय कंसाइनमेंट को सीमाओं पर ही रोक दिया गया था, जबकि अन्य उत्पादों को बाद में बाजार में से हटाया गया।

एथिलिन ऑक्साइड एक बेरंगी गैस है। इसका इस्तेमाल पेस्ट्रीसाइड के तौर पर होता है। इस केमिकल को मेडिकल उपकरणों की सफाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। खाने की चीजों में इसके इस्तेमाल से लिम्फोमा और लिकुमिया जैसे कैंसर होते हैं। यूरोपियन यूनियन के सदस्यों द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच के लिए बनाए गए रैपिल अलर्ट सिस्ट फॉर फूड एंड फीड (आरएएसएफएफ) के आंकड़ों के मुताबिक, भारत से यूरोप भेजे गए 525 फूड उत्पादों और दो फीड उत्पादों में इस तरह के तत्व पाए गए। जांच में 332 उत्पाद ऐसे पाए गए जिनका मूल भारतीय है। रमैया एडवांस टेस्टिंग लैब के सीईओ जुबिन जॉर्ज का कहना है कि एथिलिन ऑक्साइड के अलावा इन उत्पादों में एथिलिन ग्लाइकोल जैसे तत्व भी पाए गए हैं। इसी तरह के उत्पादों के कारण अफ्रीका में कफ सीरफ पीने के चलते बच्चों की मौत हुई थी।

साइबर ठगी पर नकेल, संदिग्ध खाते होंगे फ्रीज, आरबीआईनिर्देशों में जल्द करेगा बदलाव

नई, एजेंसी। साइबर ठगी पर नकेल कसने के लिए आरबीआई बैंकों को संदिग्ध खातों के फ्रीज करने का अधिकार दे सकता है। इससे पीड़ितों को पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मुक्ति मिलेगी।

सरकार साइबर अपराधों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले संदिग्ध बैंक खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज करने की योजना बना रही है। तीन सूत्रों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इसके लिए जल्द ही अपने दिशानिर्देशों में बदलाव कर सकता है। नए निर्देशों के तहत, बैंकों को यह अधिकार मिल जाएगा कि वे ऐसे संदिग्ध खाते अस्थायी रूप से बंद कर सकेंगे। यह योजना तब सामने आई है, तब आंतरिक सरकारी आंकड़ों से पता चला कि साइबर धोखाधड़ी के कारण 2021 से वित्तीय संस्थानों में करीब 1.26 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अनुमान के मुताबिक, हर दिन धोखाधड़ी वाले करीब 4,000 खाते खोले जाते हैं। प्रतिदिन हजारों भारतीयों के बैंक खातों में फोन कॉल के जरिये सेंध लगाने की कोशिश की जाती है। सूत्रों ने कहा, ऐसी घटनाओं पर नकेल कसने के लिए आरबीआई बैंकों को संदिग्ध खातों के फ्रीज करने का अधिकार दे सकता है। इससे पीड़ितों को पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मुक्ति मिलेगी। अभी बैंक ऐसे खातों को तब फ्रीज करते हैं, जब पुलिस रिपोर्ट दर्ज करती है। इस प्रक्रिया में लंबा समय लग जाता है। सूत्रों में एक ने कहा, बैंकिंग नियामक गृह मंत्रालय की साइबर धोखाधड़ी से लड़ने वाली एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर बैंकों के लिए अपने दिशानिर्देश में संशोधन करेगा।

गुडनाइट सर्वेक्षण में हुआ खुलासा - मच्छरों के कारण होने वाली नींद की गड़बड़ी से भारत की आधी से अधिक उत्पादकता पर बुरा असर

भोपाल, एजेंसी। देश की आधे से अधिक (58 प्रतिशत) उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है, क्योंकि मच्छरों के कारण नींद में खलल पड़ने के कारण लोग तनावग्रस्त/थका हुआ महसूस करते हैं। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के भारत के अग्रणी घरेलू कीटनाशक ब्रांड गुडनाइट द्वारा जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से महत्वपूर्ण रहस्य सामने आया है। आगामी विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) को देखते हुए यह सर्वे और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 'वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स' टाइटल के साथ यह देशव्यापी सर्वे गुडनाइट द्वारा शुरू किया गया था, और बाजार अनुसंधान फर्म ल्वनळ्वअ द्वारा आयोजित किया गया था। यह सर्वे जनता के रुख की जांच करता है, और मच्छर जनित बीमारियों के खतरों का आकलन करता है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में भारत के चार क्षेत्रों - उत्तर (मध्य क्षेत्र के राज्यों सहित), दक्षिण, पश्चिम और पूर्व के उत्तरदाताओं को शामिल किया गया। गुडनाइट रिपोर्ट के अनुसार 62 प्रतिशत पुरुषों और 53 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि मच्छरों के कारण नींद में खलल की वजह से उनकी उत्पादकता प्रभावित हो रही है। यह विशेष रूप से भारत के हालिया आर्थिक उछाल के संदर्भ में चिंताजनक है, जहां एक स्वस्थ कार्यबल को सर्वोपरि माना जाता है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार, अकेले मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से भारत का आर्थिक बोझ लगभग 16000 करोड़ रुपए है। विभिन्न अनुमानों के अनुसार, लगभग 75 प्रतिशत आर्थिक बोझ भारतीयों की कमाई के नुकसान और शेष उपचार खर्चों के कारण पड़ता है।भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार, पश्चिम क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित हुआ। इस क्षेत्र के 67 प्रतिशत लोगों को लगता है कि मच्छरों के कारण नींद में खलल के कारण उनकी उत्पादकता प्रभावित हो रही है। दक्षिणी भारत 57 फीसदी लोगों के साथ दूसरे स्थान पर है, इसके बाद उत्तरी भारत के 56 फीसदी लोग शामिल हैं, और पूर्वी क्षेत्र के 49 फीसदी लोग प्रभावित हैं।गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर - इंडिया, अश्विन मूर्ति कहते हैं, ''गुडनाइट की 'वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स' टाइटल वाली राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण रिपोर्ट दरअसल जनता के रवैये पर प्रकाश डालती है और मच्छर जनित बीमारियों से जुड़े जोखिमों का मूल्यांकन करती है। ऐसी पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भारत में मच्छरों की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना, परिवारों को कार्रवाई करने में सक्षम बनाना और देश को किफायती लेकिन नवीन समाधान प्रदान करना है। भारत में प्रतिवर्ष 40 मिलियन से अधिक नागरिक मलेरिया, डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं। बीमारी, स्वास्थ्य देखभाल खर्च और कम उत्पादकता के कारण बड़ी मात्रा में आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

सैमसंग इंडिया ने सैमसंग इनोवेशन कैंपस का दूसरा सीजन लॉन्च किया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत - 24 अप्रैल, 2024 - भारत के सबसे बड़े कंज?यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने राष्ट्रीय कौशल प्रोग्राम - सैमसंग इनोवेशन कैंपस - के दूसरे सीजन को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग जैसे भविष्य के तकनीकी डोमेन में युवाओं को कुशल बनाने के लिए तैयार किया गया है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस का लक्ष्य 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में कुशल बनाना और उनकी रोजगार क्षमता को बेहतर करना है। यह प्रोग्राम भारत की विकास गाथा में एक मजबूत भागीदार और योगदान की दिशा में सैमसंग की प्रतिबद्धता को सामने लाता है है। इसे युवाओं के लिए सही अवसर पैदा करने के लिए स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी भारत सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में सैमसंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के बीच भारत भर में

3,500 छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस वर्ष यह प्रोग्राम केवल कौशल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होगा, बल्कि उससे आगे बढ़कर छात्रों के लिए और अधिक रोमांचक अवसरों को सामने लेकर आएगा। प्रत्येक डोमेन के राष्ट्रीय टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और साथ ही दिल्ली/एनसीआर में सैमसंग केंद्रों का दौरा करने का अवसर भी मिलेगा। इन केंद्रों का दौरा करने से छात्रों को सैमसंग की नेतृत्व टीम के साथ बातचीत करने और उनसे सीखने व समझने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के टॉपर्स को सैमसंग गैलेक्सी बड्स और सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टवॉच जैसे रोमांचक सैमसंग उत्पाद भी मिलेंगे। सैमसंग में साउथवेस?ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जे बी पार्क ने कहा, ÷सैमसंग भारत में पिछले 28 वर्षों से देश के विकास में प्रतिबद्ध भागीदार रहा है। हमारा दृष्टिकोण हमेशा युवाओं को कुशल बनाने और उन्हें पेशेवर विकास के अवसरों के साथ सशक्त बनाने के भारत सरकार के उद्देश्यों के साथ जुड़ा रहा है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस के माध्यम से, हम कौशल-आधारित शिक्षा का एक मंच तैयार कर रहे हैं जो युवाओं को प्रशिक्षित करके भविष्य के तकनीकी क्षेत्रों में नौकरी के अवसर पैदा करेगा और सार्थक बदलाव लाएगा।÷ ईएसएससीआई कौशल विकास मंत्रालय के तहत उद्योग संघों द्वारा प्रोमोटेड राष्ट्रीय स्तर का कौशल संगठन है और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के तहत एक सेक्टर स्किल काउंसिल के तौर पर काम करता है।

जियोसिनेमा प्रीमियम पर मात्र 29 रुपये प्रति माह पर, रोमांचक सीरीज़ का आनंद लें!

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय- इंडियन प्रीमियर लीग की ज़बरदस्त सफलता और एक पुरस्कार विजेता मनोरंजन पेशकश के साथ, जियोसिनेमा ने खुद को हर भारतीय घर की पहली पसंद के तौर पर स्थापित कर लिया है। अब डिवाइस प्रतिबंध, लो मलिटी के वीडियो और ज़्यादा लागत वाली सदस्यता योजनाओं जैसी उपभोक्ता के सामने पेश आने वाली प्रमुख बाधाओं को हल करते हुए जियोसिनेमा ने अपनी नई सदस्यता पेशकश जियो सिनेमा प्रीमियम की घोषणा की है। मात्र 29 रुपये मासिक से शुरू होने वाली नई प्लांस में विज्ञापनमुक्त 4के मलिटी और ऑफ़लाइन देखने के विकल्प उपलब्ध होंगे। सदस्य कनेक्टेड टीवी सहित किसी भी डिवाइस पर एक्सक्लूसिव सीरीज़, मूवी, हॉलीवुड, किड्स और टीवी मनोरंजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं। भारतीय घरों की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए मात्र 89 रुपये प्रति माह पर एक फ़ैमिली प्लान की भी घोषणा की गई है,जिसमें एक साथ 4 स्क्रीन पर देखने की अतिरिक्त सुविधा मिलती है। जियोसिनेमा के मौजूदा प्रीमियम सदस्य अब बिना किसी अतिरिक्त लागत के फैमिली प्लान के सभी अतिरिक्त लाभों का आनंद ले सकेंगे।

टी20 विश्व कप के लिए भारत की संभावित टीम

रोहित-कोहली कर सकते हैं ओपनिंग

नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2024 में हर मैच के साथ पुरुष टी20 विश्व कप चयन के लिए दावेदारों की सूची में एक नया नाम जुड़ जाता है। दूसरी ओर कुछ लोग अपने शानदार प्रदर्शन के माध्यम से अग्रणी बनने की ओर अग्रसर हैं। यह सब अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के लिए पिछले प्रदर्शन के आधार पर या आईपीएल 2024 में मौजूदा फॉर्म के आधार पर खिलाड़ियों को 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देना बड़ी समस्या बना देता है। टी20 विश्व कप के लिए टीम का ऐलान होना अभी बाकी है लेकिन किन सदस्यों को जगह मिल सकती है इस पर नजर डाल लेते हैं-

रोहित शर्मा (कप्तान)

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस साल फरवरी में घोषणा की थी कि वह मेगा इवेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। आईपीएल 2024 के आठ मैचों में रोहित ने 162.9 की स्ट्राइक रेट के साथ 303 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 105 रन भी शामिल हैं।

विराट कोहली

रोहित ने अफगानिस्तान श्रृंखला में जयसवाल और गिल के साथ ओपनिंग की, जबकि कोहली ने दो मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की, यह विश्व कप के लिए बदल सकता है। आईपीएल 2024 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी कोहली को रोहित के साथ सलामी बल्लेबाजी करने के लिए अपग्रेड किया जा सकता है।

सूर्यकुमार यादव

शीर्ष क्रम के पुरुष टी20आई बल्लेबाज पिछले कुछ वर्षों में अपने अपरंपरागत स्ट्रोकप्ले और उससे लगातार रन बनाने के कारण शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। टखने की चोट और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से लौटने के बाद सूर्यकुमार दो शून्य के बावजूद अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हैं जिन्होंने पांच पारियों में 140 रन बनाए हैं।

ऋषभ पंत

दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना में लगी विभिन्न चोटों से उबरने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से बाएं हाथ का विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी सर्वश्रेष्ठस्थिति में वापस आ रहा है। आईपीएल 2024 के 9 मैचों में पंत ने नौ पारियों में 48.86 के औसत और 161.32 के स्ट्राइक-रेट से 342 रन बनाए हैं। विकेटकीपर के रूप में पंत बेहद प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने 10 कैच लपके और तीन स्टंपिंग की।

शिवम दुबे

जब से चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें आईपीएल 2022 से पहले अपने साथ जोड़ा है, तब से दुबे टी20 में बल्लेबाजी के मामले में सचमुच उलटफेर कर गए हैं। दुबे को मध्य ओवरों में स्पिन-हिटर होने की भूमिका दी गई थी, जिसमें उन्होंने अपनी लंबी पहुंच और शक्तिशाली शॉट्स की बदौलत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अपने शानदार आईपीएल 2023 के आधार पर उन्होंने भारत की टी20आई टीम में वापसी की और अफगानिस्तान श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया।आईपीएल 2024 में भी दुबे ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बटोरे, खासकर शॉर्ट गेंदों के खिलाफ जो लंबे समय से उनकी दुश्मन रही है।

हार्दिक पांड्या

तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बल्ले और गेंद दोनों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, साथ ही आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के नेता भी हैं। लेकिन उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी दुबे को प्रभाव खिलाड़ी नियम के कारण आईपीएल 2024 में गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला। इसका मतलब है कि हार्दिक अपने कौशल के कारण 15 सदस्यीय टीम में शामिल हो जाएंगे।आईपीएल 2024 में हार्दिक उतने शानदार हिटर नहीं रहे, जितने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने 8 पारियों में केवल 151 रन बनाए और केवल सात छक्के लगाए। गेंद के साथ उन्होंने केवल 17 ओवर फेंके और 10.94 की इकॉनमी रेट से सिर्फ चार विकेट लिए।

रिंकू सिंह

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पारी की आखिरी 5 गेंदों पर पांच छक्कों के साथ सुर्खियां बटोरीं। एक ऐसा सीजन जहां उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग कौशल दिखाया। वह साल के अंत में भारत के लिए टी20आई में पदार्पण किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए जिनमें से सात में 176.23 की उच्च स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे। हालांकि उन्हें आईपीएल 2024 में केकेआर के लिए फिनिशर बनने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं।

रविंद्र जड़ेजा

जडेजा ने आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चार विकेट लिए हैं और बल्ले से 157 रन बनाए हैं जिसमें कई बार बल्लेबाजी करते समय फ्री होने के लिए संघर्ष करना भी शामिल है। वेस्टइंडीज में पहले खेलने और प्रारूप में एक क्लच खिलाड़ी होने का उनका अनुभव, विशेष रूप से उनकी गेंदबाजी को मदद करने वाली परिस्थितियां उन्हें विश्व कप के लिए एक योग्य खिलाड़ी बनाती हैं।

कुलदीप यादव

आईपीएल 2022 से पहले दिल्ली कैपिटल्स द्वारा चुने जाने के बाद से बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर का इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन रहा है। तब से आईपीएल में मजबूत प्रदर्शन (छह मैचों में 12 विकेट सहित), अंतरराष्ट्रीय वापसी और 5 विकेट लेने के साथ पिछले साल अपने जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विकेट लेने वाले कुलदीप का वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप में भारत के लिए मुख्य स्पिनर बनना निश्चित है।

जसप्रीत बुमराह

भारत को बुमराह के एक्स-फैक्टर की बहुत कमी खली, जब वह पीठ की चोट के कारण 2022 टी20 विश्व कप से चूक गए थे जिसके लिए सर्जरी की जरूरत थी। लेकिन तब से बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब 2024 टी20 विश्व कप में भारत के लिए नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आईपीएल 2024 में बुमराह आठ मैचों में 13 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

अर्शदीप सिंह

मोहम्मद शमी अकिलिस सर्जरी से उबर रहे हैं और मोहम्मद सिराज आईपीएल 2024 में सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं, इसका मतलब है कि अर्शदीप की भूमिका उस प्रारूप में बहुत अधिक महत्वपूर्ण होगी जिसने भारतीय टीम में उनके प्रवेश को प्रशस्त किया और 2022 टी20 विश्व कप में 10 विकेट लिए। हालांकि अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ आईपीएल 2024 में भी उनका फॉर्म ऊपर-नीचे होता रहा है, लेकिन पावर-प्ले और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने का अर्शदीप का कौशल विश्व कप में भारत के लिए उपयोगी हो सकता है।

आवेश खान

आवेश ने आईपीएल 2024 में अपनी डेथ ओवरों की गेंदबाजी में काफी सुधार दिखाया है और 9.41 की इकॉनमी रेट के साथ 8 विकेट लिए हैं, जिसमें उनकी वाइड यॉर्कर और धीमी गेंदें शामिल हैं। डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करने के अलावा, अगर भारतीय टीम सिराज का चयन नहीं करती है तो आवेश जरूरत पड़ने पर बीच के ओवरों में भी दमदार भूमिका निभा सकते हैं।

यशस्वी जयसवाल

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज का आईपीएल 2024 में लगातार कम स्कोर रहा, लेकिन उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 गेंदों में शतक बनाकर फॉर्म में वापसी की। मिश्रण में शुबमन गिल के साथ मुख्य रूप से विविधता और आक्रामकता के कारण चयनकर्ताओं द्वारा जयसवाल को मंजूरी दी जा सकती है, हालांकि काफी हद तक कोहली-रोहित ओपनिंग कॉम्बिनेशन की मांग उठ रही है।

अक्षर पटेल

विश्व कप टीम के लिए दावेदारी में विशेषज्ञ लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई हैं, लेकिन अक्षर मुख्य रूप से अपने हरफनमौला कौशल के कारण सबसे आगे हैं। हालांकि उन्होंने गेंद से ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं, लेकिन अक्षर कुलदीप के साथ मिलकर काम करते हुए होल्डिंग का काम करने में सक्षम हैं। बल्ले से उनका तीन पर प्रमोशन मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ क्योंकि उन्होंने 66 का आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और स्पिनरों के खिलाफ खूब बाउंड्री लगाईं। इसके अलावा, वह एक बहुत ही उपयोगी क्षेत्ररक्षक भी हैं, जो चहल और बिश्नोई की तुलना में विश्व कप में पहुंचने का उनका दावा मजबूत बनाता है।

मैंने वो हर बल्ला संभाला है जिसने मैंने शतक लगाया: रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही ।2012 में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा कि आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैंने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैंने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है। उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है। उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं और वह भी इस मौके पर मौजूद थे। गांगुली ने अपने पहले बल्ले के बारे में कहा कि मैं 13 साल का था जब पहला बल्ला खरीदा। गेंद को बल्ले से मारकर हवा में जाते देखकर मैं बहुत खुश होता था। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर चल रही है। उसने 9 में से चार मुकाबले जीते हैं। बीते दिनों दिल्ली ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। अब उनके आगामी मुकाबले मुंबई, कोलकाता, राजस्थान, बेंगलुरु और लखनऊ से होने हैं। उन्हें प्लेऑफ में जाने के लिए सभी मुकाबलों में जीतना जरूरी है।

तीन मेडन ओवर, 0 रन और 7 विकेट, डेब्यू मैच में 17 साल की क्रिकेटर ने बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड

इंडोनेशिया (एजेंसी)। इंडोनेशियाई महिला टीम की क्रिकेट गेंदबाज रोहमालिया ने बाली के उदयना क्रिकेट ग्राउंड में 6 मैचों की श्रृंखला के पांचवें टी20आई मैच में मंगोलिया के खिलाफ सबसे उत्कृष्ट गेंदबाजी आंकड़े दर्ज करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 17 वर्षीय रोहमालिया ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को चौंका दिया क्योंकि उन्होंने 24 अप्रैल को अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर 7 विकेट लिए, जो टी20आई क्रिकेट इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े थे। उन्होंने अपने 3.2 ओवर के स्पैल में तीन मेडन ओवर फेंके और एक भी रन नहीं दिया।

दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर रोहमालिया की मदद से इंडोनेशिया की महिलाओं ने मंगोलिया की महिलाओं को 127 रनों से हरा दिया।किशोर सनसनी ने नीदरलैंड के फ्रेडरिक ओवरडिज्क के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2021 में ला मंगा क्लब टॉप ग्राउंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप यूरोप क्षेत्र क्वालीफायर में एक मैच के दौरान फ्रांस के खिलाफ 4-2-3-7 के आंकड़े के साथ रिकॉर्ड बनाया था। रोहमालिया ने ओवरडिज्क, अर्जेंटीना की महिला एलिसन स्टॉक्स और मलेशिया की सियाजरुल एज़ात इद्रस के बाद टी20आई में सात विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज के रूप में इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया। रोहमालिया ने टी20आई डेब्यू में सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया क्योंकि उन्होंने 2019 में मालदीव के खिलाफ नेपाल के लिए अंजलि चंद के 2.1-2-0-6 के स्पैल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

राहुल द्रविड़ हाफ पैंट और टीशर्ट में वोट डालने के लिए लाइन में लगे

बेंगलुरु (एजेंसी)। दिग्गज क्रिकेटर और फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने आज बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी में अपना वोट डाला। वह कैजुअल कपड़े पहनकर पहुंचे थे, जबकि वोट डालने के लिए कतार में खड़े नजर आए। उनकी सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया और क्रिकेटर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। एक एक्स यूजर ने ऐसा ही एक वीडियो शेयर किया है। उसने लिखा- वोटिंग लाइन में द वॉल, उनका कहना है कि उन्होंने राष्ट्रहित और भारत को वैश्विक नेता बनाने के लिए मतदान किया।वीडियो में द्रविड़ नीली टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए हैं। वह अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए हाथों को क्रॉस करके खड़े हैं। कुछ घंटे पहले शेयर किए जाने के बाद से इस वीडियो को करीब लाख बार से अधिक देखा जा चुका है। इस पोस्ट पर कॉमेंट्स काफी रोचक हैं।राहुल द्रविड़ की क्लिप पर एक्स यूजर्स ने इस तरह प्रतिक्रिया दी-एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, %वह सर्वश्रेष्ठ हैं। एक अन्य ने कहा, यही असली धन है। उसके पास अपना स्थान है। तीसरे ने कहा, मैं उन्हें जानता हूं। वह बहुत विनम्र व्यक्ति हैं। चौथे ने टिप्पणी की, सादगी का साकार रूप। एक अन्य ने कॉमेंट किया- वाह, यह कमाल है! ऐसे ऊंचे पद पर बैठे किसी व्यक्ति को वास्तविक और व्यावहारिक रूप से व्यवहार करते देखना बहुत अच्छा लगता है। सादगी वाकई सबसे बढ़िया वाइब्स का एहसास कराती है।

हैदराबाद ने पहली बार एक सीजन में ठोके 100 से ज्यादा छक्के, नजरें विश्व रिकॉर्ड तोड़ने पर

हैदराबाद (एजेंसी)। सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आईपीएल 2024 सीजन में धूम मचा रखी है। बेंगलुरु के खिलाफ राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलते हुए हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जैसे ही पहला छक्का लगाया, हैदराबाद सीजन में 100 छक्के पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। खास बात यह है कि हैदराबाद अब तक किसी सीजन में 100 से ज्यादा छक्के लगा नहीं पाई थी लेकिन इस बार उन्होंने यह जादूई आंकड़ा 8वें मैच में ही हासिल कर लिया। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने 2022 सीजन में 97, 2016 सीजन में 89 तो 2018 सीजन में 88 छक्के लगाए थे। अब 8 मैचों में ही वह 108 छक्के लगा चुकी है।

सीजन के अनुसार आईपीएल में एक टीम द्वारा सर्वाधिक छक्के

- 2008- पंजाब किंग्स - 15 मैचों में 95 छक्के
- 2009- डेक्कन चार्जर्स - 16 मैचों में 99 छक्के
- 2010- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 97 छक्के
- 2011- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 94 छक्के
- 2012- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 117 छक्के
- 2013- मुंबई इंडियंस - 19 मैचों में 117 छक्के
- 2014- पंजाब किंग्स - 17 मैचों में 127 छक्के
- 2015- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 120 छक्के
- 2016- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 142 छक्के
- 2017- मुंबई इंडियंस - 17 मैचों में 117 छक्के
- 2018- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 145 छक्के
- 2019- कोलकाता नाइट राइडर्स - 14 मैचों में 143 छक्के
- 2020- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 137 छक्के
- 2021- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 115 छक्के
- 2022- राजस्थान रॉयल्स - 17 मैचों में 137 छक्के
- 2023- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 140 छक्के
- 2024*- सनराइजर्स हैदराबाद - 8 मैचों में 108 छक्के

दिल्ली में फिर बरसेंगे रन या गेंदबाजों के लिए कुछ होगा

अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स में मुकाबला

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को आईपीएल 2024 फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर वह अंकतालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई का हाल भी कुछ ऐसा ही है। टीम को 8 मैच में 3 जीत मिली है। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर होगा।

ऐसी होगी दिल्ली की पिच?

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर इस सीजन दो मैच हुए हैं। दोनों ही मैचों में रनों की बरसात देखने को मिली है। एक बार फिर इस मैदान पर गेंदबाजों का बुरा हाल होना तय दिख रहा है। डे मैच होने की वजह से टॉस जीतने वाली टीम बैटिंग से सकती है क्योंकि दिल्ली की गर्मी में फील्डिंग करना आसान नहीं होगा। पहले बैटिंग करते हुए टीम को जीत हासिल करना है तो इस मैदान पर 220 से ज्यादा का स्कोर बनाना ही होगा।

दिल्ली के मौसम का हाल

दिल्ली में भयंकर गर्मी पड़ रही है। मैच के दिन अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जाने की उम्मीद है। मैच शुरू होने के समय दोपहर में साढ़े 3 बजे तापमान 3-38 के आसपास रहने की उम्मीद है। मैच खत्म होने के समय भी यह 33 डिग्री के आसपास रहेगा। पहले फील्डिंग करने वाली टीम को चिलचिलाती धूप में मैदान पर आना पड़ेगा। विदेशी खिलाड़ियों को ज्यादा परेशानी हो सकती है।

इस प्रकार हैं दोनों टीमें

दिल्ली कैपिटल्स-ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

मुंबई इंडियंस-हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3-30 पर शुरू होगा।

न्यूजीलैंड की 'सी' टीम से हारी पाकिस्तान, टी20 सीरीज में 2-1 से पिछड़ी

लाहौर (एजेंसी)। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान के लिए वीरवार की शाम बेहद खराब गुजरी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेल रही पाकिस्तान टीम 2-1 से पिछड़ गई है। सीरीज के चौथे मुकाबले में पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 7 विकेट पर 178 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम 174 रन ही बना सकी। पाक के लिए इमाद वसीम जब क्रीज पर थे तो आखिरी दो गेंदों पर पाकिस्तान को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी। वसीम ने 5वीं गेंद पर चौका लगा दिया लेकिन आखिरी गेंद पर एक ही रन बना पाए। इस तरह पाकिस्तान को 4 रन से हार झेलनी पड़ी। टी 20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण धुल गया था।

बहरहाल, मैच गंवाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि न्यूजीलैंड ने अच्छी शुरुआत की लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छी वापसी की, हम एक लेंथ पर टिके रहे। बल्लेबाजी करते हुए पहले छह ओवरों में हमने काफी विकेट गंवाए, फखर की पारी लाजवाब थी, दुर्भाग्य से हम लक्ष्य का पीछा नहीं कर सके। इमाद ने भी अच्छी पारी खेली। यह एक अलग सतह थी, यहां औसत स्कोर 190 है और हमने उन्हें रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया। चोटों के कारण टीम प्रभावित हुई है लेकिन हमारे लिए युवाओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारी योजना अपनी बेंच स्ट्रेंथ का परीक्षण करने की थी और हमने विभिन्न संयोजनों को आजमाया। हम हर खेल में कुछ नया और अलग प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम टी20 वर्ल्ड कप में जाने से पहले सेटल हो जाएंगे।



वहीं, न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने कहा कि जब आप युवाओं के बारे में सीखते हैं तो टीम दबाव में होती है। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में विशेष रूप से अच्छी गेंदबाजी की और हमें बराबरी के स्कोर पर रोक दिया। जिस तरह से टिम और ब्लंडेल ने शुरुआत की, उन्होंने हमें शीर्ष पर पहुंचा दिया। हम 200 से पार जाने का सोच रहे थे लेकिन हमें रोकने के लिए पाकिस्तानी गेंदबाजों को श्रेय दिया जाता है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी सकारात्मक बात है कि हम नए लोगों को अनुभव दे पा रहे हैं। हमें बैकएंड में गेंदबाजी करते हुए जेम्स नीशम के रूप में एक शानदार ऑलराउंडर मिला। विलियम ओ%रूर्के ने विशेष रूप से शानदार खेल दिखाया और डेथ ओवरों में हमारी गेंदबाजी अच्छी थी।

प्लेयर ऑफ द मैच बने विलियम ओरूर्के ने कहा कि मैंने उन्हें धीमी गेंदें फेंकते देखा और हमने भी धीमी गेंदें फेंकने पर ध्यान केंद्रित किया। नई गेंद अच्छी तरह से स्किड हो रही थी, हमने अच्छी शुरुआत की, गेंद की गति बढ़ने से बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा। हम एक साथ आते हैं और बात करते हैं कि क्या हुआ, हम हर मैच से सीखते हैं।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

न्यूजीलैंड - टिम रॉबिन्सन, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मार्क चैपमैन, जेम्स नीशम, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), जोश क्लार्कसन, ईश सोढ़ी, जैकब डफी, बेन सियर्स, विलियम ओ%रूर्के

पाकिस्तान - सईम अयूब, बाबर आजम (कप्तान), फखर जमान, उस्मान खान (विकेटकीपर), इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, इमाद वसीम, उसामा मीर, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, जमान खान

संक्षिप्त समाचार

न्यूड पार्टी आयोजित कर बुरी फंसी एक्ट्रेस, कोर्ट ने लिया ऐक्शन ; लगाया भारी जुर्माना

मॉस्को, एजेंसी। रूस की एक अदालत ने न्यूड पार्टी की मेजबानी कर चर्चा में आने वाली टीवी एंकर और एक्ट्रेस अनास्तासिया इविलेवा पर 50,000 रूबल (560 अमेरिकी डॉलर) का गुरुवार को जुर्माना लगाया। अदाकारा पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट में यूक्रेन के साथ शांति का आह्वान कर सेना को बदनाम करने के लिए जुर्माना लगाया गया। इविलेवा के खिलाफ तब जनआक्रोश फूट पड़ा था जब उन्होंने दिसंबर में एक पार्टी की मेजबानी की जिसमें मेहमानों को लगभग निर्वस्त्र अवस्था में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इविलेवा गैर-आपराधिक मामले में अदालत में पेश नहीं हुईं। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के शुरुआती दिनों में शांति और बातचीत का आह्वान करने वाले दो सोशल मीडिया पोस्ट के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया। अदालत ने उन्हें सेना को बदनाम करने वाली टिप्पणियों के संदर्भ में कानून का उल्लंघन करने का दोषी पाया, हालांकि पोस्ट के कई दिन बाद कानून पारित किया गया था। मास्को के एक नाइट क्लब में पार्टी की मेजबानी करने के बाद इविलेवा सुर्खियों में आ गई थीं। उन्होंने जो निमंत्रण पत्र भेजा था उसमें मेहमानों से ड्रेस कोड के तौर पर लगभग निर्वस्त्र अवस्था में आने को कहा गया था। एक जाने-माने रैपर भी बेहद कम कपड़ों में नजर आए थे। पार्टी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित हुईं। जन प्रतिनिधियों, ब्लॉगर और अन्य ने इस तरह के आयोजन की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए युद्ध में उलझे देश के लिए इसे अशोभनीय बताया था।

इस्राइल ने राफा पर हमले किए तेज, हमास ने फिर दिया उकसाने वाला बयान

यरुशलम, एजेंसी। हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि इस्राइल अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। आइए जानते हैं अब तक क्या कुछ हुआ। दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इधर, हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि भले ही इस्राइल ने हमले तेज कर दिए हो पर वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। वहीं, एक दिन पहले ही मिस्र ने भी चेतावनी दी थी।

कनाडा में मुफ्त खाना लेना भारतीय छात्र को पड़ा महंगा, छह दिनों तक कमरे में रहा बंद

ओटावा, एजेंसी। सोशल मीडिया पर गलत जानकारियां अक्सर आग की तरह फैल जाती हैं और फिर उसका खामियाजा किसी न किसी को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही कुछ एक भारतीय डाटा वैज्ञानिक के साथ हुआ। उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाया है। हालांकि, बढ़ते विवाद के बीच अब पढ़ाई के लिए कनाडा गए भारतीय छात्र मेहुल प्रजापति ने सफाई दी है। उन्होंने दावा किया कि यह नस्ली हमला था। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह पिछले छह दिनों से एक कमरे में बंद थे। वह डर की वजह से बाहर नहीं निकल रहे थे। विवाद की शुरुआत एक वीडियो से होती है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रजापति ने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाने को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में प्रजापति ने बताया था कि वह हर महीने खाने और किराने के सामान में सैकड़ों रुपये बचाते हैं। वीडियो में मेहुल ने बताया था कि वे कैसे हर महीने फूड और ग्रॉसरी में सैंकडों रुपये आसानी से बचा रहे हैं। उन्होंने वीडियो में बताया था कि ये ग्रॉसरी सभी छात्रों के लिए हैं। उन्होंने वीडियो में कहा था, यहां ज्यादातर कॉलेज और यूनिवर्सिटी में फूड बैंक होते हैं, जिन्हें ट्रस्ट, चर्च या नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चलाया जाता है। छात्र के तौर पर यह मेरे लिए काफी मददगार है। आप यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर चेक करें और आपको फूड बैंक की जगह का पता मिल जाएगा।

ब्रिटेन में पहली सिख कोर्ट का शुभारंभ, घरेलू हिंसा समेत इन मामलों पर होगी सुनवाई

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में पारिवारिक और नागरिक विवादों में फंसे सिख समुदाय के लोगों लिए एक सुखद खबर है। लंदन में ब्रिटिश सिख वकीलों द्वारा एक नई अदालत की शुरुआत की गई है। सिख समुदाय के लोग एक विवाद समाधान मंच के रूप में नई अदालत को स्थापित करने के लिए एकजुट हुए। एक न्यूज रिपोर्ट में बताया गया है कि लंदन के लिंकन इन के ओल्ड हॉल में एक समारोह में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ सिख अदालत की शुरुआत की गई। अदालत के संस्थापकों में से एक वकील बलदीप सिंह का कहना है कि इसका उद्देश्य संघर्ष और विवादों से निपटने के दौरान जरूरत के समय सिख परिवारों की सहायता करना है। बताया गया है कि नई अदालत व्यक्तिगत रूप से संचालित होगी।

गाजा पट्टी के लोगों के लिए अमेरिका के छात्रों का छलका दर्द, इस्राइल के खिलाफ किया प्रदर्शन, 93 गिरफ्तार

वॉशिंगटन, एजेंसी। दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब इसकी चपेट में विश्वविद्यालय भी आ गए हैं।दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।

93 छात्रों को गिरफ्तार किया : लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने बताया कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में 93 छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।

इस्राइल-हमास के बीच छह माह से जंग जारी : हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि गाजा के अधिकारियों का कहना है कि सात अक्तूबर के बाद से गाजा में इस्राइल के सैन्य अभियान में अब तक उनके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों शवों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

समूह कुछ आदेशों का उल्लंघन कर रहा था : लॉस एंजिल्स के पुलिस कप्तान केली मुनीज का कहना है कि विश्वविद्यालय एक निजी परिसर है। समूह कुछ आदेशों का उल्लंघन कर रहा था। इसलिए छात्रों को गिरफ्तार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक व्यक्ति को घातक हथियार से हमला करने के लिए भी गिरफ्तार किया गया। हालांकि, फिलहाल किसी प्रदर्शनकारी या अधिकारी के घायल होने की खबर नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएससी के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने बुधवार दोपहर को परिसर के एलुमनी पार्क में इकट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गिरफ्तारी का आदेश दिया।

प्रदर्शन के दौरान तनाव तब बढ़ गया विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान तनाव तब बढ़ गया, जब प्रदर्शनकारियों ने अपने टेंट और सामानों को हटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय ने बुधवार शाम को परिसर बंद करवा दिया। वहीं, एलएपीडी ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। कब्जा करने का आरोप लगाया अमेरिकी संसद अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कोलंबिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए कोलंबिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मिनोचे शफीक को इस्तीफा देने के लिए कहा। उन्होंने यहूदी विरोधी भीड़ पर अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर कब्जा करने का आरोप लगाया। हालांकि, इस दौरान जॉनसन को छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। छात्रों ने उनके खिलाफ नारे लगाए और संबोधन के दौरान अपशब्द भी कहे।

सैन एंटोनियो पुलिस की फायरिंग में भारतीय मूल के व्यक्ति की गई जान, पकड़ने की कोशिश करते हुए चलाई गोली

न्यूयॉर्क, एजेंसी। सैन एंटोनियो में भारतीय मूल के एक 42 साल के शख्स की पुलिस की गोली लगकर मौत हो गई। दरअसल, पुलिस एक गंभीर मामले में उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थी, तभी उसने अधिकारियों के वाहन को टक्कर मार दी।

अमेरिकी नागरिक हो सकता है : 21 अप्रैल को पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर द्वारा सचिन साहू को गोली मारने के बाद घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि वह अमेरिकी नागरिक हो सकता है।

हथियार से हमले की मिली थी जानकारी : सैन एंटोनियो पुलिस विभाग ने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि 21 अप्रैल को शाम करीब साढ़े छह बजे अधिकारियों को घातक हथियार के साथ गंभीर हमले के बारे में एक रिपोर्ट के लिए सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स में एक घर भेजा गया था। जब अधिकारी पहुंचे तो वहां एक 51 साल की महिला मिली, जिसे जानबूझकर एक वाहन से टक्कर मारी गई थी। साहू पर हमले का आरोप था। वह मौके से फरार हो गया था। पीड़िता को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं, पुलिस ने साहू के लिए एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

पुलिस पर किया हमला : कई घंटे बीतने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि साहू घर लौट आया है। सूचना पर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ने की कोशिश की। हालांकि, आरोपी ने भागने की कोशिश की और अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मार दी। इस पर एक अधिकारी ने साहू को गोली मार दी, जिससे उसके मौत हो गई। एक घायल अधिकारी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं, दूसरे का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि जांच अब भी जारी है।

महिला की हालत गंभीर : पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा कि साहू ने अपने साथ रहने वाली महिला को वाहन से कुचल दिया था। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उसकी कई सर्जरी की गई है।

सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला ने किया अपने विज्ञापन अभियान का शुभारंभ, ओरेगन से हैं कांग्रेस दावेदार

वॉशिंगटन, एजेंसी। भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला ने संसदीय चुनाव के लिए अपना पहला विज्ञापन अभियान का शुभारंभ गुरुवार को ओरेगन से किया। सुशीला पहले मल्टनोमा में काउंटी कमिश्नर रही हैं। ओरेगॉन के तीसरे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में कांग्रेस (संसद) के लिए उम्मीदवार सुशीला जयपाल ने अपने विज्ञापन अभियान में अपने प्रगतिशील कामों और गर्मभात अधिकार कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवा पर प्रकाश डाला। जयपाल ने प्राइमरी मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए टेलीविजन और डिजिटल मंचों पर तीस सेकंड के दो विज्ञापन टॉक अबाउट इट और पर्सनल जारी किए। टॉक अबाउट इट विज्ञापन में सुशीला की निजी यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि जब वह छोटी थीं तब उन्होंने कैसे गर्भपात कराने का मुश्किल भरा फैसला लिया। इस अनुभव ने उनके वकालत के काम को गहराई से प्रभावित किया, खासतौर पर महिलाओं के गर्भपात के अधिकारों का समर्थन करने में। उनके प्रयासों में दवा सहायता प्राप्त गर्भपात सेवाओं को शुरू करने के लिए एक स्थानीय क्लीनिक के साथ सहयोग करना शामिल है, जो इसे देश में अपनी तरह का पहला क्लीनिक बनाता है। दूसरा विज्ञापन पर्सनल उनकी आप्रवासी पृष्ठभूमि के बारे में बताता है।

यह भारत सरकार ही तय करेगी, ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार को चुनाव कवर करने की अनुमति न देने के दावे पर अमेरिका

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा, हम दुनिया के देशों के साथ यह बात स्पष्ट कर चुके हैं कि लोकतंत्र के ताने-बाने में प्रेस की आजादी अभिन्न भूमिका निभाती है। यही वजह है कि हम यहां आते हैं और नियमित रूप से सवाल लेते हैं। ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार को भारतीय आम चुनावों को कवर करने की अनुमति न देने के दावों पर अमेरिका ने प्रतिक्रिया दी। वॉशिंगटन ने कहा कि यह देश तय करेगा कि किन विदेशी नागरिकों को प्रवेश की अनुमति दी जाए, चाहे वह अल्पकालिक यात्री हों या अंतरराष्ट्रीय पत्रकार के रूप में। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एक पाकिस्तानी पत्रकार ने ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी डायस के वीजा को रिन्यू करने से इनकार करने के आरोप पर सवाल किया। इस पर पटेल ने कहा, भारत सरकार अपनी वीजा नीति के बारे में बात कर सकती है। यह ऐसा कुछ मामला नहीं है, जिसे मैं यहां से आगे बढ़ाने जा रहा हूं। उन्होंने लोकतंत्र के ताने-बाने में स्वतंत्र प्रेस की भूमिका पर जोर दिया। पटेल ने कहा, हम दुनिया के देशों के साथ यह बात स्पष्ट कर चुके हैं कि लोकतंत्र के ताने-बाने में प्रेस की आजादी अभिन्न भूमिका निभाती है। यही वजह है कि हम यहां आते हैं और नियमित रूप से सवाल लेते हैं। लेकिन मैं इस मुद्दे को भारत के अधिकारियों पर छोड़ता हूं। ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी ने दावा किया कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों को कवर करने की अनुमति नहीं दी गई और उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। हालांकि सूत्रों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनके दावे सही नहीं हैं। सूत्रों ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया प्रसारण निगम की दक्षिण एशिया संवाददाता अवनी को अपने पेशेवर कार्यों को करते हुए वीजा नियमों का उल्लंघन करने हुए पाया गया था। सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया कि अवनी के चुनाव को कवर करने की अनुमति न होने के दावे भी तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। बूथ के बाहर चुनाव गतिविधियों को कवर करने की अनुमति सभी वीजा-धारक पत्रकारों को है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पटेल ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश पर भारत सरकार की आंतरिक जांच रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, पटेल ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की कथित हत्या की साजिश पर भारत सरकार की आंतरिक जांच रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत :काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान के काबुल-जलालाबाद राजमार्ग पर सुरुबी जिले में एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार रात को हुई। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि यह दुर्घटना काबुल की राजधानी को पूर्वी प्रांतों से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई, जब एक यात्री वाहन सड़क से उतर गया और पहाड़ से टकरा गया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायलों का अब स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। अफ़ग़ानिस्तान में सड़क की खराब स्थिति, लापरवाही से गाड़ी चलाना, कठिन इलाके, ओवरलोडिंग, ओवरटेकिंग और तेज गति के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम बात है।

अंतरिक्ष में महत्वाकांक्षी चीनी छलांग, अंतरिक्ष स्टेशन टियांगोंग भेजे गए तीन यात्री

बीजिंग, एजेंसी। चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना शेनझोउ-18 के तहत तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष में भेजा गया है। इस परियोजना के तहत यात्रियों को निचली-पृथ्वी की कक्षा में भेजा गया है। बता दें कि चीन 2030 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चांद की सहत पर भेजना चाहता है। गुरुवार तो तीनों यात्रियों को जिउक्कान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से अंतरिक्ष में भेजा गया। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने जिन तीन लोगों को अंतरिक्ष में भेजा है, उनमें एक का नाम 43 वर्षीय कमांडर ये गुआंगफू है। गुआंगफू एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री हैं, जो 2021 के शेनझोउ-13 मिशन का हिस्सा रह चुके हैं। उनके साथ 34 वर्षीय ली कांग और 36 वर्षीय ली गुआंगसु पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा पर भेजे गए हैं। तीन सदस्यीय चालक दल वाला अंतरिक्ष यान देश के उत्तर-पश्चिम में गोबी रेगिस्तान के किनारे से लॉन्च किया गया। जिउक्कान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से रात करीब 8:59 बजे (1259 तस्स्क) लॉन्च हुआ। चीनी परियोजना से जुड़ी खबरों के मुताबिक तीनों अंतरिक्ष यात्रियों के टियांगोंग स्पेस स्टेशन पहुंचने के बाद शेनझोउ-17 टीम को राहत मिलेगी। शेनझोउ-17 टीम पिछले अक्तूबर से ही चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन का संचालन कर रही है। तीन सदस्यीय दल अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग छह महीने बिताएगा। सीएमएसए के उप निदेशक लिन जिकियांग के अनुसार, चीनी अंतरिक्ष यात्रियों का दल वैज्ञानिक परीक्षण करेगा। अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष मलबे का संरक्षण उपकरण स्थापित कर, पेलोड प्रयोग करेगा। लिन ने यह भी कहा कि चीन विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष पर्यटकों को अपने अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने की दिशा में काम कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर किए जाने के बाद चीन ने अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाया। इसका मुख्य कारण कार्यक्रम में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी - चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा की भागीदारी को लेकर अमेरिका की चिंताएं थीं। चीन ने 2003 में अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन चलाया। ऐसा करने पर चीन सोवियत संघ और अमेरिका के बाद अपने संसाधनों का उपयोग करके किसी व्यक्ति को अंतरिक्ष में भेजने वाला तीसरा देश बन गया।

दुनिया में भूख से तड़प रहे 28.2 करोड़ लोग, यूएन की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में खुलासा

न्यूयॉर्क, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं।

वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र ने 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 7,05,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है।

भूख पीड़ितों की संख्या सर्वाधिक : संयुक्त राष्ट्र में खाद्य-कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने कहा, 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत के मुकाबले भूख से तड़पने वालों की यह संख्या अब तक सर्वाधिक है।

अकाल के लिए होंगे मजबूर : संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं। इसी के साथ उनके अकाल का सामना करने के लिए मजबूर होने का दौर भी शुरू हो सकता है। साथ ही, 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 5,77,000 अकेले गाजा में हैं।

पूर्व पीएम इमरान खान को दोहरा झटका, भड़काऊ बयान पर कोर्ट ने फटकारा, रक्षा मंत्री ने भी साधा निशाना

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। अब इस्लामाबाद की एक अदालत ने गुरुवार को इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तानी सेना और बाकी संस्थानों के खिलाफ भड़काऊ बयान देने पर रोक लगाई है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश बसीर जावेद राणा ने कहा कि मीडिया को कोर्ट की सुनवाइयों को लेकर एक सीमा के अंतर्गत रिपोर्ट्स तैयार करनी चाहिए और आरोपियों के बयानों पर किसी तरह की रिपोर्ट नहीं बनानी चाहिए।

भड़काऊ बयान देने पर लगी फटकार : अदालत के आदेश के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा सेना के उच्च अधिकारियों, न्यायपालिका और सेनाध्यक्ष को लेकर भड़काऊ बयान दिए गए हैं। कोर्ट ने इमरान और उनकी पार्टी को फटकार लगाते हुए कहा है कि इस तरह के बयान न्यायिक मर्यादा को बाधित करते हैं और न्यायिक कार्यों में भी बाधा डालते हैं। आगे कहा गया है कि इमरान खान के जेल मुकदमे के दौरान मीडिया द्वारा अपनी रिपोर्टिंग को सीमित रखा जाएगा। एक खबर के अनुसार, अदालत ने अपने आदेश में अभियोजन पक्ष, आरोपियों और उनके बचाव पक्ष के वकीलों को निर्देश दिया कि वे ऐसे

भड़काऊ बयान न दें जिससे अदालत की मर्यादा भंग हो।

इमरान खान ने पंजाब पुलिस पर भी लगाया था आरोप : इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब पुलिस पर भी धांधली का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि पंजाब में उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए पहले से धांधली की रणनीति तय की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी हमारी याचिका को अनसुना किया गया।

रक्षा मंत्री ने गोहर खान के दावों का खंडन किया : उधर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा इमरान खान के करीबी गोहर खान के दावों को सिरे से नकार दिया गया है। गोहर खान ने दावा किया था कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री पर एक सौदा स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इसके जवाब में रक्षा मंत्री ने कहा कि इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है। गोहर ने कहा कि जिस तरह से इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में रखा गया है, उससे पता चलता है कि दोनों पर किसी सौदे के लिए सहमति जताने के लिए दबाव डाला जा रहा है। गोहर के बयान के जवाब में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इमरान खान की पार्टी सिर्फ खबरों में बने रहने के लिए ऐसे बयान दे रही है। बता दें कि अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से इमरान खान को चार मामलों में दोषी ठहराया गया है। इसके बाद उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा गया है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश का बयान न्यायिक मामलों में शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप पर विवाद के बीच पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान हस्तक्षेप की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा 'जब से मैं मुख्य न्यायाधीश रहा हूं, मुझे किसी भी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से एक भी शिकायत नहीं मिली है कि उनके काम में हस्तक्षेप किया गया है। यदि उनके काम में हस्तक्षेप हुआ है, तो इसकी सूचना मुझे नहीं दी गई है।' बता दें कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने पिछले महीने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों द्वारा न्यायपालिका के कामकाज में हस्तक्षेप के खिलाफ सर्वोच्च न्यायिक परिषद से हस्तक्षेप की मांग की थी।

संक्षिप्त समाचार

भांजे की शादी में सिर पर मटकी रखकर झूम रहा था मामा, अचानक गिरा और हो गई मौत

झुंझुनूं, एजेंसी। अचानक मौत होने की घटनाएं लगातार सामने आ रहे हैं। राजस्थान से भी एक घटना सामने आई है, जहां शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं जब डांस करते-करते अचानक मामा की मौत हो गई। मामला झुंझुनूं जिले की नवलगढ़ तहसील की लोछवा की ढाणी का है। मृतक का नाम कमलेश ढाका है, जो कि 20 अप्रैल को भांजे की शादी में भात भरने के लिए लोछवा की ढाणी गए थे। इसी दौरान भात भरने की रस्म अदा करने के बाद वे चाक-पूजन के दौरान डीजे की धुन पर सिर पर मटकी रखकर खुशी से झूम रहे थे। मटकी डांस करने के दौरान वे घूम-घूम कर नाच रहे थे, इसी दौरान अचानक लड़खड़ा कर गिरे और बेसुध हो गए। इस दौरान मटकी गिरकर टूट गई और वे भी जमीन पर गिर गए। इसके बाद उन्हें तुरंत उठाकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर्स ने मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट से होना बताया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें मामा की मस्ती और फिर उनका अचानक लड़खड़ाकर गिरना दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक नवलगढ़ की एक गैस एजेंसी पर काम करता था और घर-घर गैस सैलेंडर वितरित किया करता था। अचानक हुई मौत से शादी वाले घर में हंगामा मच गया और फिर शादी की बाकी रस्में सादगीपूर्ण तरीके निभाई गईं।

लोगों की संपत्ति हड़पकर मुसलमान को देना चाहती है कांग्रेस : उपमुख्यमंत्री साव

रायपुर, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा है।? रायपुर में पत्रकारों शिव चर्चा करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के विरासत टैक्स को लेकर बड़ा बयान दिया है। अरुण साव ने कहां की घोषणा पत्र के जरिए कांग्रेस का एक हिडन एजेंडा सामने आया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति हड़प कर मुसलमान को देना चाहती है। साथ ही कहा? कि? अब देश की जनता कांग्रेस के बहकावे में नहीं आने वाली है।? छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रदेश में इंडिया गठबंधन के? लोगों के द्वारा कांग्रेस के लिए वोट मांगने को लेकर कहा कि कांग्रेस इस चुनाव में बुरी तरह से हर का स्वाद चखना वाली है। साव ने कहा यही हर का डर है कि इंडिया गठबंधन के दल एकजुट हो रहे हैं। इसका लाभ कांग्रेस को कभी मिलने वाला नहीं है। अब जनता का भरोसा कांग्रेस पार्टी के ऊपर से उठ चुका है। अरुण साव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार होने वाली है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। दूसरे चरण के मतदान को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने चर्चा करते हुए कहा कि पहले चरण में बस्तर की सीट पर समीक्षा पूरी हो चुकी है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ जीत रही है। इसके साथ ही दूसरे चरण के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी ने लगातार अभियान चलाते हुए सभाएं और बैठक की हैं। दूसरे चरण की तीनों सीट भारतीय जनता पार्टी बड़े वोट के अंतराल से जीतने वाली है।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री के भाई पर टोल प्लाजा कर्मियों से मारपीट करने का आरोप, मामला दर्ज

छतरपुर, एजेंसी। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के छोटे भाई शालिग राम गर्ग एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार उन पर टोल प्लाजा कर्मियों से मारपीट करने का आरोप लगा है। छतरपुर पुलिस ने शालिग राम सहित 11 लोगों के खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से शालिग राम और अन्य सभी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग राम गर्ग गुरुवार देर रात सागर रोड पर स्थित मुगवारी टोल प्लाजा से अपने 10 अन्य साथियों के साथ छतरपुर की ओर आ रहे थे। टोल प्लाजा कर्मियों ने जब उनकी गाड़ी रोकी, जिससे शालिग राम गुस्सा हो गए और अपने साथियों के साथ मिलकर टोल कर्मचारियों से मारपीट कर दी। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने पुलिस को मारपीट की सूचना दी। छतरपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 294, 506, 427(34) के तहत शालिगराम गर्ग सहित 10 अन्य पर मामला दर्ज कर है7 छतरपुर एसपी अगम जैन ने जानकारी देते हुए बताया है कि फिलहाल टोल प्लाजा के कर्मचारियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भरपाई कर रहा चुनाव आयोग? मोदी-राहुल को एकसाथ नोटिस पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शिकायत का निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जवाब मांगे जाने के बाद बृहस्पतिवार को दावा किया कि जनता के दबाव में यह कदम उठाया गया है और प्रधानमंत्री को लेकर आयोग 'अत्यधिक सावधान' रहता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि संतुलन बनाने के लिए राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर नोटिस जारी कर दिया गया, जबकि दोनों नेताओं की टिप्पणियों को एक तरह से देखना अनुचित है।

आयोग ने मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कुछ टिप्पणियों को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा क्रमश: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस से जवाब तलब किये हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री के चुनावी भाषण के उस हिस्से को लेकर भाजपा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया है, जिस पर कांग्रेस ने शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही साथ, लगभग उसी भाषा में, आयोग ने राहुल गांधी की उस टिप्पणी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष को भी नोटिस जारी किया है, जिस पर भाजपा ने शिकायत की थी। उन्होंने कहा, ''क्या चुनाव आयोग का समान अवसर से यही मतलब है? यह

तो साफ है कि प्रधानमंत्री की अपमानजनक टिप्पणियों के कारण उपजे जनता के दबाव ने चुनाव आयोग को ऐसा करने के लिए मजबूर किया। लेकिन सवाल उठता है कि क्या आयोग को इसकी भरपाई राहुल गांधी की टिप्पणी पर भी नोटिस भेजकर करनी पड़ी?'' रमेश ने दावा किया कि दोनों को एक समान मानकर चुनाव आयोग ने अपनी ही मजबूरियों को उजागर किया है, जबकि किसी भी मानक के अनुसार, इसे बराबर करके देखना विचित्र और पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने कहा, ''इस बीच भाजपा के उम्मीदवार अपने चुनाव प्रचार में धार्मिक प्रतीकों का बेशर्मी से इस्तेमाल करते जा रहे हैं।'' इससे पहने रमेश ने संवाददाताओं से कहा, ''चुनाव आयोग से हमने शिकायत की थी। हम आयोग के संज्ञान में यह बात लाए कि जिस भाषा का इस्तेमाल प्रधानमंत्री कर रहे हैं वह आदर्श आचार संहिता, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की संबंधित धाराओं और उच्चतम न्यायालय के कई निर्णयों के खिलाफ है। उन्होंने कहा, ''.... कुछ देरी हुई है। हमने और भी शिकायतें की हैं। जिस तरह से अलग-अलग उम्मीदवार धर्म का दुरुपयोग कर रहे हैं, उस बारे में हमने निर्वाचन आयोग को अवगत कराया है। हमें भरोसा है कि आयोग कार्रवाई करेगा।'' उन्होंने कहा, ''नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के खिलाफ कोई नोटिस जारी नहीं हुआ था। हम उम्मीद करते हैं कि आयोग निष्पक्ष तरीके से शिकायतों पर ध्यान देगा। जहां नोटिस देना जरूरी है, आयोग वहां नोटिस भी दे।

यह पूछे जाने पर कि क्या निर्वाचन आयोग की तटस्थता सवालों के घेरे में है, रमेश ने कहा, ''जब प्रधानमंत्री की बात आती है तो वे (निर्वाचन आयोग) ''अत्यधिक सावधान'' और गृहमंत्री की बात आती है तो ''अधिक सावधान'' हो जाते हैं।'' प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों का पहली बार संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसने विपक्षी दलों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर भाजपा से जवाब मांगा है। शिकायत के अनुसार, मोदी पर राजस्थान के बांसवाड़ा में विभाजनकारी व मानहानिजनक भाषण देने का आरोप है। आयोग ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत पर भी विपक्षी दल से जवाब तलब किया है।

जिंदल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर सी. राज कुमार ने जापानी संसद को संबोधित किया

नई दिल्ली, 26 अप्रैल, 2024ः वर्ल्ड फेडरेशन की जापानी संसदीय समिति के निमंत्रण पर, ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी राज कुमार ने जापानी संसद (नेशनल डाइट) के 20 से अधिक प्रतिष्ठित सदस्यों वाले एक दल को संबोधित किया, जिसमें जापान सरकार के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माननीय मंत्री श्री मासाहितो मोरियामा भी शामिल थे। प्रो. राज कुमार ऐसे पहले भारतीय कुलपति भी बन गए हैं, जिन्हें जापान सरकार के प्रतिष्ठित सांसदों और सरकारी अधिकारियों को संबोधित करने हेतु, जापानी संसद में बोलने के लिए आमंत्रित किया गया।

वर्ल्ड फेडरेशन की जापानी संसदीय समिति ने प्रोफेसर कुमार को भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति, द्विपक्षीय संबंधों, विकास के एजेंडा और ग्लोबल गवर्नेंस से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया था। इस समिति में जापानी संसद की प्रतिनिधि सभा के कुछ सबसे प्रतिष्ठित सदस्य और अन्य बड़े सरकारी अधिकारी शामिल थे।

प्रो. कुमार ने भारत-जापान संबंधों पर भाषण देते हुए, इसे सामूहिक प्रगति और समृद्धि की आधारशिला बताया- ÷इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत-जापान संबंध निस्संदेह रूप से सबसे महत्वपूर्ण और बेहद गंभीर संबंध हैं।÷ प्रो. कुमार ने भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय संबंधों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक आयामों को समाहित करते हुए पांच प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, ÷भारत और जापान के बीच गहरे संबंध हैं, जो साझा सभ्यतागत मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से उपजे हैं। इसमें एक धर्म और दर्शन के रूप में बौद्ध धर्म का दोनों देशों पर व्याप्त गहरा प्रभाव भी शामिल है।

अवसरवादी हैं नीतीश, अटल बिहारी वाजपेयी होते तो नहीं टूटती शिवसेना और एनसीपी : शरद पवार

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार का कहना है कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को 4 जून के बाद भी साथ रहना होगा। इस दौरान उन्होंने जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार को भी अवसरवादी करार दे दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम साथ काम नहीं करेंगे, तो लोकतंत्र मुश्किल में आ जाएगा। शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राज्य की 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। विपक्षी गठबंधन को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने साथ रहने की जरूरत पर बात की। उन्होंने कहा, मुझे कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन नीतीश कुमार अवसरवादी हैं। आईएनडीआईए गुट के अन्य लोगों के बारे में ऐसा है कि हम हो सकता है कि चुनाव के दौरान साथ काम नहीं कर रहे हों, उदाहरण के लिए ममता बनर्जी, लेकिन आम धारणा है कि चुनाव के बाद हमें साथ रहना होगा। उन्होंने कहा, बहुमत हो या न हो, हमें साथ काम करना ही होगा। अगर हम साथ काम नहीं करेंगे, तो संसदीय लोकतंत्र मुश्किल में पड़ जाएगा। बारामती सीट को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां चुनाव को लेकर शरद पवार ने कहा, मेरी समझ है कि केंद्र सरकार अपनी पूरी ताकत लगा रही है (सुप्रिया को हराने में)। सभी एजेंसियां सक्रिय हैं और काफी धनबल भी नजर आ रहा है।

महादेव गेमिंग ऐप से अरबों रुपए की ठगी में लखनऊ से इंडिया हेड अभय सिंह समेत दो गिरफ्तार

नईदिल्ली, एजेंसी। एसटीएफ ने दुबई में महादेव बेटिंग और अन्य दर्जन भर गेमिंग ऐप से सट्टा लगवाकर अरबों रुपये की ठगी के मामले में इंडिया हेड अभय सिंह व संजीव सिंह को गुरुवार शाम विभूति खंड से गिरफ्तार किया। आरोप है कि महादेव गेमिंग ऐप का प्रमोटर सौरभ चन्द्राकर और अभय का फुफेरा भाई अभिषेक सिंह दुबई में गिरोह का संचालन कर रहे हैं। अभिषेक ने ही अभय को लालच देकर साथ में जोड़ा था। इन लोगों ने कई फर्जी कंपनियां बनाई जिनके नाम से गेमिंग ऐप बनाकर ठगी हुई। अभय व संजीव मजदूरों व अन्य लोगों के नाम से सिम खरीदकर पोर्ट करवाते, फिर कारपोरेट सिम कार्ड के रूप में दुबई भेजते। इन सिम कार्ड से गेमिंग ऐप चलाकर ठगी की जाती थी।

आईपीएल के हर मैच में करोड़ों का सट्टा : गिरफ्तार अभय सिंह ने एसटीएफ अफसरों के सामने खुलासा किया कि



आईपीएल के कर मैचों में करोड़ों रुपये का सट्टा लगाया जा रहा है। ये सट्टा टेलीग्राम व व्हाटसएप के जरिये लगाया जा रहा है। दूसरे आरोपी संजीव कुमार ने भी इसे सही बताया है। चार हजार सिम दुबई भेजे, अरबों का खेल महादेव बुक व अन्य नामों से बनाये गये गेमिंग एप से अरबों रुपये का फर्जीवाड़ा करने वालों ने सारा खेल दुबई से ही खेला। दुबई में संचालन कर रहे सौरभ चन्द्राकर व अभिषेक सिंह ने इंडिया हेड अभय सिंह के जरिये करोड़ों रुपये की कमाई हर महीने की। अभय ने खुलासा किया कि उसने वर्ष 2021 से अब तक चार हजार से अधिक सिम कार्ड दुबई भेजे। कारपोरेट सिम लेने के लिये 32 कम्पनियां बनायी। फिर इन कम्पनियों के नाम से ही सिम लिये और उन्हें दूसरी टेलीकॉम कम्पनी में पोर्ट कराया। छह माह में वेतन 75 हजार अभय को जब कम्पनी से जोड़ा गया तो उसने 25 हजार रुपये महीना और प्रति सिम पांच सौ रुपये अलग से देने को कहा गया था। उसने बताया कि सिम पोर्ट कराने का काम उसने तेजी से शुरू किया। पोर्ट करने के लिये यूपीसी कोर्ड छत्तीसगढ़, भिलाई निवासी चेतन जोशी भेजता था। वह दुबई में अभिषेक के साथ काम कर रहा था। अभय ने एक महीने में 35 सिम एक्टीवेट कराये, फिर शुभम सोनी उर्फ पिंटू के जरिये दुबई भेजने लगा था। उसकी सैलरी तीन गुना बढ़ा कर 75 हजार रुपये कर दी गई। सिम के एक्टीवेट कराने पर दो हजार अलग से दिये जाने लगे।

केवाईसी में दिक्कत हुई तो नया खेल किया : अभय ने खुलासा किया कि ट्राई ने फरवरी 2024 से कारपोरेट सिम लेने पर कम्पनी के साथ कर्मचारियों के नाम भी केवाईसी होना अनिवार्य कर दिया गया था। यह केवाईसी लिंक के जरिये होती थी। इस पर इन लोगों ने एक कम्पनी में पांच-छह कर्मचारी ही दिखाये और फर्जी दस्तावेज से केवाईसी कराने लगे। एक व्यक्ति के नाम पर पांच-छह सिम खरीद जाते थे। इस गिरोह ने गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, जयपुर, पुणे, मुंबई, भुवनेश्वर समेत कई शहरों से फर्जी तरीके से सिम पोर्ट/एक्टिवेट कराये। इन मोबाइल नम्बरों से ही ये लोग व्हाट्सएप या टेलीग्राम एक्टिवेट कर ग्रुप बनाते, फिर उससे ठगी करने लगते।

निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को लेकर हाईकोर्ट में हुई बहस, कांग्रेस एमएलए बोले- सदस्यता रद्द करें

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा मंजूर न होने के मामले में दायर याचिका पर गुरूवार को हिमाचल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की तरफ से हाईकोर्ट में अपनी-अपनी दलीलें दी गई। इस मामले में लगभग तीन घंटे तक कोर्ट में बहस चली। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। मुख्य न्यायाधीश एम. रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट के एडवोकेट जनरल अनूप रत्न ने बताया कि समय की कमी के चलते हाईकोर्ट ने मामले को अब 30 अप्रैल को शाम सवा चार बजे सुनने का निर्णय लिया है जिसमें विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से बहस पूरी की जाएगी। तीन निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, कृष्ण लाल ठाकुर और आशीष शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस्तीफा स्वीकार न होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अपनी याचिका में इन विधायकों ने 22 मार्च से उनका इस्तीफा स्वीकार करने की मांग की है। विधायकों का कहना है कि बिना किसी दबाव के उन्होंने इस्तीफा दिया है।



बता दें कि इस्तीफा मंजूर न होने पर तीनों निर्दलीय विधायक कुछ दिन पहले विधानसभा परिसर में धरना देकर अपना विरोध जाहिर कर चुके हैं। निर्दलीय विधायकों का आरोप है कि स्पीकर सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। तीनों निर्दलीय विधायक कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि हमने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से अपने इस्तीफे दिए हैं और स्पीकर को ये तत्काल मंजूर कर लेने चाहिए। दरअसल 27 फरवरी को हिमाचल की एकमात्र राज्यसभा सीट पर चुनाव के दौरान तीनों निर्दलीय विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि इससे पहले निर्दलीय विधायक राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को समर्थन दे रहे थे। मंत्री व विधायक ने की निर्दलीय विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग, याचिका दायर निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न होने पर जहां मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफा स्वीकार होने से पहले ही भाजपा ज्वाइन कर ली थी ऐसे में यह मामला दलबदल कानून के दायरे में आता है, लिहाजा विधानसभा अध्यक्ष इनकी सदस्यता को रद्द करें। इसी तरह शिमला से कांग्रेस विधायक हरीश जनार्था ने भी मामले में निर्दलीय विधायकों की सदस्यता रद्द करने को लेकर एक अलग याचिका हाईकोर्ट में दी है। शिमला में आज पत्रकार वार्ता में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र के तहत प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास किया था जिसमें उसे कामयाबी नहीं मिली है। निर्दलीय विधायकों ने भी दबाव में इस्तीफे दिए हैं और इस्तीफे स्वीकार होने से पहले ही भाजपा में शामिल हुए हैं।

संजय राउत के भाई के खिलाफ ईडी का बड़ा ऐक्शन, 73 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

मुंबई, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत के भाई प्रवीण राउत की 73.62 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। पात्रा चॉल पुनर्विकास मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की है। यह मामला मेसर्स गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (जीएसीपीएल) की ओर से मुंबई के गोरेगांव में पात्रा चॉल परियोजना के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से संबंधित है।

कुर्क की गई संपत्तियों में आरोपी प्रवीण राउत और उनके करीबी सहयोगियों के पालघर, दापोली, रायगढ़, ठाणे और उसके आसपास के कई भूमि पार्सल शामिल हैं। आर्थिक अपराध शाखा, मुंबई ने महाराष्ट्र गृहनर्माण व क्षेत्रविकास प्राधिकरण (म्हाडा) के अभियंता की ओर से दायर शिकायत के आधार पर मेसर्स जीएसीपीएल, राकेश कुमार वाधवान, सारंग कुमार वाधवान और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

साथ ही 11 दिसंबर 2020 को इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसी प्राथमिकी और आरोप पत्र के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि मेसर्स जीएसीपीएल, जिसे 672 किरायेदारों के पुनर्वास के लिए पात्रा चॉल परियोजना के पुनर्विकास का काम सौंपा गया था, महत्वपूर्ण वित्तीय कदाचार में

शामिल रही है।

सोसायटी, म्हाडा और जीएसीपीएल के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे, जिसमें डेवलपर (जीएसीपीएल) को 672 किरायेदारों को फ्लैट प्रदान करना था, म्हाडा के लिए फ्लैट विकसित करना था और उसके बाद शेष भूमि क्षेत्र को बेचना था। मेसर्स जीएसीपीएल के निदेशकों ने म्हाडा को गुमराह किया और 672 विस्थापित किरायेदारों के पुनर्वास हिस्से और म्हाडा (महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) के लिए फ्लैटों का निर्माण किए बिना नौ डेवलपर्स के साथ धोखाधड़ी करके करीब 901.79 करोड़ रुपये में फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) बेचने में कामयाब रहे।

15 दिन में 40 प्रदर्शन, उम्मीदवारों को गांवों में जाने से रोका; पंजाब में किसानों से कैसे पार पाएगी बीजेपी

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रचार करने में मुश्किलें पेश आ रही हैं। खासतौर से ग्रामीण हिस्सों में, जहां विभिन्न किसान संगठनों ने राज्य में केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों को आने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। बीजेपी अब तक पंजाब की 13 सीटों में से 9 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। मालूम हो कि यहां कि सभी सीटों पर सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। अगर बीते 15 दिनों की बात करें तो यहां भाजपा उम्मीदवारों को विभिन्न किसान समूहों के करीब 40 विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने न केवल बीजेपी विरोधी नारे लगाए और काले झंडे दिखाए, बल्कि कई मौकों पर उनके साथ धक्का-मुक्की भी हुई।

संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा उम्मीदवारों को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार करने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। पंजाब पुलिस की खुफिया शाखा के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा 15 विरोध प्रदर्शन फरीदकोट निर्वाचन क्षेत्र में हुए हैं। यहां से भाजपा ने हंसराज हंस को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने 4 अप्रैल को अपना प्रचार अभियान शुरू किया। इसके बाद से गायक-राजनेता को लगभग हर दिन किसान संघों के

विरोध का सामना करना पड़ा है। पिछले बुधवार को अरैनवाला गांव में उत्तर पश्चिम दिल्ली के निवर्तमान सांसद हंसराज को किसानों ने रैली स्थल तक पहुंचने से रोक दिया। ऐसी स्थिति में एक एसपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में बड़ी पुलिस इकाई को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान 25 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

कांग्रेस के 3 पूर्व नेताओं को वाय कैटेगरी की सुरक्षा : इस बीच, पंजाब कांग्रेस के 3 पूर्व नेताओं को केंद्र सरकार ने वाय कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा मुहैया कराई है जिसके तहत इनकी सुरक्षा में अर्द्धसैनिक बलों के कमांडो तैनात रहेंगे। इन तीन नेताओं में से 2 भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि विक्रमजीत सिंह चौधरी, उनकी मां करमजीत कौर चौधरी और तजिंदर सिंह बिट्टू को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा खतरे का पता चला। इसे देखते हुए वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। करमजीत कौर और बिट्टू हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को गृह मंत्रालय की ओर से सुरक्षा कवर प्रदान करने का निर्देश दिया गया। फिल्लौर से विधायक विक्रमजीत सिंह चौधरी को हाल ही में कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में निलंबित कर दिया था।

सात्विक प्रो० प्रा० लि० कोलकता, पं० बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।